जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-232 ▶ मुंबई, शुक्रवार, 21 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य




पहले ही दौर में हारकर बाहर हुईं पीवी सिंधु ...पेज 11






# छत्तीसगढ़ : 30 नक्सली ढेर

## ऑटोमेटिक हथियार व गोला-बारूद बरामद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इस मौके पर गृहमंत्री ने कहा, अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के गंगालूर पीएस लीमिट के पास बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गुरुवार सुबह सात बजे से ही मुठभेड़ जारी थी। गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों की मिली इस बड़ी कामयाबी के मौके पर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए।

### 2026 तक भारत नक्सल मुक्त : अमित शाह

मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

### जवानों का ऑपरेशन सफल

राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा बीजापुर, दंतेवाड़ा के गंगलूर में सुबह से मुठभेड़ चल रही है। 30 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एक जवान नक्सल मुठभेड़ में शहीद हो गया है। उन्होंने शहीद जवान के परिवार के प्रति संवेदना जताई और कहा, छत्तीसगढ़ की पूरी सरकार शहीद जवान के परिवार के साथ खड़ी है। जवानों की ताकत के बल पर बड़ा ऑपरेशन सफल हुआ है। बीजापुर नक्सलवाद का एक बड़ा क्षेत्र है। बीजापुर लाल आतंक से मुक्त होगा।

### मुठभेड़ में एक जवान शहीद

मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ 30 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। इसी के साथ इस मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी का एक जवान भी शहीद हो गया है। मुठभेड़ स्थल से एके 47, एसएलआर जैसे बड़े हथियार बरामद हुए हैं।

## गौ तस्करी पर महाराष्ट्र सरकार का कड़ा रुख

# मकोका के तहत होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

### विधान सभा में फडणवीस ने की घोषणा



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में गौ तस्करी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र विधानसभा में गुरुवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसको लेकर एक अहम घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गौ तस्करी के आरोपियों पर अब मकोका के तहत कार्रवाई की जाएगी। मकोका जैसे सख्त कानून से गौ तस्करी के आरोपियों को कड़ी सजा मिलेगी। अगर कोई आरोपी बार-बार गौ तस्करी के आरोप में पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार गौ तस्करी पर कड़ी नजर रख रही है। इस अपराध को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र में पिछले साल तत्कालीन एकनाथ शिंदे की सरकार में गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया गया था। शिंदे ने कहा था कि यह फैसला राज्य में देशी गाय की घटती संख्या को लेकर की गई है।

### मूर्तिकार राम सुतार को 'महाराष्ट्र भूषण'



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में ऐलान किया है कि 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का डिजाइन तैयार करने वाले 99 वर्षीय मूर्तिकार राम सुतार को राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'महाराष्ट्र भूषण' से सम्मानित किया जाएगा। महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार के तहत 25 लाख रुपए और एक स्मृति चिह्न से नवाजा जाता है। इस पुरस्कार के लिए 12 मार्च को मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। राम सुतार विशालकाय मूर्तियां बनाने के लिए प्रसिद्ध है। 'स्टैचू आफ यूनिटी' का निर्माण करने वाले शिल्पकार राम सुतार को भारत सरकार पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित कर चुकी है। राम सुतार जेजे स्कूल ऑफ ऑर्ट्स से पढ़ाई कर चुके हैं और आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के साथ मिलकर एलोरा गुफाओं से अपने काम की शुरुआत की।






## विपक्ष पर भड़के लोकसभा अध्यक्ष, कहा-

# मर्यादा और गरिमा से चलता है सदन



- विपक्षी सदस्यों ने पहनी थी नारे लिखी टी-शर्ट
- ऐसे आचरण से सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी : ओम बिड़ला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन की बैठक शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों को नारे लिखी टी-शर्ट पहन कर न आने को कहा। विपक्षी सदस्यों को हिदायत देते हुए उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा, 'सदन मर्यादा और गरिमा से चलता है। मैं कुछ दिनों से देख रहा हूं कि सदस्य गण सदन की गरिमा को भंग कर रहे हैं और सदन की नियम-प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं।' बिरला ने विपक्षी सदस्यों को आगाह करते हुए कहा,'अगर आप टी-शर्ट पहन कर सदन में आएंगे, नारे लगाते आएंगे, नारे लिखकर आएंगे तो सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। अगर आप टी-शर्ट नहीं पहन कर आएंगे, तभी सदन की कार्यवाही चलेगी। चाहे कोई भी बड़ा नेता हो, सदन की मर्यादा और परंपराओं का उल्लंघन करेगा तो लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते उसे बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है।'

## नागपुर तीन दिन बाद हटा कर्फ्यू

# छह आरोपियों पर देशद्रोह का मामला दर्ज

### अब तक 84 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के मामले में मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज हुआ है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। पुलिस ने अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। 19 आरोपियों को 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। वहीं, तीन दिन बाद हिंसा प्रभावित सभी 9 इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है।



### बांग्लादेशी अकाउंट आया सामने

नागपुर साइबर सेल को जांच में पता चला कि उक्त अकाउंट को संचालित करने वाला शख्स बांग्लादेश का निवासी है और उसने बांग्लादेश से ही इस पोस्ट को शेयर किया था। जिसने नागपुर में बड़े पैमाने पर दंगे भड़काने की धमकी दी थी कि 'सोमवार के दंगे तो सिर्फ एक छोटी घटना थी और भविष्य में बड़े दंगे होंगे।'

### 140 अकाउंट में मिले आपत्तिजनक पोस्ट

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि नागपुर में भड़के दंगों के सिलसिले में 300 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट की जांच की गई है। इनमें से 140 अकाउंट में आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो पाए गए हैं। इन सभी के खिलाफ़ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। साइबर सेल ने अफवाह फैलाने और हिंसा भड़काने के मामले में 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है, साथ ही 10 एफआईआर की गई हैं।


NICE™ INSURANCE LANDMARK

विशेष सूचना !

एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री' में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।

★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड

41 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता



गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

9869050031 / 9869230444

www.niceinsure.com


## न्यूज BRIEF

### भाजपा नेता ने की आत्महत्या

**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के गुरेज से भाजपा के पूर्व विधायक फकीर मोहम्मद खान ने अपने घर में खुद को गोली मार ली। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि खान की मौत आत्महत्या से हुई। उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

### विधायकों की नहीं सुनते अधिकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली के अधिकारी विधानसभा सदस्यों (विधायक) के पत्रों, फोन कॉल या मेसेज का जवाब नहीं देते हैं। स्पीकर ने मुख्य सचिव से कहा कि वे प्रशासनिक सचिवों, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस, डीडीए आदि के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों को इस बारे में जागरूक करें।

### चार धाम यात्रा का पंजीकरण शुरू

**देहरादून।** चार धाम यात्रा 30 अप्रेल से शुरू होगी। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन गुरुवार को शुरू हो गए। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के हिमालयी मंदिरों और हेमकुंड साहिब के सिख तीर्थस्थल पर जाने के इच्छुक भक्त अब उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

# ओम प्रकाश माथुर 24 को मुंबई में



▶▶ राजस्थान ग्लोबल फोरम के कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**मुंबई।** राजस्थान ग्लोबल फोरम द्वारा सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम 24 मार्च को शाम 7.15 से बिड़ला मातुश्री सभागृह, बॉम्बे हॉस्पिटल के निकट, न्यू मरीन लाइन्स, मुंबई में आयोज्य है। इस कार्यक्रम में बतौर सम्माननीय अतिथि महाराष्ट्र के कौशल विकास, उद्यमिता एवं नवीनता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक विभाग के मंत्री आशीष शेलार एवं महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मोतीलाल ओसवाल, राकेश मेहता, प्रदीप राठौड़, शैलेश लोढ़ा, पृथ्वीराज कोठारी, राज के. पुरोहित, घनश्याम मोदी, मुकेश वर्धन, सीसी डांगी एवं दिलीप माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में दिग्गज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में सभी आयोजक जोरशोर से लगे हुए हैं।

## भ्रष्टाचार पर योगी का बड़ा एक्शन

# आईएएस अभिषेक निलंबित, एफआईआर दर्ज



▶▶ इन्वेस्ट यूपी के सीईओ व लखनऊ के डीएम रहे

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा एक्शन लिया है। सीनियर आईएएस अभिषेक प्रकाश को सीएम योगी ने सस्पेंड कर दिया। डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण में गड़बड़ी के आरोपों के बाद यह फैसला लिया गया। औद्योगिक विकास विभाग के सचिव और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश 2006 बैच के आईएएस अफसर हैं। लखनऊ डिफेंस एक्सपो जमीन घोटाले में भ्रष्टाचार और फर्जी दस्तावेजों के आरोप सामने आए हैं। यह मामला भटगांव में डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण से जुड़ा है। मुआवजे के नाम पर अनियमितताओं के चलते तत्कालीन डीएम लखनऊ, आईएएस अभिषेक प्रकाश को निलंबित किया गया। उद्यमी की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वे लखीमपुर खीरी, बरेली, हमीरपुर व लखनऊ के डीएम रह चुके हैं। स्पेशल सेक्रेटरी होम डिपार्टमेंट, मेरठ में एमडी वेस्टर्न इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट, डायरेक्टर नेडा, स्पेशल सेक्रेटरी यूपी मेडिकल, हेल्थ एंड फैमली वेलफेयर डिपार्टमेंट रह चुके हैं।

### सीबीसीआईडी अब कहलाएगी सीआईडी

- योगी सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने सीबीसीआईडी का नाम बदल दिया है। सीबीसीआईडी को सीआईडी कर दिया गया है। अपराध अनुसंधान प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सरल बनाने के चलते यूपी सरकार ने यह फैसला लिया है। यूपी सरकार के गृह विभाग ने इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया है। सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अब से सीबीसीआईडी को सीआईडी के नाम से जाना जाएगा।

### आक्रांता का महिमामंडन है देशद्रोह

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी आक्रांता का महिमामंडन करने का मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना है, स्वतंत्र भारत किसी देशद्रोही को स्वीकार नही कर सकता, जो भारत के महापुरुषों को अपमानित करता हो, उन आक्रांताओं का महिमामंडन करता हो, जिन्होंने भारत की सनातन संस्कृति को रौंदने का काम किया था, हमारी आस्था पर प्रहार किया था, उसे आज का नया भारत कतई स्वीकार नही कर सकता।

# पीएम मोदी का 30 को नागपुर दौरा



▶▶ मोहन भागवत के साथ आएंगे नजर


**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवग संघ यानी कि RSS के मुख्यालय का दौरा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दौरे पर सियासी पंडितों की नजर बनी हुई है। बता दें कि उनकी नागपुर यात्रा हिंदू नववर्ष के पहले दिन यानी कि 30 मार्च को निर्धारित है। पीएम मोदी 30 मार्च को ही नागपुर में आरएसएस समर्थित पहल माधव नेत्रालय के भूमि पूजन में शामिल होने वाले हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी रेशम बाग स्थित आरएसएस के हेडगेवार स्मृति भवन भी जा सकते हैं, और साथ ही उनके दीक्षाभूमि भी पहुंचने की उम्मीद है। माधव नेत्र चिकित्सालय के भूमि पूजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बादआरएसएस चीफ मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार एक मंच पर दिखाई देंगे। RSS का हेडगेवार स्मृति भवन, संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार का समाधि स्थल है तो दीक्षाभूमि वह जगह है जहां पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दीक्षा ली थी।

# यूट्यूब देख युवक ने किया अपना ऑपरेशन

**मथुरा।** वृंदावन में पेट दर्द से पीड़ित युवक ने यूट्यूब से देखकर खुद ही अपना ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के लिए वो मेडिकल से सुन्न करने का इंजेक्शन, ब्लेड और अन्य सामान लेकर आया। ऑपरेशन करने के बाद उसने पेट में 11 टांके भी लगाए। जब उसकी हालत बिगड़ी, तो वो दर्द से चीखने लगा। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। राहुल ठाकुर ने बताया कि सुनरख निवासी चाचा राजा बाबू (32) पुत्र कन्हैया ठाकुर कई दिनों से पेट दर्द से परेशान थे। वह कई बार डॉक्टरों से इलाज करा चुके थे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। 18 साल पहले उनका अपेंडिक्स का ऑपरेशन हो चुका था, जिसके बाद से उन्हें बार-बार पेट दर्द की शिकायत रहती थी।

### सुन्न कर चीर लिया पेट

लगातार दर्द से तंग आकर उन्होंने खुद ही अपना ऑपरेशन करने की ठान ली। राजा बाबू ने डॉक्टरों की तरह इंजेक्शन लगाकर खुद को सुन्न किया। इसके बाद सर्जिकल ब्लेड से अपना पेट चीर दिया। शुरुआत में दर्द का एहसास नहीं हुआ, लेकिन जैसे ही दवा का असर खत्म हुआ वह तड़पने लगा। इस दौरान उसने पेट में 11 टांके भी लगा लिए। फिर भी दर्द से राहत नहीं मिली।



▶▶ सर्जरी कर लगाए 11 टांके
▶▶ फिर पहुंचा अस्पताल

# टोल पर नहीं लगेगी लाइन

## सालाना पास सिस्टम लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स के लिए फास्टैग की व्यवस्था लागू होने के बाद भी लंबी लाइनें देखी जाती हैं। अब इस समस्या से निजात के लिए केंद्र सरकार सालाना पास बनाने पर विचार कर रही है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों का समय बचेगा और बेवजह उन्हें लंबी लाइनों में नहीं खड़ा होना होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर हमले सैटलाइट आधारित बैरियर फ्री टोल व्यवस्था लागू करना शुरू किया है। अभी यह पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू है। यदि यह योजना कामयाब रही तो इसे भविष्य में विस्तार देने पर बात होगी।




### और सेटेलाइट की पड़ेगी जरूरत

- गडकरी ने कहा कि देश के 325 नेशनल हाईवेज पर अडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सैटलाइट आधारित टोल व्यवस्था की ओर बढ़ने की कोशिश है, लेकिन उसमें समय लगेगा। इसकी वजह यह है कि इसके लिए अतिरिक्त सैटेलाइट की जरूरत होगी।

### शुरू हुई एडवांस टोल व्यवस्था

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी घरौंदा, चोरयासी, नेमिली और द्वारका एक्सप्रेसवे पर अडवांस टोल व्यवस्था लागू हुई है। यहां पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन लागू है। इससे लोगों को बिना रुके ही टोल से निकलने की सुविधा मिल रही है और फीस भी कट पा रही है। उन्होंने कहा कि हाईवेज पर जो टोल फीस ली जाती है, उसकी जानकारी प्लाजा पर विस्तार से दी गई है। इसके अलावा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर भी यूजर फीस की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि फीस में इजाफा होता है या अन्य कोई बदलाव किया जाता है तो उसके बारे में अखबारों तक में प्रकाशन के जरिए जानकारी दी जाती है।

# 'एक्स' ने किया भारत सरकार पर मुकदमा

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी एक्स कॉर्प ने कर्नाटक हाईकोर्ट में भारत सरकार के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने भारत सरकार के आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) पर सवाल उठाए हैं। कंपनी का कहना है कि यह नियम एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है। इस धारा में बताया गया है कि किन परिस्थितियों में सरकार को इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार होता है। कंटेंट हटाने के लिए लिखित में कारण बताना आवश्यक है और फैसला लेने से पहले उचित सुनवाई की व्यवस्था करनी होती है। इसे कानूनी रूप से चुनौती देने का अधिकार भी होना चाहिए। एक्स ने कहा है कि भारत सरकार ने इन सब में से किसी भी नियम का इस्तेमाल नहीं किया है। याचिका में कहा गया है कि सरकार धारा 79(3)(बी) की गलत व्याख्या कर रही है और ऐसे आदेश दे रही है, जो धारा 69ए के नियमों का पालन नहीं करते। इस धारा में बताया गया है कि सरकार किन परिस्थितियों में इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक कर सकती है।

# राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान, 49 रेलकर्मी सम्मानित



**रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित**

**सभी साथ मिलकर हिंदी के प्रयोग और प्रसार के लिए सार्थक प्रयास करें – सतीश कुमार**

**मुंबई/नई दिल्ली।** रेल भवन में 20 मार्च को 154वीं रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सब साथ मिलकर हिंदी के प्रयोग और प्रसार के लिए, जब सार्थक प्रयास करेंगे तभी हम देश के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच पाएंगे। भारतीय रेल में राजभाषा के नियमों का पालन अच्छे तरीके से किया जा रहा है, जो खुशी की बात है। हम सबको इसी तरह हिंदी के प्रयोग और प्रसार के लिए काम करते रहना है। रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात् राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्रीय रेलवे, मंडल, उत्पादन इकाइयों और अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। सबसे पहले पूर्व मध्य रेल को 'रेल मंत्री राजभाषा शील्ड' प्रदान की गई।

## 'रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी' उत्तर रेलवे को

इस श्रेणी में उत्तर रेलवे को 'रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी' प्रदान की गई। 'आदर्श उत्पादन इकाई' श्रेणी में बनारस रेल इंजन कारखाना को प्रथम और आरडीएसओ लखनऊ को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मंडल श्रेणी में रतलाम मंडल को 'आचार्य महावीर प्रसाद रनिंग शील्ड' दिया गया। रेल स्प्रिंग कारखाना, उत्तर मध्य रेल को आदर्श स्टेशन/कारखाना श्रेणी में 'रेल मंत्री राजभाषा शील्ड' दिया गया। 'ग' क्षेत्र में दक्षिण मध्य रेल को प्रथम और दक्षिण पश्चिम रेलवे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि आदर्श उत्पादन इकाइयों में रेल पहिया कारखाना बेंगलुरु और चितरंजन रेल इंजन कारखाना को पुरस्कृत किया गया। आदर्श मॉडल का 'आचार्य रघुवीर रनिंग शील्ड' विजयवाड़ा मंडल को दिया गया, जबकि माल डिब्बा कारखाना गुंटुपल्ली को 'रेल मंत्री राजभाषा शिल्ड' दिया गया। आदर्श उपक्रम का 'रेल मंत्री राजभाषा रनिंग ट्राफी' रेलटेल दिल्ली को तथा आदर्श केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान का 'रेल मंत्री राजभाषा रनिंग ट्राफी' भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी वड़ोदरा को दिया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता को 'कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक' दिया गया। साथ ही, अमित कुमार अग्रवाल (पूर्व मध्य रेल), कल्याण पटनायक (पूर्व तट रेल), रविलेश कुमार (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे), संजीव तिवारी (पश्चिम मध्य रेल), अभय कुमार गुप्ता (दक्षिण मध्य रेल), डॉक्टर प्रणय प्रभाकर (उत्तर पश्चिम रेल), मुदित चंद्र (उत्तर मध्य रेल), संतोष कुमार वर्मा (दक्षिण पश्चिम रेलवे), पी श्रीनिवास (दक्षिण रेलवे), अशफाक अहमद (पश्चिम रेलवे), संजय यादव (पूर्वोत्तर रेलवे), रेनू शर्मा (मध्य रेल), राजेश कुमार (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे), अशोक कुमार सूर्यवंशी (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे), बलबीर सिंह (उत्तर रेलवे) और सौमित्र मजूमदार (पूर्व रेलवे) को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक प्रदान किया गया।



### उत्पादन इकाइयों और प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारी सम्मानित

इस अवसर पर उत्पादन इकाइयों और प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया जिनमें बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रमोद कुमार चौधरी, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन लखनऊ के शरद कुमार जैन, केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के संजय कुमार सिंह नेगी, रेल पहिया कारखाना बेंगलुरु के राजेश पी खाड़े, सवारी डिब्बा कारखाने के शुभांशु शेखर मिश्रा, इरीसेन पुणे के आर.एन. गुप्ता, इरीन नासिक रोड के पीयूष गुप्ता, भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी के प्रमोद गुप्ता, चितरंजन रेल इंजन कारखाना के वीरेंद्र कुमार, रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला के अखिलेश मिश्रा, रेलटेल के संजय कुमार, कोंकण रेलवे के सत्येंद्र कुमार शुक्ला, आईआरसीसीटी के राजेश कुमार और रेलवे बोर्ड के मनोज कुमार राम के नाम शामिल रहे।

### 'रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता' में संघप्रिय गौतम प्रथम

इस अवसर पर 'रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता' के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इसमें राजपत्रित संवर्ग में रेलवे बोर्ड के संघप्रिय गौतम को प्रथम पुरस्कार और पश्चिम मध्य रेल के संजीव तिवारी को द्वितीय पुरस्कार मिला तथा अराजपत्रित संवर्ग में पूर्वोत्तर सीमा रेल के राकेश रमन को प्रथम पुरस्कार और पूर्व तट रेल के आशीष कुमार शाह को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

# पुराना विकास आराखड़ा रद्द कर नए की तैयारी के निर्देश : शिंदे

**दिसंबर 2018 को हुई थी जामखेड शहर के प्रारूप विकास आराखड़े की घोषणा**



**मुंबई।** जामखेड शहर के पुराने प्रारूप विकास आराखड़े (डीपी) को रद्द कर नए सर्वेक्षण और निरीक्षण के आधार पर नया विकास आराखड़ा तैयार किया जाएगा। यह निर्देश उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे ने विधान भवन में आयोजित बैठक के दौरान दिए। यह बैठक विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे की अध्यक्षता में हुई। इसमें विधायक सत्यजीत तांबे, नगर विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव असीमकुमार गुप्ता, नगर रचना निदेशक डॉ. प्रतिभा भदाणे, और जामखेड के अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### 614 आपत्तियां और नए आराखड़े की आवश्यकता

जामखेड शहर के प्रारूप विकास आराखड़े की घोषणा 26 दिसंबर 2018 को हुई थी। इसके बाद सर्वेक्षण किया गया और नागरिकों से आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित किए गए। इस आराखड़े पर कुल 614 आपत्तियां प्राप्त हुईं। नागरिकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए प्रो. राम शिंदे ने इस बैठक का आयोजन किया।

### रिंगरोड और सड़कों के नए नियोजन की जरूरत

सभापति प्रो. शिंदे ने कहा कि जामखेड शहर तेजी से विकसित हो रहा है, जिससे पुराना विकास आराखड़ा अप्रासंगिक हो गया है। पहले के आराखड़े में रिंगरोड और अन्य सड़कें शहर से बाहर थीं, लेकिन अब वे शहर के भीतर आ चुकी हैं। इसलिए सड़कों के चौड़ीकरण और आधारभूत संरचना की पुनर्रचना की आवश्यकता है।

### नए विकास आराखड़े में पारदर्शिता अनिवार्य

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने स्पष्ट किया कि पुराने आराखड़े की त्रुटियों को सुधारकर ही नया विकास आराखड़ा तैयार किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस प्रक्रिया में किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं होगा। नया आराखड़ा बनाने से पहले सभी आपत्तियों और सुझावों का गहन अध्ययन किया जाएगा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। इस बैठक में जामखेड नगर परिषद के मुख्य अधिकारी अजय सालवे और सहायक नगर रचना निदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में सहमति बनी कि नया विकास आराखड़ा जामखेड के शहरीकरण को सही दिशा प्रदान करेगा।

## निविदा के अनुसार ही रखी जाएगी मुलुंड-गोरेगांव सड़क की चौड़ाई : उदय सामंत

**मुंबई।** मुलुंड-गोरेगांव लिंक रोड के निर्माण कार्य से इस क्षेत्र में यातायात सुगम होगा। मनपा द्वारा इस सड़क के कंक्रीटीकरण कार्य की निविदा भी जारी की गई है। इस सड़क का कार्य 18.30 मीटर की नियोजित योजना के अनुरूप ही किया जाएगा। यह जानकारी उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर में दी। मुलुंड-गोरेगांव लिंक रोड की चौड़ाई को लेकर सदस्य मिहिर कोटेचा ने ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने इस बाबत विस्तार पूर्वक बताया कि यदि सड़क की चौड़ाई निविदा की शर्तों के अनुरूप नहीं रखी जाती है, तो संबंधित अधिकारियों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस क्षेत्र में अवैध निर्माणों को हटाया जाएगा। इसके अलावा, अमर नगर से सोनापुर तक कबाड़ वाहनों के परिवहन के मुद्दे पर कार्रवाई की जाएगी। कबाड़ कारखानों और जलाई जाने वाली वायरिंग से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पर्यावरण विभाग को सूचित कर कार्रवाई की जाएगी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक:** WRSR-09-24-25-RSP-Door दिनांक: 17.03.2025 **कार्य का नाम:** BOXNHL वैगनों सहित BOXN वैगनों के सभी प्रकारों के दरवाजों को बंद करना/दरवाजों की ऊंचाई में कमी करने का कार्य। **मात्रा** - 1000 वैगन। **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्नक के अनुसार, 12 (बारह) माह की अवधि हेतु | **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,65,81,767.96 (रु. पाँच करोड़ पैंसठ लाख इक्यासी हजार सात सौ सड़सठ और छियानवे पैसे मात्र) 18% GST सहित | **बयाना राशि:** ₹ 4,32,900.00 (रु. चार लाख बत्तीस हजार नौ सौ मात्र), **निविदा दस्तावेज लागत:** ₹ 0.00 | **बिड प्रारंभ की तारीख:** दिनांक 25.03.2025 | **निविदा समाप्ति तिथि व समय:** दि. 08.04.2025 को 15:30 बजे | **पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है व देखा जा सकता है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, वैरिशा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**

PR/R/WRS/PC/271

South East Central Railway @secrail


## पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन



# 61 महिलाकर्मी सम्मानित

**पश्चिम रेलवे मुख्यालय, चर्चगेट में कार्यक्रम आयोजित**

**जगजीवन राम अस्पताल को दान की 12 चैनल ईसीजी मशीन**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (डब्लयुआरडब्लयुडब्लयुओ) की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती कमलेश बुटानी और सचिव श्रीमती मीता श्रीवास्तव ने 20 मार्च को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पश्चिम रेलवे की 61 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह का आयोजन पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन के कार्यकारी सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों, कारखानों और मुख्यालय के सभी विभागों की 61 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मेरिट सर्टिफिकेट और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती क्षमा मिश्र ने सभी पुरस्कार विजेता महिलाओं के काम की प्रशंसा की और उन्हें अन्य महिला रेलवे कर्मचारियों के लिए रोल मॉडल बताया। अभिषेक ने बताया कि पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहता है। इसी उद्देश्य से पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मिश्र ने रेलवे लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुंबई सेंट्रल स्थित पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल को 12 चैनल ईसीजी मशीन दान की।


**पनवेल महानगरपालिका, पनवेल**

**ई-निविदा सूचना**

पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील सिडको प्रधिकरणामार्फत हस्तांतरीत नवीन पनवेल (पू. व प.) नोडमधील आरक्षित दैनिक बाजारातील दुकाने/ स्टॉलधार क यांच्याकडून दैनिक बैठक शुल्क वसुल करणेकामी संस्थेची निवड करणेक रीता जाहिर ई-निविदा पनवेल महानगरपालिका, पनवेल यांचेकडून मागविणेत येत आहेत. या कामासंबंधीचा सविस्तर तपशील तपशील https://mahaternders.gov.in या वेबसाईट वर उपलब्ध आहे. संबंधित निविदाधारक यांनी त्याची नोंद घ्यावी.

पमपा/माव्य/2425/प्र.क्र.03/180 /2025 सही/-

दिनांक : 20/03/2025 अतिरिक्त आयुक्त (I)

पनवेल महानगरपालिका


### वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 20902)

# 23 से आणंद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव



**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा के लिए 23 मार्च से प्रतिष्ठित ट्रेन संख्या 20901/20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को आणंद स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जा रहा है। यह बताना उचित होगा कि आणंद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव के कारण मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद स्टेशनों पर ट्रेन संख्या 20902 के समय में परिवर्तन होगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार 23 मार्च से ट्रेन संख्या 20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस आणंद स्टेशन पर 10.38 बजे पहुंचेगी और 10.40 बजे प्रस्थान करेगी। अन्य स्टेशनों पर समय में कोई बदलाव नहीं होगा। वापसी की दिशा में, ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर केपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस आणंद स्टेशन पर 15.30 बजे पहुंचेगी और 15.32 बजे प्रस्थान करेगी। अतिरिक्त ठहराव के कारण अहमदाबाद स्टेशन पर ट्रेन के समय में संशोधन किया गया है। यह ट्रेन अब अहमदाबाद स्टेशन पर 14.50/15.00 बजे के बजाय 14.45/14.55 बजे आगमन/प्रस्थान करेगी। साथ ही, यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर 20:25 बजे के बजाय 20:30 बजे पहुंचेगी।

## कल से बंद रहेंगी एफओबी की सेकेंडरी सीढ़ियां

**नालासोपारा।** नालसोपारा स्टेशन पर डेक के प्रावधान और फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के विस्तार के कार्य के कारण प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर डबल डिस्चार्ज एफओबी की सेकेंडरी सीढ़ियाँ 22 मार्च 2025 से बंद रहेंगी। उल्लेखनीय है कि इस अवधि के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य सीढ़ियाँ उपलब्ध रहेंगी।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अहमदाबाद मंडल प्रथम

**बेस्ट स्पोर्टिंग एक्टर्स अवॉर्ड अंकिता हीरे को**

**अंतर रेलवे सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता महोत्सव प्रयागराज में आयोजित**



**अहमदाबाद।** हाल ही में अंतर रेलवे सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता महोत्सव का आयोजन प्रयागराज में किया गया था। जिसमें पूरे भारतीय रेलवे के क्षेत्रीय एवं इकाइयों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में हमारे अहमदाबाद मंडल ने पश्चिम रेलवे का प्रतिनिधित्व किया था।

हमारे मंडल के लिए ये बड़ी गर्व की बात है कि इस प्रतियोगिता में कु. अंकिता हीरे, सहायक लोको पायलट-गांधीधाम को 'सबसे अच्छी सह नायिका' (बेस्ट स्पोर्टिंग एक्टर्स) का अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। इससे पहले अहमदाबाद मंडल की सांस्कृतिक टीम ने पश्चिम रेलवे में अंतर मंडल सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

इसके साथ ही अहमदाबाद मंडल ने बेस्ट डायरेकटर-श्रीमती चारुलता टाले, मु.क.क.नि., बेस्ट एक्ट्रेस-श्रीमती कुसुम चौबे, ए.एल.पी./अहमदाबाद, बेस्ट बेकग्राउंड साउंड-अनूप कुमार,पी.पी-साबरमती एवं श्री मनी के, एम.सी.एफ-साबरमती एवं बेस्ट एक्ट्रेस ज्यूरी कु.अंकिता हीरे, सहायक लोको पायलट-गांधीधाम का अवार्ड भी प्राप्त किया था। 19 मार्च को मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने सभी कलाकारों को बुलाकर उनसे मुलाकात की एवं सभी का उत्साह बढ़ाया औ उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# जालना में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की होगी गहन जांच : बावनकुले

**अर्जुन खोतकर ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया था ध्यानाकर्षण प्रस्ताव**



**मुंबई।** जालना शहर के पास सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में उपलब्ध पाठक समिति की रिपोर्ट प्राप्त कर जांच की जाएगी। इस रिपोर्ट में दी गई वस्तुनिष्ठ जानकारी के आधार पर इस मामले की गहन जांच की जाएगी, ऐसा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधानसभा में कहा। सदस्य अर्जुन खोतकर ने जालना शहर के पास सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण से जुड़ा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। मंत्री बावनकुले ने बताया कि इस क्षेत्र की जमीनों के लेन-देन में कई जटिलताएँ उत्पन्न हो गई हैं, जिसके कारण उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार पाठक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट माननीय न्यायालय में पेश कर दी है। विभागीय आयुक्त को यह रिपोर्ट माननीय न्यायालय से प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। जब तक इस मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक इस क्षेत्र में बची हुई जमीनों की खरीद-बिक्री पर अस्थायी रोक लगाई गई है। साथ ही, नए लेआउट विकास और भूमि पंजीकरण प्रक्रियाओं पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

मंत्री बावनकुले ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार इन जमीनों पर बने घरों को सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि, अगर किसी ने धोखाधड़ी की है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन नागरिकों ने वैध रूप से घर खरीदे हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# महाराष्ट्र में नदी पुनरुज्जीवन के लिए महत्वाकांक्षी योजना : पंकजा मुंडे

**गुणवत्तापूर्ण कार्यों के माध्यम से नदियों के संरक्षण और पुनरुद्धार**



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार राज्य की नदियों को प्रदूषणमुक्त करने और पुनरुज्जीवन के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना लाने जा रही है। इस योजना के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण कार्यों के माध्यम से नदियों के संरक्षण और पुनरुद्धार पर ध्यान दिया जाएगा। यह घोषणा पर्यावरण एवं वातावरण बदलाव मंत्री पंकजा मुंडे ने विधान परिषद में की। यह चर्चा सदस्य उमा खापरे द्वारा उठाई गई।

### योजना के मुख्य बिंदु

नगरपालिकाओं, महानगरपालिकाओं और नगर परिषदों के साथ बैठकें आयोजित कर इस मुद्दे पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों की जांच कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूरा हुआ कार्य थर्ड पार्टी ऑडिट के माध्यम से परखा जाएगा। राज्य की नदियों का संरक्षण और प्रदूषण कम करने के लिए प्रभावी उपाय लागू किए जाएंगे।

### तकनीक और नीति क्रियान्वयन

पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर कठोर दंड लगाया जाएगा। पर्यावरण सुधार के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। केंद्र सरकार की "नमामि गंगे" योजना को तेजी से लागू कर महाराष्ट्र की नदियों के संरक्षण और पुनरुद्धार को प्राथमिकता दी जाएगी। 2027 में नासिक में होने वाले कुंभ मेले के लिए गोदावरी नदी को स्वच्छ करने में पर्यावरण विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।विशेष


**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**निविदा हेतु अनुरोध - MRVC/W/303-R**

**(एक चरण दो लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, **"मध्य रेलवे के कल्याण-बदलापुर सेक्शन (15 रूट किमी) के बीच तीसरी और चौथी लाइन के लिए 40/56 एमवीए एसी ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर, 2 एसपी और संबंधित कार्यों के साथ 1X25 केवी 110/25 केवी टीएसएस का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग"** हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट www.ireps.gov.in पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.04.2025, दोपहर 03.00 बजे तक है। **शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।**

**उत्तर मध्य रेलवे**

No.Dy.CE/GSU/AGC/Tenders दिनांक: 19.03.2025

**ई-निविदा सूचना सं. DYCE-GS-AGC-2025-04 dated 19.03.2025**

उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु E-TENDER द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र. सं.: 1 टेंडर संख्या:** DYCE-GS-AGC-2025-05, **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि:** मथुरा-पलवल रेल खंड पर रूंधी स्टेशन पर लूप लाइन डालने के संबंध में सिविल कार्य जैसे फॉर्मेशन का निर्माण, छोटे पुलों का विस्तार आदि।

| | |
|---|---|
| **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 49.89 Lacs | **बिड सिक्योरिटी:** ₹ 99,800.00 |

**क्र. सं.: 2 टेंडर संख्या:** DYCE-GS-AGC-2025-06, **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि:** मथुरा-पलवल रेल खंड पर रूंधी स्टेशन पर लूप लाइन के संबंध में पी-वे का कार्य।

| | |
|---|---|
| **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 48.81 Lacs | **बिड सिक्योरिटी:** ₹ 97,600.00 |

**टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समय: क्र.सं. 1 एवं 2 के लिये-** दिनांक 17.04.2025 को 15:00 बजे तक टेंडर डाल सकते हैं।, **पूर्णता अवधि: क्र.सं. 1 एवं 2 के लिये-** 06 माह

पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की बेवसाइट www.ireps.gov.in देखें। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.04.2025 तक डाल सकते हैं। 508/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नाम:** बीना-झाँसी सेक्शन: टीएसआर (पी) ऑफ़ 4 किमी. इन ललितपुर यार्ड बाय मैन्युअल मीन्स अंडर एडीईएन ललितपुर सब-डिवीज़न।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-सी-2025-43 | ₹ 13027740.25 | ₹ 215100.00 |

**निविदा बंद होने की तिथि: 17.04.2025 at 15.00 hrs. स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 06 माह। • निविदा दिनांक 17.04.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 511/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 15020242025** **निविदा सूचना** **दिनांक: 18.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज** निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नाम:** DEN/E/PRYJ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वनीकरण और हरित क्षेत्र का विकास।

| ई-निविदा सूचना सं. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|
| 15020242025-293 | ₹ 2,03,79,999.00 | ₹ 2,51,900.00 | 12 माह |

**कार्य का नाम:** सूबेदारगंज-महाकुंभ मेला यात्रियों के लिए सूबेदारगंज में यात्री आश्रय की आवश्यकता।

| ई-निविदा सूचना सं. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|
| 15020242025-294 | ₹ 1,78,70,269.71 | ₹ 2,39,400.00 | 06 माह |

**उपरोक्त दोनों निविदाओं हेतु निविदा बंद होने की तिथि: 11.04.2025** को **12.00** बजे, **कार्य की प्रकृति:** क्र.सं.1 के लिए- बागवानी कार्य एवं क्र.सं.2 के लिए- कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य, **नोट:- 1.** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 503/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



# प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को 31 तक मिलेगा मुआवजा : कोकाटे

**प्राकृतिक आपदा के कारण 25% से अधिक फसल क्षेत्र हुआ प्रभावित**

**मुंबई।** राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की योजना 100-दिवसीय कार्ययोजना में शामिल की है। इसके तहत, फसल हानि के मुआवजे की राशि किसानों को 31 मार्च तक वितरित की जाएगी, ऐसा कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर में कहा। परभणी जिले सहित मराठवाड़ा के किसानों को फसल बीमा राशि दिलाने के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। इस चर्चा में सदस्य राहुल पाटिल ने भी भाग लिया। राज्य सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है, यह आश्वासन देते हुए मंत्री कोकाटे ने बताया कि प्राकृतिक आपदा, अनियमित वर्षा और बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मंत्री कोकाटे ने बताया कि परभणी जिले में खरीफ 2024 के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में 7,63,062 किसानों ने 5,23,858 हेक्टेर क्षेत्र का बीमा कराया। प्राकृतिक आपदा के कारण 25% से अधिक फसल क्षेत्र प्रभावित हुआ। इस कारण परभणी जिलाधिकारी ने प्रभावित किसानों को 25% अग्रिम मुआवजा देने के लिए अधिसूचना जारी की। खरीफ 2024 के लिए, परभणी जिले में 426.55 करोड़ की अंतिम मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है, जो प्राकृतिक आपदा, प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों और कटाई उपरांत फसल हानि की भरपाई करेगी। मराठवाड़ा के सभी जिलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 1,734.26 करोड़ मुआवजा मंजूर किया गया है।

### न्यू ऑरेंजसिटी को-ऑप सोसाइटी वित्तीय घोटाला

# जांच के लिए लेखा परीक्षक नियुक्त : पाटील



**मुंबई।** नागपुर जिले की न्यू ऑरेंजसिटी अर्बन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी मर्या. में ठेवीदारों की जमा राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाई गई है। यह वित्तीय अनियमितता संस्था के अध्यक्ष द्वारा की गई, जिसका खुलासा 2021-22 के लेखापरीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट में हुआ है। इस मामले की गहन जांच के लिए विशेष लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है, और 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, ऐसा सहकार मंत्री बाबासाहेब पाटील ने विधानसभा के प्रश्नोत्तर सत्र में जानकारी दी। विधायक प्रशांत ठाकुर ने यह मुद्दा उठाया, जिस पर विधायक योगेश सागर, नितिन राऊत और प्रकाश सोळंके ने भी चर्चा की। सहकार मंत्री पाटील ने बताया कि 2021-22 के ऑडिट रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से यह सामने आया कि सोसायटी के अध्यक्ष ने ठेवीदारों की जमा राशि का दुरुपयोग किया।

इस मामले में जिला उपनिबंधक, नागपुर के आदेशानुसार 2022-23 के वित्तीय वर्ष के लिए विशेष लेखा परीक्षक की नियुक्ति की गई है। साथ ही, संस्था के 2017-18 से 2021-22 के वित्तीय लेन-देन की जांच के लिए एक विशेष ऑडिट भी शुरू किया गया है ताकि पिछली वित्तीय अनियमितताओं का भी पता लगाया जा सके। कई ठेवीदारों ने शिकायत की है कि उन्हें अपनी जमा राशि वापस नहीं मिल रही है। इस संबंध में सहायक निबंधक, सहकारी संस्था, काटोल को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 88 के तहत विस्तृत जांच की जा रही है, और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी, ऐसा सहकार मंत्री पाटील ने आश्वासन दिया।

# नेवी डॉकयार्ड पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम



▸▸ आईएनएस सूरत का किया दौरा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधान मंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और न्यूजीलैंड नौसेना के प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग ने गुरूवार को मुंबई के नौसेना शिपयार्ड का दौरा कर भारतीय नौसेना के नवीनतम और देश में ही निर्मित विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस सूरत के बारे में जानकारी ली। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गणमान्य व्यक्तियों को युद्धपोत के जटिल डिजाइन, अत्याधुनिक तकनीकों और दुर्जेय क्षमताओं के बारे में गहन जानकारी दी गई, जिससे राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की झलक मिली। इसी वर्ष 15 जनवरी को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया आईएनएस सूरत, भारतीय नौसेना का नवीनतम निर्देशित मिसाइल विध्वंसक है। मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स द्वारा निर्मित और भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया यह जहाज आत्मनिर्भर भारत का एक शानदार उदाहरण है और इसमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।

## उपमुख्यमंत्री शिंदे से मिले पीएम लक्सन

■ न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उनसे मुंबई के बदलते स्वरूप और चल रहे विकास कार्यों के बारे में उत्सुकता से जानकारी ली। राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने राजभवन में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के सम्मान में अपराह्न भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री लक्सन ने श्री शिंदे के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। श्री शिंदे ने मुंबई को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त बनाने और इस महानगर में आम लोगों को घर उपलब्ध कराने की योजनाओं के साथ ही देश के विकास इंजन मुंबई की आर्थिक क्षमता को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री यह जानने के लिए भी उत्सुक थे कि मुख्य रूप से डीप क्लीन जैसे अभियानों के माध्यम से मुंबई के अंदरूनी हिस्सों को कैसे साफ किया जा रहा है। श्री शिंदे ने उन्हें बताया कि कैसे मुंबई में तटीय सड़क, अटल सेतु ने यातायात व्यवस्था में सुधार किया है और कैसे मेट्रो दैनिक यात्री यातायात में सुधार कर रही है। पर्यावरण का मुद्दा महत्वपूर्ण है और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने इस संबंध में किए जा रहे

## द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी मजबूती

■ एचएमएनजेडएस ते काहा की यात्रा के हिस्से के रूप में सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिसमें क्रॉस-डेक दौरे, खेल कार्यक्रम व सामाजिक महत्व के कार्यक्रम शामिल हैं। अपने प्रस्थान के समय यह जहाज भारतीय नौसेना के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) में भाग लेगा, जिससे परिचालन समन्वय में वृद्धि होगी और समुद्री सहयोग के लिए साझा प्रतिबद्धता प्रदर्शित होगी।

## नौसैनिक गतिविधियों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

■ सीएन-आरएनजेडएन ने जहाज के दौरे के एक भाग के रूप में डब्लूएनसी के एफओसी-इन-सी से वीएडीएम संजय जे सिंह से भेंट की और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नौसैनिक गतिविधियों पर चर्चा की, जिसके बाद उन्हें कमांड की भूमिका पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। सीएन-आरएनजेडएन ने मुंबई के एनडी स्थित हेरिटेज हॉल का दौरा किया और अप्रैल 2025 में एचएमएनजेडएस ते काहा की आगामी यात्रा के लिए तकनीकी सहायता के संबंध में डॉकयार्ड के एडमिरल अधीक्षक के साथ चर्चा की। एडमिरल ने नई दिल्ली मुंबई स्थित गौरव स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कार्मिकों को श्रद्धांजलि दी।

# 86 साल की बुजुर्ग महिला से ठगे 20 करोड़ रुपए



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में रहने वाली 86 वर्षीय एक महिला ने 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी के दौरान दो महीने में 20 करोड़ रुपए से अधिक गंवा दिए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कि जालसाजों में से एक ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए खुद को 'सीबीआई अधिकारी' बताया था। पुलिस के अनुसार, 26 दिसंबर 2024 से इस साल तीन मार्च के बीच अंजाम दिए गए इस अपराध के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

▸▸ दो महीने तक रही 'डिजिटल अरेस्ट'

### हर तीन घंटे में लोकेशन जांचते थे

आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को दो महीने तक घर पर ही रहने को मजबूर किया और हर तीन घंटे में फोन कर प्रतिदिन उसकी लोकेशन जानते रहे। साइबर पुलिस ने उन बैंक खातों की पहचान करके महिला के 77 लाख रुपए के निकालने पर रोक लगाई, जिनमें पैसा ट्रांसफर किया गया था। इस महीने की शुरुआत में महिला द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, उसे एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद के सीबीआई अधिकारी होने का दावा किया और उसे बताया कि उसके 'आधार' कार्ड के जरिए एक बैंक खाता खोला गया है और उसका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा रहा है।

### ऐसे हुआ खुलासा

उस व्यक्ति ने महिला से कहा कि मामले की सीबीआई कर रहा है और उसे अपने कमरे में ही रहना चाहिए। उसने उसे 'डिजिटल गिरफ्तारी' की धमकी भी दी। उसने महिला के परिवार के सदस्यों को भी गिरफ्तार करने की धमकी दी। अपराधियों ने महिला को ऑनलाइन अपने चंगुल में फंसा लिया था। 26 दिसंबर से तीन मार्च तक बुजुर्ग महिला ने आरोपियों को 20 करोड़ से ज्यादा की रकम ट्रांसफर कर दी। इसे भारत का सबसे लंबा डिजिटल अरेस्ट स्कैम बताया जा रहा है। महिला के घर पर काम करने वाली एक घरेलू सहायिका ने उसके व्यवहार में बदलाव आने की जानकारी उसकी बेटी को दी। महिला केवल खाना खाने के लिए ही अपने कमरे से बाहर निकलती थी।

## सीआईएसएफ तटीय साइक्लोथॉन टीम का वसई में स्वागत

**नालासोपारा।** गुजरात के कच्छ स्थित लखपत किले से सात मार्च को शुरू हुई केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन बुधवार शाम छह बजे वसई पहुंची। साइक्लोथॉन टीम व उनके सहयोगियों का वसई फाटा स्थित गोल्डन चैरिट होटल में पेल्हार पुलिस स्टेशन की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मीरा भाईंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एडिशनल सीपी दत्तात्रय शिंदे, सीआईएसएफ के कमान्डेन्ट राजेश कुमार आर्या, डीसीपी जयंत बजबले, शेखर घाडगे, तहसीलदार अविनाश कोष्टी, सीनियर पीआई जितेंद्र वनकोटी, संजय हजारे आदि मौजूद थे। यह जागरूक कोस्टल साइक्लोथॉन गुजरात से शुरू हुई और कन्याकुमारी में समाप्त होगी। इसकी कुल दूरी 6553 तय करनी है। सीआईएसएफ का यह साइक्लोथॉन जागरुक अभियान एक अप्रेल तक चलेगा। जो नौ राज्यो से होते हुए कन्याकुमारी स्थित स्वामी विवेकानंद स्मारक में खत्म होगा। इस अभियान में 14 महिलाएं सहित सौ से अधिक साइक्लोथॉन शामिल है। यह भारत के समुद्र तट के साथ 6,553 किलोमीटर की दूरी तय करने वाला एक महत्वाकांक्षी साइकिल अभियान, सीआईएसएफ तटीय साइक्लोथॉन है।



## छत्रपति संभाजीनगर : आग से 20 दुकाने क्षतिग्रस्त

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**संभाजी नगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक बाजार में बृहस्पतिवार सुबह आग लगने से करीब 20 दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी।

अग्निशमन के एक अधिकारी ने बताया कि आजाद चौक इलाके के सेंट्रल नाका स्थित बाजार में सुबह करीब पांच बजे आग लगी। इस इलाके में फर्नीचर की कई दुकानें हैं। आग लगने से 20 दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। हमे सुबह करीब साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना मिली और दमकल के छह वाहनों को मौके पर भेजा गया। एमआईडीसी और 'गरवारे इंडस्ट्रीज' के कुछ दमकल वाहन भी आग बुझाने में मदद के लिए मौके पर पहुंचे।



■ **मुंबई।** नौ अप्रेल को आयोजित 'विश्व नवकार दिवस' के उपलक्ष में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद फडणवीस को 'जीतो एपेक्स' के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी ने निमंत्रण दिया और संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उपरोक्त विशाल समारोह (मुंबई) में आने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

■ फोटो : सुरेश भंसाली

भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा : सातवां दिव्यांग जैन संघ

## महातीर्थ दर्शनार्थ को आज रवाना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा के अध्यक्ष रमेश सी. जैन के नेतृत्व और संघ संयोजक धनपत बी. कांनुगो के मार्गदर्शन में भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा द्वारा आयोजित सातवां दिव्यांग जैन संघ मुंबई से मरुधर में सत्यपुर महातीर्थ एंव हाडेचानगर महातीर्थ के दर्शनार्थ हेतु 100 दिव्यांग जैन भाई बहन के साथ कार्यकर्ताओं सह 150 को यात्रियों का समूह मुंबई के बाद्रां टर्मिनस से 21 मार्च (शुक्रवार) दोपहर 12 बजे गरीब रथ ट्रेन से रवाना होगा। बाद्रां टर्मिनस से संघ को महाराष्ट्र प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) चेतन देडिया जैन झंडी दिखाकर संघ को रवाना करेंगे। पूर्व नगर सेविका श्रीमती ज्योत्सना मेहता भी साथ में जैन झंडी दिखाकर संघ को रवाना करेंगी। साचौर और हाडेचानगर में सौ दिव्यांगों का संघ पहली बार जा रहा है। शाखा के पदाधिकारीगण और संघ कमेटी के सदस्यगण के अथक प्रयास से संघ का संचालन सफलतापूर्वक चल रहा है। संघ के लिए आर्थिक सहयोग देने वाले लाभार्थी परिवारों का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी शाखा सचिव मंगलचंद सेठ ने दी।



## पांच साल बाद आई बेटी की याद : संजय राउत

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत की नए सिरे से जांच कराने की उनके पिता सतीश सालियान की मांग के बाद फिर से प्रदेश की सियासत गरमा गई है। आदित्य ठाकरे के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा कि पिता को पांच साल बाद बेटी की याद आई है, अब तक कहां थे, और उन्हें किसने रोका था। दिशा सालियान के मौत की जांच के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले पिता सतीश सालियान पर संजय राउत ने जमकर निशाना साधा। उन्होंने घटना के पांच साल बाद उनको अपनी बेटी के लिए सामने आए हैं।



■ भायंदर ईस्ट में दशा माता की कथा का श्रवण करती महिलाएं।

### शोक संदेश



**स्व. जोधाजी राजपुरोहित**
(स्वर्गवास : 19-03-2025)
निवास : तहसील भीनमाल (जालोर)
शोकाकुल : आखोनी परिवार

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- **9930850102** पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी, मुंबई

## बिड़ला महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद संपन्न




▸▸ विषय 'हिन्दी साहित्य में संस्कृति और राष्ट्रवाद'

**कल्याण।** बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी, मुंबई और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के संयुक्त तत्त्वावधान में 'हिन्दी साहित्य में संस्कृति और राष्ट्रवाद' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व प्रकुलगुरू एवं महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डा. नरेश चन्द्र, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष प्रो.शीतला प्रसाद दुबे, हिन्दी के श्रेष्ठ निबंधकार डा.श्रीराम परिहार,अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री ऋषिकुमार मिश्र, प्राचार्य डा. अविनाश पाटील,समीचीन के संपादक डा. सतीश पाण्डेय, उप प्राचार्य डा. हरीश दुबे एवं डा. महादेव यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के संयोजक डा. श्यामसुंदर पाण्डेय ने किया। इस आयोजन में मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, गोवा और मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों के विविध विश्विद्यालयों के प्राध्यापकों और शोधार्थियों की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र में डा. परिहार ने संस्कृति और राष्ट्र को व्याख्यायित करते हुए समाज के विकास में साहित्य की भूमिका पर सारगर्भित टिप्पणी की। डा.नरेश चन्द्र ने ऐसे आयोजनों को युवा पीढी में संस्कार और मानवता के भाव भरने के लिए सर्वोत्तम माध्यम बताया। प्राचार्य डा.अविनाश पाटील ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और डा. बालकवि सुरंजे ने परिचय प्रस्तुत किया। आयोजन का समापन सत्र में मुंबई विवि के कला संकाय के डीन डा. अनिल सिंह, एवं गुजरात केंद्रीय विवि के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव दुबे की विशेष उपस्थिति रही। इस आयोजन में डा. करुणाशंकर उपाध्याय, डा.शशिकला राय,डा.मनोज पाण्डेय,डा.अजित राय,सुश्रीसची नायक,डा.उषा मिश्र,डा. मिथिलेश शर्मा,डा. महात्मा पाण्डेय,डा.गजेन्द्र मीणा,डा.सत्यवती चौबे,डा.उषा दुबे, डा.संतोष मोटवानी,डा.ऋषिकेश मिश्र आदि विद्वानों के मंतव्य छात्रों के लिए विशेष प्रेरक रहे। आयोजन के प्रथम दिवस की सांध्य वेला में कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया जिसमें 32 कवियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रवीण देशमुख, संजय द्विवेदी, सत्यदेव विजय, कृति पाण्डेय, नंदा कोकाटे,अनुष्का एवं आर्ना मिश्रा, मदन उपाध्याय आदि कवियों की कविताएं सुनकर लोग झूम उठे। यह आयोजन डा. ग्रीष्म खोब्रागड़े, डा.मेघा देवले,डा. सीताराम म्हस्के, डा.मनीषा पाटील,विशाखा,अखिलेश और ज्योति, संतोष, ललित आदि प्राध्यापकों एवं छात्रों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।


जन्मदिन की हार्दिक बधाई



नाम : हनिष्का
पापा : संतोष भालेराव
मम्मी : उज्जवला भालेराव
अंबरनाथ पश्चिम



Government of India | pfrda | अटल पेंशन योजना

साठ वर्ष के बाद वृद्धावस्था में आय सुरक्षा और सम्मान के लिए

**7.50 करोड़**

अभिदाता अटल पेंशन योजना से जुड़े



"हमारी सरकार का लक्ष्य सभी भारतीय नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है ताकि वे सम्मान और खुशी का जीवन जी सकें"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



आज ही एपीवाई से जुड़ें और आजीवन गारंटीड पेंशन सहित दो अन्य लाभ भी उठाएं

1. 1000/- या 2000/- या 3000/- या 4000/- अथवा 5000/- रुपये प्रति माह तक आजीवन पेंशन की गारंटी
2. अभिदाता की मृत्यु के बाद पति या पत्नी को आजीवन समान पेंशन
3. पति/पत्नी की मृत्यु के पश्चात नामिति को 60 वर्ष की आयु तक संचित पेंशन राशि की वापसी

अगर आपकी उम्र 18 से 40 साल के बीच है तो आप **अटल पेंशन योजना** से जुड़ सकते हैं।

| आज ही जुड़ें, भुगतान कम करें | आयु | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 1000 | 42 प्रति माह | 5000 | 210 प्रति माह |
| | 40 | 1000 | 291 प्रति माह | 5000 | 1454 प्रति माह |

एपीवाई पर अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

आज ही अपने नजदीकी डाकघर/बैंक में संपर्क करें या 1800 110 069 पर कॉल करें या www.pfrda.org.in पर जाएं।

CBC 15113/15/0004/2425

# बोलेरो कैंपर-कार में भिड़ंत, 2 लोग जिंदा जले

**आमने-सामने की टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में लगी आग**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। बाड़मेर-जैसलमेर हाईवे पर कार सवार 2 लोग जिंदा जल गए। दोनों वैगन आर कार में सवार थे। बोलेरो कैंपर और वैगन आर के बीच आमने-सामने हुई टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई थी। बोलेरो में सवार 3 लोग घायल हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर है। इन्हें बाड़मेर रेफर किया गया है। हादसा बाड़मेर के शिव इलाके में सुबह करीब 6 बजे हुआ।





### दोनों गाड़ियों में आग लगी

शिव थाना इंचार्ज मनीष देव के अनुसार, गुरुवार को सुबह वैगन आर कार नेशनल हाईवे-68 पर बाड़मेर से जैसलमेर की तरफ जा रही थी। सामने से बोलेरो कैंपर गाड़ी आ रही थी। आगोरिया गांव फांटा के पास दोनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस घटना के बाद दोनों कारों में अचानक आग लग गई। कार में बैठे लो अंदर ही फंस गए। आग ने पलभर में ही विकराल रूप ले लिया और दो लोग जिंदा जल गए। हालांकि, इनकी पहचान नहीं हो पाई है। बोलेरो कैंपर में ड्राइवर सहित आगे की सीट पर बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे बैठे जेठनाथ को मामूली चोट आई हैं। जानकारी मिलने पर शिव पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में जले दो शवों को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट कराया है। बोलेरो कैंपर में सवार खेतनाथ (25) पुत्र पोपटनाथ, मोडूनाथ (30) पुत्र पोपटनाथ, जेठनाथ (11) पुत्र मोडूनाथ निवासी झिझनीयाली, जैसलमेर घायल हैं। इसमें खेतनाथ और मोडूनाथ को बाड़मेर हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

### दो-तीन घंटे मशक्कत के बाद निकाला शव

शिव थाना इंचार्ज मनीष देव ने बताया कि कार के नंबरों के आधार पर मृतकों के पहचान की कोशिश की जा रही है। पता चला है कि मृतक गुजरात के रहने वाले थे। हालांकि, दो-तीन घंटे की मशक्कत के बाद गाड़ी से जले शवों को बाहर निकाला गया। शवों को देखकर लग रहा था कि दोनों लोगों ने गाड़ी से निकलने की पूरी कोशिश की,लेकिन नाकाम रहे।

# युवक पर फायरिंग करने वाला शूटर गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में फायरिंग कर कार सवार युवक को मारने की कोशिश के मामले में शूटर डेविल वर्गी को गिरफ्तार किया गया है। शूटर के सरेंडर करने की भी बात सामने आ रही है, लेकिन पुलिस उसके नागौर में छुपे होने और वहीं से पकड़े जाने का दावा कर रही है। वारदात का मुख्य सूत्रधार छात्रनेता जेठू सिंह के दुबई में होने की बात सामने आ रही है। इस प्रकरण में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक नाबालिग को संरक्षण में लिया गया है। मामले के अनुसार पावटा बी रोड पर स्थित हनवंत गार्डन के सामने 10 मार्च देर रात कार में जा रहे दिगंबर सिंह पर दो बदमाशों ने फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने छानबीन के बाद राकेश राणा और नवनीत को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेजा गया।




### हत्या कराने के लिए लाखों की डील

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दिगंबर सिंह की हत्या की सुपारी देने में देवेंद्र सिंह उर्फ भमसा के माध्यम से लाखों रुपए की डील हुई थी। इसके अलावा जेठू सिंह के एक अन्य करीबी का नाम भी सामने आया था। फायरिंग करने के बाद दोनों आरोपियों को भगाने में तीसरे शख्स ने मदद की थी। बुधवार को पुलिस ने पृथ्वीपुरा निवासी डेविल वर्गी (25) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि वो फायरिंग करके पहले हरिद्वार और वहां से गंगानगर की बस से नागौर पहुंचा था।

### जेठू सिंह ने भागने से एक महीने पहले बनवाया पासपोर्ट

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में सामने आया कि दिगंबर की हत्या की साजिश लंबे समय से रची जा रही थी। इसका मुख्य सूत्रधार जेठू सिंह था और उसने पूर्व नियोजित साजिश के तहत ही खुद दुबई भागने की प्लानिंग कर ली थी। उसने करीब एक महीने पहले अपना पासपोर्ट बनवाया। पुलिस वेरिफिकेशन में परेशानी नहीं आए, इसके लिए उसने जोधपुर से पासपोर्ट बनवाने के बजाय दूसरे जिले से पासपोर्ट बनवाया। ऐसे में पुलिस अब पासपोर्ट ऑफिस से भी उसके रिकॉर्ड निकलवाने में जुटी है।

# दो हजार का इनामी गिरफ्तार



**बालोतरा।** बालोतरा की बायतु पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मोटरसाइकिल जलाने और एससी-एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी शिवनारायण चौधरी के अनुसार, पीड़ित बिजाराम ने बायतु थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि किशनाराम और टीकमाराम ने घर के सामने खड़ी दो मोटरसाइकिलों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने जांच के बाद मुख्य आरोपी किशनाराम को गिरफ्तार कर न्यायालय की अभिरक्षा में भेज दिया। दूसरा आरोपी टीकमाराम फरार हो गया था। बालोतरा पुलिस अधीक्षक ने टीकमाराम की गिरफ्तारी के लिए दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया। पुलिस टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर लगातार तलाश जारी रखी। अंततः डऊकियो की ढाणी, मातासर भूरटिया निवासी टीकमाराम पुत्र तेजाराम जाट को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल गोमाराम, कांस्टेबल चुतराराम, बाबूराम, जोगाराम और अजय की टीम शामिल रही।

# जोधपुर में बीएड कॉलेज की लेक्चरर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ACB टीम ने रंगे हाथों पकड़ा, स्टूडेंट की अटेंडेंस पूरी करने की एवज में मांगी थी घूस**

**जोधपुर।** जोधपुर के एक निजी बीएड कॉलेज की लेक्चरर को ACB टीम ने 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी लेक्चरर ने एक स्टूडेंट की उपस्थिति पूरी करने और इंटर्नशिप के लिए रिलीविंग लेटर देने की एवज में रिश्वत मांगी थी। डीआईजी (एसीबी) हरेंद्र कुमार महावर ने बताया कि जोधपुर के एक निजी बीएड कॉलेज की फर्स्ट ईयर की छात्रा ने कॉलेज की लेक्चरर मीनाक्षी के खिलाफ 15 हजार रुपए की रिश्वत की शिकायत की थी। छात्रा ने बताया था कि लेक्चरर उससे कॉलेज में उपस्थिति पूरी करने और इंटर्नशिप के लिए रिलीविंग लेटर जारी करने की एवज में रिश्वत मांग रही है। शिकायत का सत्यापन कराने के लिए ट्रेप प्लान किया। ACB के एएसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ की अगुवाई में इंस्पेक्टर सुनीता कुमारी, एसआई किशन सिंह चारण सहित अन्य टीम ने जाल बिछाया। छात्रा ने जैसे ही लेक्चरर को 15 हजार दिए। ACB टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। ACB टीम छात्रा से संबंधित रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

# वॉकी-टॉकी से एमडी-स्मैक की तस्करी, हाईटैक गैंग का पर्दाफाश

**बाड़मेर।** बाड़मेर पुलिस ने किराए के मकान में रह रहे एमडी-स्मैक तस्करी की हाईटेक गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग के 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 12.01 ग्राम एमडी बरामद की है।

आरोपी एमडी-स्मैक सप्लाई चेन के रूप में काम करते थे। तस्करी के लिए गिरोह के लोग मोबाइल की जगह वॉकी-टॉकी सेट से बात करते थे, ताकि पुलिस की पकड़ में नहीं आए। पुलिस ने आरोपियों से मादक पदार्थ के लेन-देन शामिल अलग-अलग फोन-पे व गूगल-पे के स्कैनर भी जब्त किए है। एएसपी जसाराम बोस ने बताया कि डीएसटी टीम प्रभारी सुमेर सिंह व रीको थानाधिकारी मनोज सामरिया मय पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ एमडी व स्मैक पर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बलदेव नगर मोहल्ले में जोगराज सिंह के एक बाड़े में कमरा किराए पर लेकर मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। पुलिस टीमों ने बलदेव नगर में दबिश दी और आरोपी श्रवण पुत्र गंगाराम निवासी काश्मीर व नरपत चौधरी पुत्र गंगाराम निवासी उण्डू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12.01 ग्राम एमडी बरामद की। वहीं उनके पास से 2 वॉकी-टॉकी सेट, 11 फोन-पे और गूगल-पे के स्कैनर बरामद किए गए। आरोपी एमडी-स्मैक तस्करी के जहां रुपए कैश नहीं मिलते थे, वहां पर स्कैनर के जरिए लेते थे। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के गैंग में कौन-कौन हैं। यह मादक-पदार्थ कहां से लेकर आते थे। किस तरीके से अवैध कारोबार कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी श्रवण व नरपत वॉकी-टॉकी और व्हाट्सऐप कालिंग से बात करते थे। दोनों आरोपी एमडी की पुड़िया अलग-अलग सप्लाई कर उनसे रुपए लेते थे।



# ट्रक-ट्रैक्टर यूनियन का कलेक्टर ऑफिस के बाहर धरना



**जैसलमेर।** जैसलमेर ट्रक-ट्रैक्टर यूनियन के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर ऑफिस के बाहर तीन दिन से धरने पर बैठे हैं। उनकी मांग है कि रॉयल्टी ठेकेदार उनको पत्थर परिवहन की रशीद दे रहा है, लेकिन उसके बाद भी पुलिस और खनन विभाग उनकी गाड़ियां पकड़ रहा है। ऐसे में न्याय की मांग को लेकर वे धरना दे रहे हैं। यूनियन का कहना है कि उनके ट्रक को पुलिस ने अवैध पत्थर परिवहन में पकड़े हैं, जबकि वे रॉयल्टी ठेकेदार को रॉयल्टी चुका कर परिवहन कर रहे हैं। वहीं, पुलिस और खनन विभाग रॉयल्टी ठेकेदार की रशीद को मानने को इनकार कर रहे हैं। यूनियन इसी के विरोध में कलेक्टर ऑफिस के बाहर धरना दे रहे हैं। गौरतलब है कि, जिले में पीले पत्थर की रॉयल्टी का ठेका होने के बाद ठेकेदार द्वारा ट्रक व ट्रैक्टर वालों को कच्ची रशीद देकर पैसे लिए जा रहे हैं। हाल ही में पुलिस द्वारा अवैध खनन और परिवहन को लेकर अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत पीले पत्थर का परिवहन करने वाले ट्रकों को सीज किया गया। ट्रक वालों द्वारा रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा दी गई पैसे की कच्ची रशीद दिखाने पर भी उनके ट्रक को सीज किया गया। पुलिस द्वारा कच्ची रशीद को मानने से इनकार किया गया। वे पक्की रशीद मांगने लगे। पक्की रशीद नहीं होने पर खनन विभाग द्वारा ट्रकों का चालान भरा गया। जिससे नाराज होकर यूनियन के लोग धरने पर बैठ गए।

# दीक्षांत समारोह आज

**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े दोनों कार्यक्रमों में होंगे शामिल, विद्यार्थियों को मिलेंगे स्वर्ण पदक**



**जोधपुर।** जोधपुर शहर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय का 21वां और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 21 मार्च को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की अध्यक्षता में होगा। जेएनवीयू का समारोह पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार सुबह 9:55 बजे होगा। मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे। पेसिफिक यूनिवर्सिटी समूह उदयपुर के अध्यक्ष प्रो. बी.पी. शर्मा संबोधित करेंगे। दीक्षांत समारोह शुक्रवार दोपहर 1:45 बजे सुश्रुत ऑडिटोरियम में होगा। विवि के कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने विभिन्न समितियों के साथ बैठक कर आयोजन की समीक्षा की। गुरुवार को की जाने वाली रिहर्सल पर भी जानकारी ली। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. बनवारी लाल गौड़, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. राजेन्द्र गहलोत और आईआईटी के निदेशक प्रो. अविनाश अग्रवाल होंगे। इस अवसर पर विवि के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### समारोह में शामिल होंगे कई गणमान्य

दीक्षांत समारोह में आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी एवं बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद संकाय के प्रथम वरीयता प्राप्त छात्रों को कुलाधिपति गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे। साथ ही सभी संकाय, बीएनवाईएस, पीएचडी, स्नातकोत्तर छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह नोडल अधिकारी डॉ. राजाराम अग्रवाल ने बताया कि समारोह की 20 मार्च को रिहर्सल हुआ, जिसमें सभी व्यवस्थाओं का अंतिम निरीक्षण किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों, अतिथियों और समारोह में भाग लेने वाले सभी गणमान्य लोगों के स्वागत व सुविधाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 929 | 926 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 267 | 268 |
| जिंक स्लैब | 279 | 283 |
| लीड इन्गॉट | 184 | 185 |
| टिन स्लैब | 3108 | 3133 |
| निकल | 1428 | 1450 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 867 | 862 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 857 | 852 |
| कॉपर आर्मेचर | 848 | 841 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 742 | 782 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 263 | 558 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 605 | 602 |
| एल्युमिनियम | 208 | 206 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9889 | -1900 |
| टिन | 34860 | +0 |
| लीड | 2030 | +3200 |
| जिंक | 2885 | -925 |
| एल्युमिनियम | 2686 | -1600 |
| निकल | 16010 | -894 |

# व्यापार जगत

# गौतम अडानी का बढ़ेगा दबदबा

**जिस कंपनी ने बनाया बुर्ज खलीफा अब उसके भारतीय कारोबार खरीदने की चर्चा**

**नई दिल्ली।** एशिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी गौतम अडानी जल्द ही दुबई की कंपनी एमार ग्रुप के इंडिया बिजनेस को खरीद सकते हैं। खबर है कि दोनों के बीच बातचीत आखिरी दौर में है। यह डील लगभग 1.4 अरब डॉलर में हो सकती है। अगर यह डील हो जाती है तो गौतम अडानी का रियल एस्टेट सेक्टर में कारोबार और बढ़ जाएगा। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अडानी परिवार और एमार ग्रुप इस डील के स्ट्रक्चर पर बात कर रहे हैं। इसमें अडानी की एक अनलिस्टेड यूनिट लगभग 40 करोड़ डॉलर का निवेश कर सकती है। अप्रैल तक दोनों के बीच समझौता हो सकता है।

### बुर्ज खलीफा से जुड़ा है एमार का नाम

इस साल जनवरी में एमार ने कहा था कि वह अपनी इंडिया यूनिट एमार इंडिया लिमिटेड को बेचने के लिए अडानी सहित कुछ भारतीय बिजनेस ग्रुप्स से बात कर रही है। एमार ग्रुप एक बड़ी रियल एस्टेट कंपनी है। यह दुबई में है। इसने बुर्ज खलीफा और डाउनटाउन दुबई जैसे बड़े प्रोजेक्ट बनाए हैं। यह कंपनी दुनियाभर में रियल एस्टेट, रिटेल और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में काम करती है। एमार ग्रुप की वेबसाइट के अनुसार, भारत में उसके पास 2.4 करोड़ वर्ग फीट की प्रॉपर्टी है। 6.1 करोड़ वर्ग फीट की प्रॉपर्टी बन रही है। यह कंपनी नई दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मकान और दुकानें बना रही है।

### अडानी ग्रुप कर रहा धारावी का विकास



अडानी ग्रुप की एक अनलिस्टेड रियल एस्टेट कंपनी मुंबई के धारावी स्लम को फिर से बना रही है। धारावी दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक है। धारावी पुनर्विकास परियोजना को एशिया की सबसे बड़ी शहरी पुनर्वास पहल बताया जा रहा है। कंपनी ने लगभग 360 अरब रुपये की लागत से मुंबई में सबसे बड़ी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में से एक को फिर से बनाने के लिए टॉप बोली लगाई थी। कंपनी नवंबर 2022 में सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी थी। एमार ग्रुप एक बड़ी कंपनी है। यह बुर्ज खलीफा जैसी बड़ी इमारतें बनाने के लिए जानी जाती है। एमार ग्रुप का कहना है कि भारत में उसके पास बहुत सारी जमीन है। वह कई प्रोजेक्ट बना रहा है। अगर अडानी और एमार के बीच डील हो जाती है तो अडानी का रियल एस्टेट का कारोबार और बढ़ जाएगा। इससे अडानी ग्रुप भारत में और भी बड़ी कंपनी बन जाएगी।

# एयर इंडिया फिर बनेगा आकाश का 'महाराजा'


**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप के हाथ में आने के बाद एयर इंडिया का कायाकल्प हो रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में बड़े विमानों को खरीदने की भी तैयारी चल रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया अमेरिकी कंपनी बोइंग और यूरोप की एयरबस से करीब 50 बड़े विमान खरीद सकती है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया 30 से 40 बड़े विमान खरीदने की योजना बना रही है। इनमें एयरबस A350 और बोइंग 777X मॉडल शामिल हो सकते हैं। यह संख्या 50 से भी ज्यादा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि अभी बातचीत चल रही है और कुछ भी तय नहीं है। एक सूत्र ने बताया कि पेरिस एयर शो (जून में) के करीब चीजें साफ हो जाएंगी। इसका मतलब है कि जून तक पता चल सकता है कि एयर इंडिया कितने हवाई जहाज खरीदेगी। पिछले साल एयर इंडिया ने 470 विमान खरीदने का समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने पिछले साल भी एयरबस से 100 विमान खरीदने के लिए डील की थी। इनमें से ज्यादातर छोटे आकार के विमान थे। कंपनी बड़े विमान यानी वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना है ताकि एयर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट में अपनी जगह बना सके। एयर इंडिया ने पहले से ही 50 एयरबस A350, 10 बोइंग 777X और 20 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान खरीदने के लिए डील की है। भारत से बाहर जाने वाले यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ICRA के अनुसार इस साल मार्च तक इसमें 15-20% की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, देश के अंदर यात्रा करने वालों की संख्या में 7-10% की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। ICRA, मूडीज की लोकल रेटिंग एजेंसी है। विमान बनाने वाली कंपनियां छोटे आकार के विमानों की डिमांड को पूरा करने में लगी हैं। इस कारण बड़े विमानों के लिए स्लॉट मिलना मुश्किल हो रहा है।




टाटा ग्रुप के हाथों में आने के बाद एयर इंडिया में बदलाव हो रहे हैं। पहले सरकार के नियंत्रण में इसकी हालत खराब थी।

# शेयर मार्केट में सेंसेक्स 1000 अंक तक उछला

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते शेयर मार्केट में रौनक छाई हुई है। गुरुवार को भी शेयर मार्केट में जबरदस्त तेजी आई। आईटी शेयरों में तेजी और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कोई बदलाव न होने के चलते शेयर मार्केट बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स ने जहां 1000 अंकों से ज्यादा का छलांग लगाई तो वहीं निफ्टी भी 300 अंक पार चला गया। इस तेजी के कारण निवेशकों को 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का फायदा हुआ। इस हफ्ते यह लगातार चौथा दिन है जब शेयर मार्केट में तेजी रही है। गुरुवार को सेंसेक्स 468 अंकों की तेजी के साथ 75,917.11 पर खुला। बाद में इसमें और तेजी आती गई। एक समय यह 1000 अंक का आंकड़ा पार कर 76,456.25 पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें कुछ गिरावट देखी गई और यह 899 अंकों की तेजी के साथ 76,348.06 पर बंद हुआ। निफ्टी भी गुरुवार को 129 अंकों की तेजी क साथ 23,036.60 पर खुला। यह कारोबार के दौरान 309 अंकों का आंकड़ा पार करते हुए 23,216.70 पर पहुंच गया था।



# शिपिंग सेक्टर पर सरकार का ध्यान

**मुंबई।** शिपिंग से जुड़ी कंपनियों के शेयर में तेजी का सिलसिला जारी है। सप्ताह के चौथे दिन यानी गुरुवार को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (MDL) और कोचीन शिपयार्ड (CSL) जैसी शिपिंग कंपनियों के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स के शेयर की बात करें तो भाव करीब 10 फीसदी चढ़कर 1782.50 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर की बात करें तो यह 2764.95 रुपये तक पहुंचा। कोचीन शिपयार्ड की बात करें तो भाव 1495.80 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर के कारोबार में शेयर मुनाफावसूली मोड में आ गया। दोपहर के कारोबार में कोचीन शिपयार्ड के शेयर लाल निशान पर थे। इस सेक्टर के शेयरों में यह तेजी ऐसे समय में आई है जब भारत सरकार जल्द ही 40,000 करोड़ रुपये के बजटीय फंड के साथ अपना दूसरा एडिशन शुरू करेगी। इसमें जहाज निर्माण, मरम्मत और रीसाइक्लिंग पर ध्यान दिया जाएगा। सागरमाला 2.0 कार्यक्रम के साथ सरकार नए निवेश के साथ महत्वपूर्ण इंफ्रा की कमी को पूरा करने, तटीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और भारत को वैश्विक समुद्री नेता के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 40,000 करोड़ रुपये के बजटीय समर्थन से इसका लक्ष्य अगले दशक में 12 ट्रिलियन रुपये के निवेश को बढ़ावा देना है। मौजूदा सागरमाला कार्यक्रम के तहत सरकार 5.79 ट्रिलियन रुपये की लागत वाली 839 परियोजनाओं पर काम कर रही है।



# सोने का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी, चांदी के तेवर हुए नरम

**मुंबई।** फरवरी के बाद अब मार्च में सोने का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी है। सोने के भाव गुरूवार का एमसीएक्स के बाद सर्राफा मार्केट में नया इतिहास रचते हुए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड गुरुवार को पहली बार 88761 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। जबकि, चांदी 100400 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई से घटकर 99613 रुपये पर आ गई। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो सोने के भाव 91423 रुपये और चांदी के 102601 रुपये पर पहुंच जा रहे हैं। सर्राफा बाजार के लेटेस्ट भाव के मुताबिक आज 20 मार्च को 24 कैरेट सोना बुधवार के बंद भाव 88649 के मुकाबले 112 रुपये महंगा होकर 88761 रुपये पर खुला। चांदी के भाव में 355 रुपये की कमी दर्ज की गई और यह 99613 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई।



# आप का राशिफल 21 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही करें। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक 3 5 6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

# पिछले एक महीने में चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने को आयोग ने साहसिक कदम उठाए

- लगभग एक करोड़ चुनाव अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के लिए डिजिटल प्रशिक्षण की योजना
- मतदाता सूचियों में सुधार और नाम जोड़ने के लिए 89 प्रथम अपील, एक दूसरी अपील दर्ज



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/जालोर।** भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार ने पदभार ग्रहण करने के एक महीने में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर सभी मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और उन्हें मतदान केंद्रों पर सुखद अनुभव सुनिश्चित करवाने के लिए बीएलओ स्तर तक चुनाव तंत्र में आवश्यक बदलाव की योजना बनाई है। इसमें राजनीतिक दलों को प्रमुख हितधारक होने के नाते जमीनी स्तर पर शामिल किया जा रहा है। आयोग का स्पष्ट मत है कि लगभग 100 करोड़ मतदाता लोकतंत्र के स्तंभ हैं। इनकी भागीदारी बढ़ाने और इसमें सहजता लाने के क्रम में कई प्रयास किए जा रहे हैं। आयोग ने पूरे देश में मतदाता पहचान-पत्र (ईपीआईसी) नंबरों में दोहराव (डुप्लीकेसी) के दशकों पुराने मुद्दे को 3 महीने के भीतर समाप्त करने का संकल्प लिया है। इसके लिए जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ समन्वय कर मतदाता सूची को नियमित रूप से अद्यतन किया जाएगा। राजनीतिक दलों के साथ आयोग की बातचीत में भी यह स्पष्ट किया गया कि प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूचियों में कोई नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया के लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में सभी राजनीतिक दलों के लिए उपलब्ध दावों और आपत्तियों को दर्ज करने के लिए प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत अपील की जा सकती हैं। ऐसी अपीलों के अभाव में, मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा तैयार की गई सूची मान्य होती है। यह उल्लेखनीय है कि 6-10 जनवरी, 2025 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर)- 2025 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 7 मार्च, 2025 तक केवल 89 प्रथम अपील और एकमात्र दूसरी अपील दर्ज की गई है। मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित करने के लिए अब जल्द ही ईसीआई और राष्ट्रीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श किया जाएगा।

### ग्रामीण केंद्रों का होगा कायाकल्प

■ उल्लेखनीय है कि सभी पात्र नागरिकों का मतदाता के रूप में 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, मतदान में आसानी और सुखद मतदान अनुभव सुनिश्चित करना ईसीआई के प्रमुख उद्देश्य हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि किसी भी मतदान केंद्र में 1,200 से अधिक मतदाता नहीं हों और मतदान केन्द्र की दूरी उनके निवास से 2 किलोमीटर के भीतर हो। साथ ही, आयोग द्वारा सबसे दूरस्थ ग्रामीण मतदान केंद्र में भी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मतदान के प्रति शहरी उदासीनता से निपटने और मतदाताओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए ऊंची इमारतों और कॉलोनियों के समूहों में भी उनके परिसर के भीतर ही मतदान केंद्र तैयार किए जाएंगे।

### डिजिटल प्रशिक्षण की तैयारी

■ आयोग के अनुसार, लगभग 1 करोड़ चुनाव कर्मियों की व्यापक और निरंतर क्षमता निर्माण की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में 4-5 मार्च को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें पहली बार प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और ईआरओ ने भाग लिया। सम्मेलन में देश के संविधान, चुनावी कानूनों और आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों द्वारा निर्धारित ढांचे के अनुसार उनकी जिम्मेदारियों के साथ 28 हितधारकों की पहचान कर पूरे चुनाव तंत्र को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। इस दौरान तय किया गया कि चुनाव संबंधी निर्देशों के लिए हैंडबुक और मैनुअल को नवीनतम परिवर्तनों के साथ तैयार किया जाए। फ्रंटलाइन पदाधिकारियों के प्रभावी प्रशिक्षण के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में डिजिटल प्रशिक्षण किट तैयार किए जाएं।

# फागोत्सव में गेर नृत्य से गेरियों ने बांधा समा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत फागोत्सव संस्था की अनुकरणीय पहल

**भीनमाल।** स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ परिसर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भीनमाल, विप्र फाउंडेशन, जालोर व श्री महाकवि माघ विकास संस्थान भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान तथा स्वर्गीय श्रीमती अनसी देवी की स्मृति में फागोत्सव 2025 होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रायोजक भामाशाह प्रेमाराम बंजारा वरिष्ठ समाज सेवी व भीनमाल क्षेत्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ की प्रसिद्ध गेर नृत्य में रंग बिरंगे वेशभूषा में गेरियों ने समा बांधा।

कार्यक्रम में भागवताचार्य श्रीश्री सनातन महाराज, बालोतरा की पावन निश्रा व जसराज राजपुरोहित भाजपा जिलाध्यक्ष,जालोर के मुख्य अतिथि ,गंगा कलावंत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जालोर की अध्यक्षता, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे, भरत देवड़ा अधिशाषी अभियंता, बिजली विभाग,भारत स्काउट गाइड व श्री महाकवि माघ विकास संस्थान के संरक्षक डॉ. भूपेंद्र चौधरी, मालाराम चौधरी पाविया, अध्यक्ष चौधरी आंजना समाज छात्रावास भीनमाल,जोगाराम पटेल,अध्यक्ष गायत्री शक्ति पीठ, श्याम खेतावत, अध्यक्ष वराह श्याम ट्रस्ट, नारायण चौधरी आर पी, सीबीईओ कार्यालय के विशिष्ठ अतिथि उपस्थित थे।

### होली के महत्व को बताया

प्रथम भगवान आशुतोष, वेद माता गायत्री को दीप प्रज्ज्वलित कर वैदिक ऋचाओं से स्तवन कर राष्ट्र अभ्युदय मंगल की कामना की गई। श्रीश्री सनातन महाराज ने मनुष्य के जीवन में होली पर्व की प्रासंगिकता व उपादेयता पर विविध शास्त्रोक्त प्रमाण देकर सविस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भीनमाल के अनुकरणीय पहल की सराहना की। डॉ. भूपेंद्र चौधरी, पूर्व प्रधान धुखाराम राजपुरोहित ने भी अपनी बात रखी। दिनेश दवे, डॉ. घनश्याम व्यास ने होली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम में बढ़चढ़कर सहयोग करने वालों सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल खड़ेलवाल ने किया।

### सेंगवा को माघ सेवा पुरस्कार

जालोर राज्य पथ परिवहन निगम में कार्यरत सेंगवा अपने सेवा काल में डिजिटल कार्ड के तहत दिव्यांग सेवा, वरिष्ठ नागरिक को सेवा के फलस्वरूप माघ सेवा पुरस्कार भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर हकसिह राव, प्रेमाराम बंजारा वरिष्ठ समाज सेवी, निरंजन व्यास, श्याम खेतावत, मीना शर्मा जिलाध्यक्ष महिला विंग विप्र फाउंडेशन, डॉ. अक्षय बोहरा, राजेंद्र वैष्णव स्वास्थ्य अधिकारी,जोरावर सिंह राव, वासुदेव अवस्थी, किशोर सांखला, नारायण, सुरेंद्र त्रिवेदी,जगदीश रामावत, महेश व्यास, महादेव राठी, जोगाराम चौधरी, अरविंद, जबराराम भाटी, मीठालाल व्यास सुरेश बोहरा,महेन्द्र शर्मा सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हरी सब्जियों की माला रही आकर्षण का केंद्र

सभी अतिथियों का स्वागत लौकी ,हरी मिर्च, टमाटर,आलू,ककड़ी, प्याज, तरबूज आदि से बनी माला से किया गया। वहीं, मारवाड़ की प्रसिद्ध गेर विशिष्ट विविध परिधान में ढोल की थाप पर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा विप्र फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष महिला विंग की मीना शर्मा के नेतृत्व में कृष्ण भक्ति से ओत प्रोत गीत ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

# डाईट ने वार्षिक शोध पत्रिका का किया प्रकाशन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट जालोर के ईफिक प्रभाग ने आरएससीईआरटी उदयपुर के निर्देशन में सत्र 2023-24 की वार्षिक शोध पत्रिका का प्रकाशन करवाया जिसमें शैक्षिक नवाचारों, शैक्षिक समस्याओं, विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित जिला स्तरीय, प्रभाग स्तरीय सर्वे शोध सहित तीन केस स्टडी एवं क्रियात्मक अनुसंधान प्रकाशित हुए हैं।

शोध पुस्तिका का समारोहपूर्वक विमोचन डाईट उप प्राचार्य शांतिलाल दवे, वरिष्ठ व्याख्याता शैलजा पुरोहित, ईफ़िक प्रभागाध्यक्ष डॉ राजलक्ष्मी शर्मा एवं व्याख्याता रामनरेश द्वारा किया गया। डॉ राजलक्ष्मी शर्मा ने बताया कि गुणवत्ता युक्त शिक्षण में जिन समस्याओं का सामना शिक्षक करता है, उनका अनुसंधान कार्य के माध्यम से गुणात्मक सुधार युक्त समाधान प्राप्त किया जाता है, यह पुस्तक जिले सहित सभी शिक्षाविदों के लिए प्रेरक पाथेय प्रदान करते हुए शिक्षक और शिक्षार्थी के लिए नवाचारी कार्यों के लिए लाभप्रद होगी। यह पुस्तक जिले के प्रत्येक विद्यालय तक सीबीईओ के माध्यम से पहुंचेगी।

इस मौके पर शोधार्थी गजेन्द्र दवे, ललित ठाकुर, खुशबू सोलंकी, रीनू मंडा, भावना वैष्णव, कैलाश कुमार, विक्रमपुरी व कंप्यूटर अनुदेशक श्रवण कुमार आदि उपस्थित रहें।

# जालोर में चार नवीन राजस्व ग्राम घोषित

**जालोर।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर सायला तहसील के मूल राजस्व ग्राम सिराणा में से रामदेव नगर, सांचैर तहसील के मूल राजस्व ग्राम चैरा में से रामेश्वर नगर व मूल राजस्व ग्राम जाजुसण में से पटेल नगर तथा बागोड़ा तहसील के मूल राजस्व ग्राम बगोटी में से नई बिछावाड़ी को नवीन राजस्व ग्राम घोषित किया हैं। जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 (1956 का अधिनियम 15) की धारा 16 में निहित प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नवीन राजस्व ग्राम रामदेव नगर का क्षेत्रफल 287.66 हैक्टेयर, रामेश्वर नगर का क्षेत्रफल 742 हैक्टेयर, पटेल नगर का क्षेत्रफल 144.0872 हैक्टेयर एवं नई बिछावाड़ी का क्षेत्रफल 199.8440 हैक्टेयर रहेगा।

# अनेकता में एकता का भाव ही भारत देश की पहचान: राजपुरोहित



**भाजपा कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन समारोह आयोजित**

**सांचौर।** भारतीय जनता पार्टी सांचौर विधानसभा क्षेत्र द्वारा नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अभिनंदन समारोह एवं होली गैर स्नेहमिलन समारोह का आयोजन बाबा रामदेव मंदिर माखुपुरा में आयोजित किया गया। इसमें सांचौर विधानसभा के स्नेहमिलन एवं गैर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें खेतेश्वर गैर टीम चितलवाना मंडल प्रथम एवं महाराणा प्रताप गैर लुनियासर द्वितीय एवं ढबावाली गैर दल केसूरी तृतीय स्थान पर रहा । स्नेहमिलन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम कार्यकर्ता की पार्टी है। इसमें धरातल से जुड़े व्यक्तियों को सर्वोपरि माना जाता है। संगठन के पार्टी वफादारी, निष्ठा ही आम कार्यकर्ता को आज मुख्यमंत्री पद तक इस पार्टी में जगह दी जाती है। राजस्थान में भजनलाल सरकार द्वारा आम जनता के विकास की सैकड़ों योजनाएं लागू की गई है। पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है एवं उसके बाद हम है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विश्वगुरु की तरफ अग्रसर है। होली स्नेहमिलन समारोह हमारी संस्कृति है और संस्कृति का सदैव निर्वहन करते रहना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन में सर्वदा परोपकार की भावना से निस्वार्थ देश सेवा के कार्यों को किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान प्रदान किया जाता है। पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह बालावत ने कहा कि सांचौर के सुदूर क्षेत्रों में भी इस प्रकार की बेहतरीन गैर कला को जीवंत रखने का कार्य करते रहना चाहिए। भाजपा की सरकार द्वारा किसान, युवा व महिला के हितों को ध्यान में रख कर भजनलाल सरकार कार्य कर रही है । स्नेहमिलन समारोह के तहत अनेक गैर दलों ने नृत्य प्रस्तुत किया।

# जनसुनवाई में परिवाद पर सुनवाई कर त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकीकृत परिवाद निवारण प्रणाली ''अटल जन सेवा शिविर'' के तहत जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक में आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन से जुड़े कार्य, रास्ते पर अवैध अतिक्रमण, अवैध पेयजल कनेक्शन, एनएचएआई, नगर परिषद, विद्युत, राजस्व एवं विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जन सुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 24 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनमें से 5 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जिला सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल आदि उपस्थित थे।



# जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में अब तक 153771 किसानों ने कराया पंजीकरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 153771 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत 22 मार्च तक भंवरानी, रोडला, पावटा, उम्मेदाबाद, लेटा, सांथू, केशवना, बागरा, रानीवाड़ा खुर्द, रतनपुर, मालवाड़ा, सुरजवाड़ा, खारा, पहाड़पुरा, जाखल, मेड़ा जागीर व पुर तथा 23 मार्च तक केरिया, खेजड़ियाली, मेघावा, वीरावा व परावा ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार 21 मार्च को खोखा, वाडा भाडवी, चैनपुरा, नांदिया, सोबडावास व वाडानया, 21 व 22 मार्च को पांचोटा, बाला व वलदरा, 22 व 23 मार्च को पाथेड़ी, बावतरा, सुराणा, तिलोड़ा तथा 23 मार्च को रेवतड़ा, थलवाड़, सांगाणा, भूण्डवा, उनड़ी तथा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वही 23 से 25 मार्च तक तावीदर, वणधर, आजोदर, बडगांव, 24 व 25 मार्च को काम्बा, भैंसवाड़ा, अजीतपुरा, भूति, गुडा बालोतान, बिठूडा, चरली, गोदन, सांकरणा, ऊण, उम्मेदपुर, रंगाला, डूंगरवा, भालनी, सेवड़ी, 24 से 26 मार्च तक जालोर पंचायत समिति, बागरा, सियाणा, बाकरा रोड़, माण्डवला, 23 व 24 मार्च को भाद्राजून, सुगालिया जोधा, नोरवा, 24 मार्च को ओटवाला, आसाणा, डाबली, वालेरा व चैराऊ, 25 मार्च को तुरा, दादाल, देताकलां, कोमता व मेंगलवा, 24 से 26 मार्च तक कोड़, लाछीवाड़, करावड़ी, कुड़ा व राजीव नगर में शिविर आयोजित होंगे।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा। किसानों को इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

# संतोष जोशी के खिलाफ गबन मामले में एसीबी ने पेश किया चालान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर द्वारा सायला पंचायत समिति की आंवलोज ग्राम पंचायत के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार जोशी के विरूद्ध पद के दुरूपयोग व गबन के मामले में एसीबी कोर्ट पाली में चालान पेश किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ ने बताया कि ग्रापं आवलोज में वितीय वर्ष 2015-16 में विभिन्न योजनाओं में विकास कार्यों हेतु मैसर्स शिव शक्ति कन्सट्रक्शन आवलोज के नाम निविदा स्वीकृत की गई, जिस पर मैसर्स शिव शक्ति कन्सट्रक्शन कम्पनी आंवलोज द्वारा धरोहर राशि रोकड पंजिका अनुसार दिनांक 14.07.2015 को 20 लाख रुपये ग्राम पंचायत आंवलोज के कोष में जमा कराये गये थे। ग्राम पंचायत आवलीज द्वारा वित्तिय वर्ष 2015-16 में मैसर्स शिव शक्ति कन्सट्रक्शन कम्पनी आंवलोज को किसी प्रकार का कार्यादेश जारी नहीं किया गया। जबकि ग्राम पंचायत आंवलोज में विभिन्न जगह के विकास कार्यों हेतु मैसर्स सरवरी कन्सट्रक्शन कंपनी भीनमाल से सामग्री आपूर्ति कराकर उक्त फर्म को कुल 8,00,000 रूपये का भुगतान ग्राम पंचायत आवलोज के कोष से किया गया, जबकि ग्राम पंचायत आवंलोज द्वारा वर्ष 2015-16 हेतु खोली गई निविदा दिनांक 10.07.2015 के अनुसार मैसर्स शिव शक्ति कन्सट्रक्शन आंवलोज के नाम निविदा स्वीकृत की गई थी।

# शिक्षक के पास ज्ञान का असीम भंडार : पंडया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** क्षेत्र के परावा स्थित निजी महाविद्यालय में पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस दौरान सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु पंडया प्राचार्य राजकीय माहविद्यालय रानीवाडा, अध्यक्षता हरीश विश्नोई, मालाराम साहू, डॉ. चक्रवर्ती सिंह सहायक आचार्य राजकीय महाविद्यालय आहोर, डॉ. भागीरथ बिश्नोई व डॉ. सुनीता अतिथि मौजूद थे। मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु पंडया ने कहा कि शिक्षक दो प्रकार के होते है, एक शिलार्थी व दूसरा आकाश धर्मा गुरू होते है। जिस शिक्षक के पास ज्ञान की सीमा नहीं होती है वह शिलार्थी शिक्षक होता है। दूसरा शिक्षक जो विद्यार्थी को पढ़ने का तरीका बता सकता है। शिक्षक विद्यार्थी को दूर तक देखने के लिए कंधा देता है। उन्होंने कहा कि शोध व शिक्षण आपसी समन्वय है।

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ से पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** नेहरू युवा केन्द्र माई भारत के जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड़ के संयोजन में सायला ब्लॉक के बिशनगढ़ गांव में नीम, खेजड़ी, पीपल का पौधारोपण किया गया साथ ही निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक रघुनाथ राम ने कहा कि पौधरोपण में 50 युवाओं ने योगदान दिया। एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान जारी है। केन्द्र सरकार पर्यावरण शुद्धता के प्रति गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की जो शुरूआत की है, उस कड़ी में निरन्तर पौधे लगाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि जीवन में हरियाली के लिए पेड़ पौधों का होना जरूरी है। पौधारोपण के बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को माई भारत द्वारा किये जा रहे कार्यों, योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में रेखाराम, पारस राम, अमन कुमार, भारती, विकास कुमार, शहनाज़, विजय कुमार, ओमप्रकाश आदि ने योगदान दिया।

# युवक ने दो व्यापारियों पर सरिये से किया हमला

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा शहर के बाईपास सड़क मार्ग पर बुधवार देर रात्रि को एक नाबालिग युवक ने दो व्यापारियों पर लोहे के सरियों से हमला कर दिया। हादसे में दो व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीवाड़ा लाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद गुजरात रेफर कर दिया गया। दोनों व्यापारियों का फिलहाल गुजरात के अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शहर के बाईपास सड़क मार्ग पर बुधवार देर रात्रि को एक दुकान पर विजाराम देवासी एवं अभय कुमार जाट दोनों दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान एक नाबालिग युवक वहां आया और किसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई। इसके बाद उसने विजाराम देवासी एवं अभय कुमार पर लोहे के सरिये से वार कर दोनों को घायल कर दिया। आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं, पुलिस टीम ने गुरूवार को एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया एवं आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।



# शीतला सप्तमी पर गैर व मेले का आयोजन आज

**भीनमाल।** हिन्दू सेवा समिति व महेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शाम चार बजे स्थानीय महेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में भव्य गैर का आयोजन किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी ललित होंडा ने बताया कि, प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में भीनमाल की परंपरा के अनुसार भव्य गैर को लेकर गुरुवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इसी प्रकार शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में स्थानीय चंडीनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित शीतला माता मंदिर में भव्य मेले का आयोजन होगा।



**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्य**
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि.) सवारी व मालडिब्बा कारखाना माटुंगा, मुंबई - 400019. **निविदा नोटिस संख्या: CWE/MTN/85255337/2025. निविदा संख्या: 85255337. विवरण:** (आरएसपी) एयरोसोल फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना, 01 न्यूनतम 10 ग्राम एयरोसोल कार्ट्रिज की संख्या आरडीएसओ स्पेकन के जी1 अनुलग्नक के अनुसार तकनीकी मापदंडों के साथ लाइन में प्रदान की जाएगी। **सं.** आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0192-2018 (आरईवी. 1) या बाद में। **मात्रा:** 1907 SETS. **खोलने के लिए नियत तारीख** : 17.04.2025. **निविदा मूल्य:** 14302500. मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। DE-855
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्य**
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि.) सवारी व मालडिब्बा कारखाना माटुंगा, मुंबई - 400019. **निविदा नोटिस संख्या: CWE/MTN/85255336/2025. निविदा संख्या:** 85255336. **विवरण:** (आरएसपी) एयरोसोल फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना, 01 सं. 08/10 जीएम शेल ऑनबोर्ड पैनल और 1 नंबर में प्रदान किया जाएगा। आरडीएसओ स्पेकन के तकनीकी पैरामीटर्स के साथ लाइन में पैनल में 100 ग्राम। **सं.** आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0184 - 2015 (आरईवी. 1) या नवीनतम। **मात्रा:** 1350 SETS. **खोलने के लिए नियत तारीख**: 16.04.2025. **निविदा मूल्य:** 29430000 मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। DE-856
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**
मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **क्र.सं.: 1- ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/24-25/310 दि. 18.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: (1) नायगांव तथा वसई रोड रेलवे स्टेशन्स:** 730 दिनों के लिए आउट सोर्सिंग द्वारा प्रतिदिन आधार पर आवश्यकतानुसार संधारण कार्य। (2) **नालासोपारा तथा विरार रेलवे स्टेशन्स:** 730 दिनों के लिए आउट सोर्सिंग द्वारा प्रतिदिन आधार पर आवश्यकतानुसार संधारण कार्य। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 1,48,52,787.32, **ईएमडी:** रु. 2,24,300/-, **क्र.सं.: 2- ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/24-25/311 दि. 18.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: बांद्रा - पाली हिल:** 730 दिनों के लिए टैंकर्स द्वारा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 75,62,800/-, **ईएमडी:** रु. 1,53,300/-, **जमा करने की दिनांक व समय:** 11.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक व समय:** 11.04.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1198
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति की विज्ञप्ति**
**विषय: संविदा आधार पर एनजीओ के माध्यम से के/ई वॉर्ड में मैटरनिटी अंतर्गत डी वर्ग में रिक्तीयों की पूर्ति बाबत्।**
प्रसुति गृहों अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से संविदा आधार पर सामाजिक एनजीओ तथा गैर शासकीय संस्थाओं द्वारा आवंटित डी वर्ग में 14 रिक्त पदों के पदों हेतु एक चयनित कार्य हेतु संस्थाओं की संखया तथा प्रसुति गृहों को कर्मियों की आपूर्ति में अनुभवी संस्थाओं द्वारा आवेदन के साथ दस्तावेजों पूर्ति के आवेदन कार्यालय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, माता रमाबाई आंबेडकर महा. पालिका प्रसुति गृह, अंधेरी (पू) को 21.03.2025 से 26.03.2025 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक किए जाएं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी संबंधित शर्तों एवं नियमानुसार सफल संस्थाओं को संविदा कार्य का आवंटन किया जाएगा।
हस्ता./-
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी)
माता रमाबाई आंबेडकर प्रसुति गृह,
मरोल, अंधेरी (पू)
PRO/2870/ADV/2024-25
बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## सुविचार

किसी को दुख पहुंचाने से पहले ये जरूर सोचे कि अगर आपके साथ वैसा कोई करता तो क्या होता।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़

विद्यार्थी सालभर लगातार मेहनत कर अपनी परीक्षा की तैयारियां करते हैं। लेकिन परीक्षा के ऐन वक्त पर पेपर लीक न सिर्फ उनकी तैयारियों एवं उत्साह पर पानी फेर देता है, बल्कि उनके मनोबल को तोड़ने का भी काम करता है। पेपर लीक विद्यार्थियों के भरोसे को तो तोड़ता ही है, मन में यह धारणा भी भर सकता है कि जिन परीक्षार्थियों ने परीक्षा परिणाम में बेहतर अंक पाए हैं, वो क्या सचमुच इसके हकदार थे, या उन्होंने धांधली करके किसी मेहनती एवं लायक विद्यार्थी का हक छीना है। फिर एक बार हिमाचल प्रदेश बोर्ड के कक्षा 12वीं अंग्रेजी का पेपर लीक होने की भनक लगते ही राज्य में अंग्रेजी का पेपर रद्द कर दिया गया है। इस घटना ने फिर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच चिंता पैदा कर दी है। बोर्ड ने बताया कि 7 मार्च को गुमनाम शिकायत मिली थी कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, चौवाड़ी, जिला-चम्बा में गलती से कक्षा 12वीं अंग्रेजी का पेपर तारीख और समय से पहले खोल दिए गए हैं जिससे पेपर लीक होने का खतरा पैदा हो गया है। जांच के दौरान बोर्ड ने "एग्जाम मित्र ऐप" से मिले वीडियो सबूतों का सहारा लिया। यह ऐप बोर्ड ने इस साल पहली बार परीक्षा की निगरानी के लिए शुरू किया था। वीडियो क्लिप्स से यह पुष्टि हुई कि चौवाड़ी स्कूल में प्रश्नपत्र समय से पहले खोला गया था। इसके बाद बोर्ड ने सख्त कदम उठाते हुए पूरे राज्य में अंग्रेजी की परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। इस फैसले से हजारों विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं, जो अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे थे। यह पहला मौका है जब "एग्जाम मित्र ऐप" के जरिए ऐसी घटना पकड़ी गई है। बोर्ड का कहना है कि वह भविष्य में परीक्षा प्रक्रिया को और मजबूत करेगा ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। हालांकि यह न तो पहला मौका है और यकीनन आखिरी भी नहीं। इससे पहले राजस्थान में पेपर लीक का मामला अभी तक छाया हुआ है जिसके आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ये सच है कि पेपर लीक से देश के लगभग सभी राज्यों की सरकारें दो-चार होती रहीं हैं। इससे निपटने के लिए भी राज्य सरकारें लगातार प्रयासरत रहती हैं। लेकिन यह भी सोलह आने सच है कि पेपर लीक में सक्रिय गिरोह भी राज्य सरकारों के साथ तू डाल-डाल, मैं पात-पात वाला खेल खेलते रहते हैं। वैसे अधिकांश स्थानों पर यह भी देखा जाता है कि इस खेल में काफी बड़े-बड़े दिग्गजों की मिली भगत रहती है। एक पेपर लीक से जहां असामाजिक तत्व करोड़ों के वारे-न्यारे करते हैं तो वहीं राज्य सरकार को इससे काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। पेपर लीक हरेक स्तर पर एक अक्षम्य अपराध है जिसमें समय के साथ ही विद्यार्थियों को भी आर्थिक एवं मानसिक नुकसान होता है। यह अपराध हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### किसानों के खिलाफ

# पंजाब सरकार का अचानक बुलडोजर एक्शन



**लोकमित्र गौतम**

पिछले तेरह महीनों से शंभू और खनौरी बॉर्डर में जमे किसानों को 19 मार्च 2025 की शाम, पंजाब पुलिस ने अचानक जिस तरह बुलडोजर एक्शन के जरिये हटाया है, उससे पूरे पंजाब में बवाल मचा हुआ है। इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय पूरे प्रदेश में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर पुलिस और किसान आमने सामने थे। किसान जगह-जगह हाईवेज पर धरना देने की कोशिश कर रहे हैं। 20 मार्च को दोपहर 2.30 बजे तक 4 जगहों पर पुलिस और किसानों के बीच झड़पें हो चुकी थीं। इस बीच शंभू बॉर्डर का पंजाब से हरियाणा जाने वाला हिस्सा 13 महीनों बाद खोल दिया गया था। डीआईजी हरमनबीर गिल ने मीडिया से कहा है कि लोग अब यहां से जा सकते हैं। दोपहर करीब 2.45 बजे अब अंबाला से राजपुरा जाने वाली साइड खोली जा रही थी। इस दौरान जगह-जगह किसान इकट्ठा हो रहे हैं और उनके द्वारा आरपार की लड़ाई, लड़ने की बातें कही जा रही हैं।

इमेज

इसी बीच पुलिस ने किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है। उन्हें 19 मार्च की दोपहर हिरासत में लिया गया था, जिसके बाद पहले जालंधर सिटी के पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया था। पंजाब में मोगा, मुक्तसर के गिद्दड़बाहा, फरीदकोट और बठिंडा के रामपुरा फूल इलाकों में किसान जिस तरह पुलिस से आरपार झड़प कर रहे थे, उससे लगता है कि किसान पंजाब सरकार के इस अचानक एक्शन से सकते में हैं। मोगा में किसानों ने डीसी ऑफिस को जिस गुस्से में घेरने की कोशिश की और पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ा उसे देखकर डर लग रहा है कहीं किसानों और पुलिस के बीच पूरे पंजाब में खूनी झड़पें न हो जाए। हालांकि फिलहाल पुलिस काफी नरमी बरत रही है लेकिन माहौल बिगड़ने में देर नहीं लगती। मुक्तसर के गिद्दड़बाहा में भी किसानों ने बठिंडा-गंगानगर हाईवे पर जाम लगाने की कोशिश की जहां पुलिस को लाठीचार्ज करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यहां पुलिस ने सैकड़ों किसानों को हिरासत में ले लिया है। बठिंडा के रामपुरा फूल में किसानों ने एक घंटे तक हाईवे जाम का दिया। लेकिन अंततः बल प्रयोग के जरिये पुलिस ने उन्हें हाईवे से खदेड़ दिया जबकि रोड पर खड़े किए गए किसानों के ट्रैक्टरों को धक्का देकर किनारे कर दिया। फरीदकोट में भी पुलिस और किसानों के बीच खूब धक्का-मुक्की हुई है, लेकिन अंततः पुलिस ने किसानों को हाईवे से हटाकर कईयों को हिरासत में लिया। सवाल है कल तक खुद को किसानों की हमदर्द बता रही भगवंत मान सरकार ने आखिर अपने घोषित स्टैंड से इस तरह यू-टर्न क्यों लिया? भगवंत मान ही नहीं आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल तो पार्टी बनाने के दिनों से खुद को किसानों के पैरोकार बताते रहे हैं, लेकिन अचानक उन्हीं किसानों के विरुद्ध पंजाब सरकार का यह बुलडोजर एक्शन, आखिर माजरा क्या है? केवल भगवंत मान का ही नहीं, किसानों को लेकर पंजाब सरकार का यह एक्शन समूची आम आदमी पार्टी का किसानों को लेकर



रुख हैरत में डालता है। इससे किसान तो नाराज हैं ही, विपक्षी राजनीतिक पार्टियां भी आप के विरुद्ध हमलावर हो गई हैं। इन सब वजहों से बार बार जेहन में यह बड़ा सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर पंजाब सरकार ने किसानों के मामले में अचानक ऐसा रुख क्यों अख्तियार किया। पंजाब सरकार का यह अप्रत्याशित एक्शन 19 मार्च 2025 को तब शुरू हुआ जब लंबे अर्से से अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डल्लेवाल के साथ ही किसान मजदूर मोर्चा के प्रमुख सरवन सिंह पंढेर तथा दूसरे करीब एक दर्जन किसानों को भी मोहाली में हिरासत में ले लिया गया। यह ठीक वही समय था जब किसान चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ बेनतीजा बैठक के बाद लौट रहे थे। किसानों के खिलाफ पंजाब सरकार की यह कार्यवाही हैरान करती है, लेकिन जानकारों का मानना है कि अचानक नहीं हुआ बल्कि किसानों के साथ 3 मार्च को हुई एक मीटिंग के बाद ही भगवंत मान का रुख पूरी तरह बदल गया था जिसका बड़ा नतीजा था यह बुलडोजर एक्शन। हालांकि यही सरकार पहले कोर्ट में कह चुकी थी कि किसानों के खिलाफ कार्रवाई होगी, तो देशभर में अराजकता फैल जाएगी। मगर पिछले कुछ दिनों से पंजाब सरकार के कई मंत्री जिसमें एक हरपाल सिंह चीमा भी थे कि पंजाब सरकार शंभू और खनौरी बॉर्डर को खोलना चाहती है... किसानों को दिल्ली या कहीं और जाकर विरोध प्रदर्शन करना चाहिए... क्योंकि, वे अपनी मांग केंद्र सरकार से कर रहे हैं। मार्च के शुरू में पंजाब सरकार और किसान नेताओं की एक मीटिंग भी हुई थी, लेकिन, कोई नतीजा नहीं निकला था। करेले में नीम की स्थिति यह हुई कि किसान अपनी मांगों को लेकर चंडीगढ़ के घेराव पर अड़ गए जबकि भगवंत मान ऐसा करने से मना कर रहे थे। मीटिंग में कई मुद्दों पर किसान नेताओं और मुख्यमंत्री में बहस भी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक़ भगवंत मान नाराज हो गए।' भगवंत मान के जाने के एकाध दिन बाद ही पंजाब में पंजाब पुलिस की छापेमारी शुरू हो गई। कई किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया गया, भगवंत मान ने मीडिया से साफ़ शब्दों में यह कहा 'हां, हम उन्हें हिरासत में लेंगे... क्योंकि हम किसानों को पटरियों और सड़कों पर बैठने की अनुमति नहीं देंगे... मुझे पंजाब के तीन करोड़ लोगों का ध्यान रखना है।' ये सब देखकर लग रहा कि कहीं किसान भगवंत मान के गुस्से और निजी खुन्नस का शिकार तो नहीं हो रहे हैं? या पंजाब में किसानों के खिलाफ मौजूद कार्यवाही आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर हो रही है। अगर पंजाब सरकार मानती है कि किसानों की मांगें केंद्र सरकार से जुड़ी हैं, तो फिर उसे ये एक्शन पहले ही करना चाहिए था। पिछले 13 महीनों से इतंजार किस बात का कर रही थी। क्या पंजाब के मुख्यमंत्री निजी तौरपर किसी खास रणनीति के तहत कुछ कर रहे हैं? सियासी हल्के में एक खबर यह चल रही है कि किसानों के खिलाफ पुलिस एक्शन की एक वजह लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव है। कहते हैं केजरीवाल को लुधियाना के व्यापारियों से फीडबैक मिला था कि अगर किसानों का जमावड़ा नहीं हटा तो वे आम आदमी पार्टी को वोट नहीं देंगे, क्योंकि उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। मगर क्या अरविंद केजरीवाल उस चुनाव के लिए अभी से किसानों की नाराजगी मोल लेंगे, जिसके बारे में ये अभी ये नहीं मालूम कि चुनाव कब होगा? कहीं इस एक्शन का कारण लगा लिया गया यह अनुमान तो नहीं है कि बिहार विधानसभा चुनाव के साथ लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा? जैसी हड़बड़ी में पंजाब सरकार ने किसानों के खिलाफ एक्शन लिया है, उससे दाल में कुछ काला तो जरूर नजर आ रहा है।

## पंचांग

शुक्रवार, 21 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - कृष्ण |
| तिथि | - सप्तमी 28.25 तक |
| वार | - शुक्रवार |
| नक्षत्र | - ज्येष्ठा 25.46 तक |
| योग | - सिद्धि 18.41 तक |
| करण | - विष्टि 15.39 तक |
| सूर्योदय | - 06.43 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.48 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.43 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.52 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - वृश्चिक 25.46 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.21 से 13.10 |
| राहु काल | - 11.15 से 12.46 |
| व्रत, त्यौहार | - शीतला सप्तमी, बासोढ़ा, बिच्छुड़ा 25.46 तक, रवियोग 25.46 तक, भद्रा 15.39 तक |
| दिशा शूल | - पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## बासोड़ा : बासी भोजन का वैज्ञानिक और धार्मिक कारण

शीतला सप्तमी का पर्व पारंपरिक रूप से बासोड़ा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन घरों में एक दिन पहले बनाए गए भोजन का भोग शीतला माता को अर्पित किया जाता है और फिर परिवार के सभी सदस्य इसे ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि इस दिन बासी भोजन खाने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और चेचक जैसी बीमारियों से बचाव होता है। शीतला माता के हाथों में सूप, झाड़ू, नीम के पत्ते और कलश होते हैं। सूप और झाड़ू को स्वच्छता का प्रतीक माना जाता है, जिससे घर और वातावरण की शुद्धि का संदेश मिलता है। कलश में मौजूद शीतल जल शांति और ठंडक का प्रतीक है, जबकि नीम के पत्तों को प्राकृतिक एंटीबायोटिक के रूप में जाना जाता है, जो संक्रमण से बचाव करता है। गर्मी के मौसम में रखा हुआ भोजन जल्दी खराब हो जाता है और उसमें फफूंद उत्पन्न होने लगती है, जिसे वैज्ञानिक पेनिसिलिन कहते हैं। यह शरीर में जाने के बाद रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसी कारण पुराने समय में इसे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता था। हालांकि, बदलते समय के साथ इस परंपरा का वैज्ञानिक आधार कमजोर हुआ है, लेकिन धार्मिक महत्व आज भी बरकरार है। इस पर्व की तैयारियां एक दिन पहले ही शुरू हो जाती हैं। महिलाएं विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाती हैं और अगली सुबह शीतला माता को भोग लगाकर परिवार के सभी सदस्य प्रसाद के रूप में इन्हें ग्रहण करते हैं। इस दौरान शीतला माता और ओरी माता की पूजा की जाती है, और घरों में माता के भजन गाए जाते हैं। हिंदू धर्म में शीतला माता को रोगनाशिनी देवी माना जाता है। मान्यता है कि माता की पूजा करने से चेचक, खसरा, फोड़े-फुंसी और गर्मी से होने वाली अन्य बीमारियों से बचाव होता है। इस दिन विशेष रूप से माता के गीत गाए जाते हैं, बासोड़ा का भोग लगाया जाता है और परिवार के लोग मिलकर कथा सुनते हैं।

## तारीख विशेष

### विश्व कठपुतली दिवस

विश्व कठपुतली दिवस प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। 'कठपुतली' का खेल अत्यंत प्राचीन नाटकीय खेल है, जो समस्त सभ्य संसार में प्रशांत महासागर के पश्चिमी तट से पूर्वी तट तक-व्यापक रूप प्रचलित रहा है। यह खेल गुड़ियों अथवा पुतलियों (पुत्तलिकाओं) द्वारा खेला जाता है। गुड़ियों के नर मादा रूपों द्वारा जीवन के अनेक प्रसंगों की, विभिन्न विधियों से, इसमें अभिव्यक्ति की जाती है और जीवन को नाटकीय विधि से मंच पर प्रस्तुत किया जाता है। कठपुतलियां या तो लकड़ी की होती हैं या पेरिस-प्लास्टर या काग़ज़ की लुग्दी से बनाई जाती हैं। उसके शरीर के भाग इस प्रकार जोड़े जाते हैं कि उनसे बंधी डोर खींचने पर वे अलग-अलग हिल सकें। कुछ समय पहले तक लोग कठपुतली कला को केवल मनोरंजन का एक साधन मानते थे परंतु अब यह कला करियर का रूप लेती जा रही है। अब यह मनमोहक कला भारत के साथ-साथ विदेशों में भी लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में कठपुतली भारत में कठपुतली नचाने की परंपरा काफ़ी पुरानी रही है। धागे से, दस्ताने द्वारा व छाया वाली कठपुतलियां काफ़ी प्रसिद्ध हैं और परंपरागत कठपुतली नर्तक स्थान-स्थान जाकर लोगों का मनोरंजन करते हैं। इनके विषय भी ऐतिहासिक प्रेम प्रसंगों व जनश्रुतियों के लिए जाने जाते हैं। इन कठपुतलियों से उस स्थान की चित्रकला, वस्तुकला, वेशभूषा और अलंकारी कलाओं का पता चलता है, जहाँ से वे आती हैं। रीति-रिवाजों पर आधारित कठपुतली के प्रदर्शन में भी काफ़ी बदलाव आ गया है। अब यह खेल सड़कों, गली-कूचों में न होकर फ्लड लाइट्स की चकाचौंध में बड़े-बड़े मंचों पर होने लगा है। राजस्थान की कठपुतली काफ़ी प्रसिद्ध हैं। यहां धागे से बांधकर कठपुतली नचाई जाती हैं। लकड़ी और कपड़े से बनीं और मध्यकालीन राजस्थानी पोशाक पहने इन कठपुतलियों द्वारा इतिहास के प्रेम प्रसंग दर्शाए जाते हैं। अमरसिंह राठौर का चरित्र काफ़ी लोकप्रिय है, क्योंकि इसमें युद्ध और नृत्य दिखाने की भरपूर संभावनाएं हैं। इसके साथ एक सीटी-जिसे बोली कहते हैं- जिससे तेज धुन बजाई जाती है, प्रयोग की जाती है।

### विकसित रेल-विकसित भारत (भाग-1)

# "विश्व स्तरीय" से "श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ"



**एम. जमशेद**

भारतीय रेलवे, भारत की विकास कहानी का क्राउचिंग टाइगर, दुनिया की सबसे उल्लेखनीय और कम चर्चित कहानियों में से एक है कि कैसे बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश राष्ट्रीय विकास के लिए प्रभावशाली लाभांश हो सकता है। पिछले दशक (2014-2024) के दौरान भारतीय रेलवे ने जो प्रगति की है, वह विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है, और यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है। इसके संदर्भ में, भारत की कहानी को क्या अलग बनाता है और इसे विकास के लिए समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाता है? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीति दृष्टिकोण था जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना भारत के साथ और भारत के लिए बनाई गई है। इसका मतलब यह चिन्हित करना था कि यह प्रणाली आम आदमी के लिए रेलवे के रूप में अपनी आवश्यक भूमिका में विश्व स्तरीय और किफायती बनी रहनी चाहिए, साथ ही भारत के 22.4 मिलियन लोगों के दैनिक प्रयासों के साथ-साथ, जो अपने आर्थिक जीवन का एक हिस्सा है।

इस सेवा का उपयोग करते हैं - और यह कि इसे एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए जो भारत के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती है। इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे अपनी धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए आलोचना के घेरे में आया था। यह अभी भी उन लोगों से आता है जो पर्याप्त ज्ञान के बिना जानकारी प्राप्त किए पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं जैसे कि नेटवर्क विकास की अक्सर 1950 के बाद से केवल 68000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए आलोचना की जाती है, बिना यह जाने कि लाइन क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बढ़ोतरी ट्रैक किलोमीटर की है जो आज 132000 किमी से अधिक हो गई है।

पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की व्यापक तुलना इस बात को साबित करती है। 2014-2024 के दौरान, 2004-2014 के 14900 की तुलना में कुल 31000 किलोमीटर नए ट्रैक की स्थापना की गई है। इसी तरह कुल संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन यानी 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया तथा भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया। इसके साथ ही विद्युतीकरण के फलस्वरूप कार्बन फुटप्रिंट पर बचत 5188 किलोमीटर की तुलना में 44000 किलामीटर से अधिक हो गई है। पिछले दशक में शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया है और कोचों का निर्माण 32000 से बढ़कर 54000 हो गया। भारतीय रेल ने उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रशासनिक व्यवस्था में प्रमुख सुधार मुख्य बजट के साथ रेलवे बजट के विलय के साथ आया, जिसे स्टीम एज माइंड सेट वाले कई बूमर्स अभी भी बिना किसी स्पष्ट कारण के याद करते हैं। रेलवे को वित्तीय कमी के कारण संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण स्वीकृत परियोजनाओं की बड़ी संख्या में लंबित थी, लेकिन पिछले दशक में जीबीएस में 8.25 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जबकि पिछले दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपए था। रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन चलाएगा, घाटी में सफर के लिए ट्रैक का निर्माण पूरा हो चुका है, इस रेल मार्ग में सबसे ऊंचे पुलों और विशाल पहाड़ों पर नेटवर्क को जोड़ने वाली सबसे लंबी रेल सुरंगों का निर्माण हो चुका है। भारतीय रेलवे अपनी निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए 100% विद्युतीकरण को प्राप्त करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आएगी।

रेलवे नेटवर्क में टक्कर रोधी कवच का उपयोग भी यातायात रेलवे प्रणाली में सबसे बड़ा है। भारत मे संचालित रेलगाड़ियां भी 'विश्व स्तरीय' से आगे निकल रही हैं। भारतीय रेलवे ने घरेलू आवश्यकताओं के साथ उन्नत वैश्विक तकनीकों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया है, जिसका लक्ष्य संरक्षित, तेज, स्वच्छ और अधिक आरामदायक रेलगाड़ियां बनाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय रेल सभी के लिए आसानी से उपलब्ध हो सके। भारतीय रेलवे अपने अनूठे बिजनेस मॉडल के साथ अपने माल ढुलाई राजस्व से यात्री परिहवन के मद के घाटे को वहन करती है और फिर भी लाभदायक बनी रहती है।

प्रमुख विकसित रेलवे प्रणालियां या तो निजीकृत कर दी गई हैं और उच्च टैरिफ तय करने के लिए स्वतंत्र हैं या अपने घाटे के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं, इसके विपरीत भारतीय रेलवे अपने सभी परिचालन और कार्य व्यय का ध्यान रखती है और अपने कैपेक्स के लिए सकल बजटीय सहायता प्राप्त करती है। अन्य साधनों से कड़ी प्रतिस्पर्धा और उत्पन मांग पर निर्भर होने के बावजूद, इसके राजस्व सृजन लक्ष्य साल दर साल रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करते हुए सफलतापूर्वक हासिल किए जा रहे हैं। यह बात उन बुमर्स और 90 के दशक के बच्चों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है जो भारत में एक साधारण युग को याद करते हैं। "निर्यात गुणवत्ता" का लेबल लगाने वाली किसी भी चीज़ की कीमत प्रीमियम हुआ करती थी, जबकि सबसे अच्छे उत्पाद - जिन्हें विश्व स्तरीय कहा जाता था- वे यूरोप और अमेरिका के समृद्ध देशों के लिए आरक्षित थे। भारतीयों को अक्सर कुछ गलत सामाजिक-आर्थिक सोच की आड़ में घटिया सामान या सेवाएँ प्रदान की जाती थीं।

**(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य ट्रैफिक हैं)**



## गीता सार

**योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।**
**सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते**
**नैव किंचित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित्।**
**पश्यञ्श्रृण्वन्स्पृशञ्जिघ्रन्नश्नन्**
**गच्छन्स्वपञ्श्वसन्॥**

**हिंदी अर्थ –**
अपने मन को वश में करने वाला, जितेन्द्रिय, विशुद्ध अंतःकरण वाला और सभी प्राणियों को अपना आत्मरूप मानने वाला कर्मयोगी कर्म करता हुआ भी उससे लिप्त नहीं होता है। तत्त्व को जानने वाला यह माने कि मैं कुछ भी नहीं करता हूं। देखते हुए, सुनते हुए, स्पर्श करते हुए, सूंघते हुए, खाते हुए, चलते हुए, सांस लेते हुए।

## बोले तो...



भारत से सिर्फ ये समस्या है कि वह दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है। 2 अप्रेल से हम भी उन पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे, जितना वे लगाते हैं। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर उन देशों का मुकाबला करेगा, जो हमारे व्यापार को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

**- डोनाल्ड ट्रंप**



सदन में मोबाइल प्रतिबंध लगा दीजिए। यह पिछले पांच छह साल से शुरू हुआ। यही हाल रहा था तो 10 साल में धरती खत्म हो जाएगी। पहले तो हम खूब देखते थे। लेकिन जब जान गए कि गड़बड़ होने वाला है तो हम भी मोबाइल देखना छोड़ दिए।

**- नीतीश कुमार**



राजनीतिक भिन्नताएं हो सकती हैं, लेकिन किसी भी नेता को विदेशी यात्रा से पहले उस पर हमला नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह नेता उस समय देश का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। विपक्ष मेरी छवि को खराब करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह के हमलों से सिर्फ देश की छवि को ही नुकसान होता है।

**- ममता बनर्जी**

## कुछ अलग | अजब गजब

# 39 शादियां करने वाला भारतीय मर्द, हर बीवी से किया प्यार, कुल 94 बच्चों का पिता

आपने अक्सर देखा-सुना होगा कि किसी शख्स ने एक से अधिक शादी कर ली होती है। ऐसे लोगों की लाइफ में मुसीबतें काफी अधिक होती है। जहां आम इंसान से एक बीवी नहीं संभाली जाती, वहीं कई बीवियों को रखना वाकई दिलेरी का काम होता है। लेकिन कुछ मर्द कई बीवियों को मैनेज करने में एक्सपर्ट होते हैं। लेकिन भारत के पूर्वी राज्य मिजोरम में रहने वाले जिओना चाना सबसे अलग हैं क्योंकि उन्होंने एक-दो-पांच-दस नहीं बल्कि कुल 39 शादियां कर रखी थीं। लेकिन सिर्फ ये शादियां ही आपको हैरान करने के लिए काफी नहीं है। इसमें सबसे अधिक हैरानी की बात ये थी कि जिओना की ये सारी बीवियां एक ही घर में रहती थीं वो भी एक साथ। इन्हें देखकर ऐसा लगता ही नहीं था कि ये सौतनें हैं। बहनों की तरह एक साथ ये सभी महिलाएं प्यार से रहती थीं। अब पति की मौत के बाद भी सारी सौतनें एक ही छत के नीचे रह रही हैं।

**बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड**

भारतीय शख्स मिजोरम के जिओना चाना के नाम विश्व की सबसे बड़ी फैमिली का मुखिया होने का रिकॉर्ड दर्ज है। हालांकि, 2021 में जिओना की मौत हो गई थी। उसने अपने जीवनकाल में कुल 39 शादियां कीं, जिससे उसके 94 बच्चे हुए। उसका पूरा परिवार एक ही घर में रहता था। जहां दो सौतनों को



आपस में लड़ते-झगते देखा जाता है, वहां जिओना की सारी बीवियां एक ही छत के नीचे बड़े प्यार से रहती थीं। ऐसा लगता ही नहीं था कि इन्हें अपना पति बांटने में कोई आपत्ति नहीं थी।

सौ कमरों का मकान

39 बीवियों को रखने के लिए जुआना ने सौ कमरों का एक आलीशान घर बनवाया था। इसमें उसके सारे बच्चे भी साथ रहते थे। जहां कुछ लोगों का कहना है कि जुआना के 89 बच्चे थे वहीं कई जगह ये आंकड़ा 94 है। साथ ही उसके 36 नाती-पोते भी थे। इस घर का नाम चुआर थान रन है, जिसका मतलब होता है नए जमाने का घर। आपको बता दें कि जुआना की वजह से राज्य में कई टूरिस्ट्स भी आते थे। उन्हें इस बात को जानकर हैरानी होती थी कि भला इतनी सारी सौतनें एक साथ एक ही घर में कैसे रह सकती है। लेकिन जब लोग यहां आते तो सौतनों के बीच का प्यार देख हैरान रह जाते थे।

## पाठक पाती

### पर्व पर मर्यादा लांघते लोग

होली रंगों और सद्भाव का पर्व है, जो टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का अवसर देता है। यह उत्सव आनंद और मेल-मिलाप का प्रतीक है, लेकिन अफसोस की बात है कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने इसकी छवि को धूमिल कर दिया है। शराब और नशे के कारण त्योहार की गरिमा कम हो रही है, जिससे सभ्य लोग इससे दूरी बनाने लगे हैं। होली को लोग हुड़दंग से नशाखोरी की जद में ले आए हैं। युवा, जवान और यहां तक कि उम्रवय लोग भी होली को नशेबाजी का त्यौहार समझकर मदमस्त हो जाते हैं। इसी हालत में तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जो न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक स्तर पर भी हानिकारक हैं। उत्तर प्रदेश में इस बार होली के दौरान तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने से 230 लोगों की जान चली गई। इसी तरह दिल्ली में होली के दिन शराब पीकर गाड़ी चलाने के सैकड़ों चालानी मामलों में बढ़ोत्तरी बड़ी ही चिंताजनक है। यह भी दुखद ही है कि त्योहार की आड़ में लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बढ़ रहा है। जब तक लोग होली के वास्तविक महत्व और इसकी स्वस्थ परंपराओं को नहीं अपनाएंगे, तब तक यह बदनामी झेलता रहेगा।

**-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिले

## मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल योजना के तहत 18 छात्राओं को मिली साइकिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दलपतपुरा में गुरुवार को मुख्यमंत्री निः शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 18 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गई ।

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि कन्हीराम बैनीवाल, डॉ.दिलीप तेतरवाल, मानसिंह सहारण, ओमप्रकाश सहारण, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्र बैनीवाल, इन्द्रसिंह सहारण, सम्पतराम मेहरड़ा, रामेश्वरलाल तनाण, उप प्रधानाचार्य दौलतराम पूनियां आदि उपस्थित रहे।

स्कूल के प्रधानाचार्य अरविन्द कस्वां ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 9 की पात्र 18 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। संस्था प्रधान ने इस पहल को छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि साइकिल की उपलब्धता से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी।



साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य अरविंद सांखला, बनवारी लाल स्वामी, महेश कुमार पारीक, राजेश चौधरी, प्रहलाद सिंह सहू, रामप्रसाद बिजारणियां, राजलक्ष्मी काचौरिया, रंजना मीणा, मीना रोघा, अंजुबाला, कृष्णा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में एमओयू करने वाले निवेशकों को आरक्षित मूल्य पर मिलेंगे औद्योगिक भूखंड

**धौलपुर।** राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के एमओयू धारक उद्यमियों को औद्योगिक क्षेत्रों में 50 हजार वर्ग मीटर तक के भूखंड आरक्षित मूल्य पर आवंटित किये जायेंगे। समिट में जिले में कुल 31 एमओयू हुए थे, इनमें से जिन एमओयू धारकों के पास उद्यम स्थापित करने के लिए भूमि नहीं हैं उन्हें रीको डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी 2025 के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में उनकी आवश्यकता के अनुसार 50 हजार वर्ग मीटर तक के प्लॉट आवंटित किये जायेंगे। प्रदेशभर में 98 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6 हजार 900 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन के लिए चिन्हित किए गए हैं। जिले के तीन औद्योगिक क्षेत्रों विश्नौदा, बाड़ी एवं कोटरा में कुल 154 औद्योगिक भूखण्डों को रीको डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी 2025 के तहत आवंटन के लिए चिन्हित किया गया है।

### नोहर क्षेत्र की विभिन्न माईनरों व वितरिकाओं के पुनर्निर्माण का कार्य होगा जल्द शुरू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** नोहर क्षेत्र की विभिन्न माईनरों व वितरिकाओं के पुनर्निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। इसको लेकर सरकार द्वारा टैंडर प्रक्रिया सहित समस्त औपचारिकताएं पूरी करली गई है। क्षेत्र की 3 वितरिकाओं व 3 माईनरों के पुनर्निर्माण पर करीब 88 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा माईनरों व वितरिकाओं के समीप किसानों के खेतों में डिग्गियों का निर्माण भी होगा। यह जानकारी जल संसाधन विभाग के मंत्री सुरेश सिंह रावत ने नोहर विधायक अमित चाचाण द्वारा पूछे गये प्रश्न के जवाब में दी। विधायक अमित चाचाण ने नोहर विधानसभा क्षेत्र में नोहर फिडर, रासलाना वितरिका, अमरसिंह ब्रांच एवं माईनरों के पुनर्निर्माण व मरम्मत कार्य के लिये किस योजना के अंतर्गत कब-कब कितनी राशि स्वीकृत कि गई के बारे में जानकारी मांगी।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरियाणा में नोहर फिडर से नोहर सिंचाई परियोजना की नहरों द्वारा नोहर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। नोहर फिडर का रखरखाव हरियाणा द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अमरसिंह ब्रांच की दीपलाना व नेठराना वितरिका एवं सिद्धमुख सिंचाई परियोजना की रासलाना वितरिका से नोहर विधानसभा क्षेत्र में रकबा सिंचित होता है। मंत्री ने विधानसभा में बताया कि क्षेत्र के 3 माईनरों व 3 वितरिकाओं के पुनर्निर्माण को लेकर मई 2023 में 88 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी हुई थी। जिसके टैण्डर भी लगाये गये थे। मगर उस समय उक्त टैण्डर निरस्त हो गये। जिसके बाद वर्ष 2024 में दोबारा टैण्डर लगाये गये एवं जनवरी 2025 को उक्त कार्यो के कार्य आदेश जारी किये गये। मंत्री ने बताया कि जसाना वितरिका 0 से 17 किलोमीटर, जनानिया माईनर 0 से टेल तक, भगवान माईनर 0 से टेल तक, खिनानिया वितरिका 0 से टेल तक, रासलाना वितरिका किलोमीटर 40 से 64 तक, मेघाना माईनर 0 से टेल तक पुनर्निर्माण होगा।

# परिवादियों की इष्टतम संतुष्टि के लिए करें प्रयास : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण के दिए निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करायें जिससे परिवादियों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। सभी परिवादों का निस्तारण हेतु फॉलोअप किया जाये। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें, जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें।

जिला कलक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान सीवरेज एवं नालों की सफाई, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, सीवरेज लाइन कनेक्शन, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में परिवादी मुनेन्द्र सिंह ने ग्राम तरवा में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने तहसीलदार सरमथुरा को त्वरित ढंग से अतिक्रमण हटवाये जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी जगदीश सिंह सिकरवार ने गिर्राज कॉलोनी में स्थित अपने मकान में सीवरेज कनेक्शन दिलवाये जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने नगर परिषद को समुचित कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द सीवरेज कनेक्शन दिलवाये जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी विनोद कुमार ने कृषि विद्युत कनेक्शन दिलवाये जाने से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को परिवादी के खेत पर त्वरित कृषि कनेक्शन स्थापित कराने हेतु निर्देशित किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौराखेड़ा के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में चारदीवारी कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी सैंपऊ को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। मनियां में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाये जाने के मामले में जिला कलक्टर ने तहसीलदार को त्वरित ढंग से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एकता मंच की मुख्य ट्रस्टी ने विद्यालय में प्रिंटर भेंट किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सामाजिक संगठन एकता मंच एवं जनकल्याण ट्रस्ट की मुख्य ट्रस्टी और भामाशाह विमला देवी ने नेचर पार्क के पास स्थित शारदा उच्च माध्यमिक विद्यालय में आठवीं कक्षा के विदाई समारोह कार्यक्रम में विधालय को प्रिंटर भेंट किया विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र बयाल व सुशील शर्मा रहे तथा पूर्व प्रधानाध्यापक धर्मपाल सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विद्यालय परिवार ने विमला शर्मा का माल्यार्पण व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चूरू एकता मंच के उपाध्यक्ष किशन किरोड़ीवाल बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में गरीब को गणेश मानकर सेवा करनी चाहिए, भामाशाहों को समय समय पर जनहित के कार्यों में धनराशि लगानी चाहिए मनुष्य के जीवन में त्याग और समर्पण का भाव होना बहुत आवश्यक है इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक प्रमेन्द्र सिहाग,कांता स्वामी,सुमन शर्मा, संगीता सिहाग, विमला,वकीला बानो, संस्था प्रधान शर्मिला सहारण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम चंद ने किया।



# नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन, नशा छोड़ों आगे बढ़ो

## नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** घरौंड़ा करनाल हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। इस कड़ी में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बस्ताड़ा में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बस्ताड़ा पहुंचे और प्राचार्य सुधीर कांबोज की अध्यक्षता एवं वर्ग अनुदेशक दिनेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बकेट चैलेंज कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अनुदेशकों और प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लेते हुए एक स्वर में कहा नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। प्राचार्य सुधीर काम्बोज ने कहा कि वे अपने संस्थान में नशा मुक्त वातावरण बनाने का निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने एनसीबी के बकेट चैलेंज को स्वीकार किया। वर्ग अनुदेशक दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त अभियान के साथ वे सदा से हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने प्राचार्य सुधीर काम्बोज का इस अभियान से जुड़े रहने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्यूरो का लक्ष्य न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना है अपितु नशे में ग्रस्त लोगों का उपचार कराना भी है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508, अथवा 1933 अथवा एनसीबी के मानस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकता है।

# मोहता कॉलेज के पदक प्राप्त एथलीट सम्मानित

## एथलीटों को तीन लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्तियां

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में मोहता पी जी कॉलेज के सत्र 2024-25 में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त 30 से अधिक एथलीटों को महाविद्यालय



सभागार में समस्त संकाय सदस्यों की उपस्थिति में प्राचार्य व उप प्राचार्य ने पदक प्रदान करते हुए सम्मानित किया। सभी एथलीटों को कुल तीन लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत करते हुए प्रोत्साहित किया गया। खेल प्रभारी श्री मनोज ढाका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पी एस राठौड़, उप्र प्राचार्य डॉ अरविन्द गौड़, डॉ गजेंद्र सिंह शेखावत व डॉ संजू शर्मा ने इन एथलीटों को माला पहनाकर भावभीना स्वागत किया।

# बेटी को घोड़ी पर बैठाकर निकाली बिंदौरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** जांगिड़ परिवार ने सराहनीय पहल करते हुए अपनी बेटी को घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली है। सत्यनारायण मंदिर के पास स्थित नवरत्न जांगिड़ समाज में बेटा-बेटी एक समान का संदेश देखकर घोड़ी पर बिटिया सिमरन जांगिड़ को बैठाकर भेदभाव नहीं करने का संदेश दिया । डीजे पर नाचते नजर आए रिश्तेदारों ने भी बिटिया की बंदौरी में डीजे की मधुर सुस्वर लहरियो पर नाचते गाते उत्साह के साथ बिंदौरी निकाली आज के युग में बेटियां-बेटों से किसी भी कार्य में पीछे नहीं है।



# बाड़ी तथा सरमथुरा में खाद्य व्यापारियों को दिया फास्ट्रैक प्रशिक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा महोदय के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में व्यापारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी हेतु फॉस्टेक ट्रेनिंग फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को बाड़ी और सरमथुरा में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि प्रशिक्षण में बाड़ी और सरमथुरा के सभी खाद्य कारोबारियों को एफ एस एस ए आई टीम ने निशुल्क फॉस्टेक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मुकुल गुप्ता ने खाद्य व्यापारियों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की संरचना और कार्यप्रणाली कि जानकारी के साथ-साथ लाइसेंस का महत्व एवं लाइसेंस नंबर की पूर्ण जानकारी भी दी, जिससे खाद्य कारोबारी किसी भी लाइसेंस नंबर से उसके राज्य, जिले एवं अन्य सभी जानकारियां खुद समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में पैकेज्ड फूड मटेरियल से संबंधित सभी नियमों की जानकारी, प्रत्येक पैकेज मटेरियल के लेबल पर लिखे जाने वाले अनिवार्य बिन्दुओं की जानकारी, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट नियम की जानकारी एवं उनके पालन का तरीका बताया गया। मिलावट के प्रकार और उन्हें पहचानने के तरीके समझाए गए साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य उपलब्ध करवाने में बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया। फूड हैंडलिंग तथा स्वच्छता संबंधी सभी नियमों के पालन के तरीके भी बताए गए। इस दौरान बाड़ी व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, सरमथुरा व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम गोयल, सतीश मंगल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# भारत सरकार की उदासीनता से शेखावाटी के पारंपरिक उद्योग संकट में : बृजेंद्र ओला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सांसद बृजेंद्र ओला ने गुरुवार को लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से राजस्थान के शेखावाटी के पारंपरिक उद्योगों के उत्थान का मामला लोकसभा में उठाया। सांसद ने कहा कि राजस्थान का शेखावाटी क्षेत्र अपनी समृद्ध हस्तशिल्प विरासत, पारंपरिक वस्त्र निर्माण, जैसे बंधेज, लकड़ी व धातु कला, जूती निर्माण और अन्य पारंपरिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन आज ये उद्योग सरकार की उपेक्षा और नीतिगत अस्थिरता के कारण गंभीर संकट में हैं। भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी योजनाओं का लाभ भी इन स्थानीय कारीगरों तक सही से नहीं पहुंच पा रहा है। कारीगरों को न तो उचित वित्तीय सहायता मिल रही है, न ही उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सही से स्थान दिया जा रहा है। ये उद्योग प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। सांसद ने कहा कि पारंपरिक उद्योगों के उत्थान के लिए उनके उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने, जीआई टैग दिलाने और उनकी वैश्विक पहचान बनाने और कारीगरों और उद्यमियों को सीधा बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कारीगरों को निरंतर रोजगार प्रदान करने के लिए सरकार को प्रयास करना चाहिए।



### स्पार अस्पताल में फिजिशियन, सर्जरी और गेस्ट्रो डिपार्टमेंट का शुभारंभ

**झुंझुनूं।** स्पार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में फिजिशियन, सर्जरी, गेस्ट्रो, आईसीयू और क्रिटिकल केयर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान भंवर अली और डॉ. साहिबराम ने डॉ. नारायण और डॉ. सुनिल सैनी को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर आईसीयू का रिब्बन कटवाकर क्रिटिकल केयर की सुविधा शुभारंभ किया। उसके बाद में अस्पताल प्रबंधक डॉ. सुनिता ने बताया कि अस्पताल में पहले से स्त्री व प्रसूति और आईवीएफ स्पेशलिस्ट डॉ. सुनिता लांबा, हड्डी, जोड़ रोग और हैंड सर्जरी के लिए डॉ. दुष्यंत सोनी, गुर्दा व मूत्र रोग के लिए डॉ. मुकेश बेनीवाल की नियमित सेवाएं है। वहीं हार्ट रोगों के लिए हर माह तीसरे रविवार को डॉ. संजीव चौधरी, रीढ़ की हड्डी रोग के लिए शुक्रवार दोपहर 12 से दो बजे तक डॉ. नितिन गोयल की सेवाएं है। लेकिन अब इनके साथ साथ अस्पताल में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक डॉ. नारायण फिजिशियन, डॉ. सुनील सैनी सर्जरी और डॉ. अनभ्रु शर्मा पेट, आंत, लिवर रोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी चालू हो गई है। डॉ. लाम्बा ने बताया कि अब अस्पताल में मा योजना (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना) के अंतर्गत निशुल्क ईलाज किया जाएगा। अस्पताल में मॉड्यूलर आईसीयू और क्रिटिकल केयर और वेंटीलेटर और क्रिटिकल केयर टीम की सुविधा भी गए है। जिससे मरीजों को एडवांस केयर मिले।

### निर्वाचन से जुड़े मुद्दों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ होगी बैठक आयोजित

**धौलपुर।** राजस्थान निर्वाचन विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार चुनाव संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 21 मार्च को दोपहर 12.30 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में होगी। बैठक की विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने सभी आमंत्रित दलों के प्रतिनिधियों से बैठक का आव्हान किया है, ताकि निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जा सके।


**भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका, भिवंडी.**

कार्यालय पता - जुनी प्रशासकीय इमारत
जुना एसटी स्टँड, कापआळी, भिवंडी, 421302
दूरध्वनी क्र : 02522-255314 / 15 / 239677 फॅक्स : 02522-252074,
ई-मेल : bncmclbtdep@gmail.com

**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी.**
**स्थानिक संस्था कर विभाग**
**जाहीर आवाहन**

भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका हद्दीतील ज्या व्यापा-यांची करनिर्धारण (स्थानिक संस्था कर (LBT) करनिर्धारण) प्रलंबित अशा सर्व आस्थापना धारकांना सूचित करण्यात येते की, दि. 30/04/2025 पर्यंत स्थानिक संस्था कर (LBT) विभाग कायमचा बंद करणेबाबत महाराष्ट्र शासन नगर विकास विभाग कडून क्र. बैठक - 0225/प्र.क्र. 26/नवि-32 दि. 24 फेब्रुवारी, 2025 नुसार पत्र प्राप्त झाले आहे.

त्याअनुषंगाने, स्थानिक संस्था कर (LBT) अंतर्गत नोंदणीकृत असलेल्या ज्या आस्थापनांचे अद्यापही करनिर्धारण झालेली नाही, अशा सर्व आस्थापना धारकांनी करनिर्धारणा पूर्ण करुन घेण्याच्या दृष्टीने प्रशासनाकडून मागविण्यात आलेले आवश्यक कागदपत्रांची पूर्तता स्थानिक संस्था कर विभाग कार्यालयाकडे त्वरित करणेत यावी.

करनिर्धारण कार्यवाहीस प्रतिसाद न देणार्या आस्थापनांचे बाबतीत नियमातील तरतुदीनव्ये योग्य निर्णय यथाशक्ती नुसार करनिर्धारणा कार्यवाही पूर्ण करण्यात येईल, अशा आस्थापना धारकांना व्याज व शास्तीसहित दंडात्मक कारवाईस सामोरे जावे लागणार आहे, याची कृपया नोंद घ्यावी.

मा. प्रशासक तथा आयुक्त सो. यांच्या मान्यतेने
जा.क्र./भिनिशमपा/ज.सं.वि./263
दि. 20/03/2025

सही/-
(बाळकृष्ण क्षीरसागर)
उप-आयुक्त (स्थानिक संस्था कर)
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका


# कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**सादुलपुर।** तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया व जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ की अध्यक्षता में एवं तारानगर विधानसभा प्रभारी रामनिवास बिडोदी के मुख्यातिथ्य में तारानगर के वर्षा कन्टेंड्रे गेस्ट हाउस में गुरुवार को तारानगर कांग्रेस शहर व देहात के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। प्रधान संजय कस्वां कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। ब्लॉक अध्यक्ष मदन पांण्ड्या व वेद प्रकाश सहारण के नेतृत्व में माला व साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी बिडोदी ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को बंद किया जा रहा है। गहलोत सरकार में हर इंसान की मांग पूरी की गयी थी। बिडोदी ने कहा हम सब ने मिलकर लग्न व मेहनत के साथ संगठन को मजबूत करना है। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक बुड़ानिया ने कहा पूर्ववर्ती सरकार में हमने धरातल में अनेकों विकास कार्य करवाये है। लेकिन वर्तमान में विकास कार्यो को रोका जा रहा है। क्षेत्र में पानी बिजली चिकित्सा आदि की समस्या आ रही है। भाजपा सरकार ने हमेशा जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम किया है। प्रधान संजय कस्वां ने कहा पिछली सरकार में गरीब व महिलाओं का उत्थान हुआ है। तारानगर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य हुए है जिनकी कस्बेवासियों ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। भाजपा सरकार ने उप जिला अस्पताल को रोकने का काम किया है। इस मौके पर जिप सदस्य विमला कालवा, चेयरमेन प्रियंका बानो, बीडीसी सदस्य मोहरसिंह ज्याणी, नगर अध्यक्ष भागीरथ भामी, पार्षद हरिसिंह बेनिवाल, सहदेव सिंह भाटी, मोहरसिंह धानक, दौलत मेघवाल, सुरेन्द्र सहारण,मदनगिर गोस्वामी, मानसिंह सैनी, बाबूलाल सैनी, रामप्रताप स्वामी, भगतसिंह भाकर, किस्तूर फौजी, जुगलाल बरोड़, दुर्गाराम जांगिड़, दिनेश प्रजापत, सुरजीत वर्मा, शरीफ लुहार, रामस्वरूप झाझड़िया, हनुमान कस्वां, कुंदन सैनी, सांवलाराम मेघवाल, विक्की भालेरी, प्रकाश खैरवा, दिनेश खंडेलवाल सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण सहारण ने कार्यक्रम का संचालन किया।





# शीतला माता को आज धराएंगे बास्योड़ा का नैवेद्य, घरों में नहीं जलेंगे चूल्हे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दिन माताजी को ठंडा नैवेद्य चढ़ाकर ठंडा खाने की परम्परा है। इस दिन घरों में चूल्हे नहीं जलेंगे। इससे एक दिन पहले गुरुवार को जिलेभर में राधन छठ पर घर परिवार को शीतलता प्रदान कराने व निरोगी रखने की कामना को लेकर बास्योड़ा माता का बासी भोग बनाया गया। शुक्रवार सवेरे महिलाएं सजधज कर शीतला माता मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगी तथा परिजनों को निरोगी रखने के साथ सुख-शांति की कामना करेंगी। जगह जगह मेले का आयोजन किया जाएगा। शहर के छीपाओली में शीतलामाता मंदिर में पूजा अर्चना होगी। इसको लेकर सवेरे से ही पूजा अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ लगेगी। शाम को मारु कुम्हार समाज की ओर से सरिया देवी मंदिर प्रांगण कुम्हार वाडा में पारंपरिक गैर नृत्य का आयोजन होगा। इससे पहले केशर विलास में भी गैर नृत्य का आयोजन होगा। जिसमें रामपुरा के ग्रामीण भाग लेंगे।

**आबूरोड।** अर्बुदांचल में शीतला सप्तमी का पर्व शुक्रवार को परम्परागत तरीके से मनाया जाएगा। जिसके चलते गुरुवार को दिनभर महिलाएं विभिन्न व्यंजन बनाने में व्यस्त रही। महिलाओं द्वारा शुक्रवार को माता की पूजा-अर्चना की जाएगी। माताजी को ठंडे भोजन का भोग लगाया जाएगा। माता की कथा श्रवण करेंगी। इसके बाद एक दिन पहले बनाए गए भोजन को ग्रहण किया जाएगा। पर्व के तहत कई मंदिरों में भजन संध्या के आयोजन किए जाएंगे। आबकारी, मानपुर व गांधीनगर सहित शहर व गांवों के शीतला माता मंदिरों पर आकर्षक सजावट की गई है।

# विकसित भारत युवा संसद चयन में धांधली का अरोप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** महाविद्यालय के छात्र हितेश कुमार नामदेव ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर विकसित भारत युवा संसद चयन में धांधली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। ज्ञापन में बताया कि राजकीय महिला महाविद्यालय सिरोही में विकसित भारत युवा संसद में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रिंसीपल की ओर से मनमर्जी से 5 जजों की बैठक बुलाकर फर्जी तरीके से विद्यार्थियों का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है। ऐसे में एक बार फिर से नई जांच बिठाकर चयन किया जाए, अन्यथा मेधावी छात्रो के साथ अन्याय होगा।

# जिले में एक भी प्रकरण 180 दिन से अधिक लंबित नहीं : अल्पा चौधरी

## अटल सेवा केन्द्र में हुई जिलास्तरीय जनसुनवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में माह के तीसरे गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सभागार में जिलास्तरीय जनसुनवाई अटल जनसेवा शिविर का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर ने सम्पर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए 30 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को परिवेदनाओं का संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने की बात करते हुए प्रकरणों



के निस्तारण में भी त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई। जिस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर चौधरी ने कहा कि जिले में एक भी प्रकरण 180 दिन से अधिक लंबित नहीं है। इसी प्रकार राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पंचायती राज संस्थान, विद्युत विभागों में कोई भी प्रकरण 60 दिन से अधिक लंबित नहीं होने से राजस्थान संपर्क पोर्टल पर सिरोही जिला कार्य प्रदर्शन निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शित हो रहा है। इस दौरान परिवादियों ने अतिक्रमण हटाने, सड़क निर्माण, सड़क मरम्मत, आर्थिक सहायता, साफ-सफाई, अवैध निर्माण, बजरी खनन, फर्जी भुगतान सहित कुल 26 परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# पहाड़ी को तोड़कर हो रहा था अवैध निर्माण, जारी किया नोटिस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** भाखरली महादेव मंदिर के पास एक व्यक्ति की ओर से पहाड़ी क्षेत्र को तोड़कर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिसको लेकर वार्ड पंच महेंद्र अग्रवाल ने कार्य को रुकवाने के लिए ग्राम पंचायत में जानकारी दी। जिसको लेकर प्रसाशक बंबी देवी भाट व ग्राम विकास अधिकारी रमेश कुमार विश्नोई भी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रुकवाया गया। मौके पर मोतीलाल पुत्र नरसाराम जैन के नाम से हो रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने के



लिए नोटिस जारी किया ओर निर्माण स्थल पर चस्पा किया। ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस जारी कर तुरंत प्रभाव से अतिक्रमण पर निर्माण कार्य को रोकने को लेकर अवगत करवाया। शुक्रवार को भूमि स्वामित्व संबंधी दस्तावेज ग्राम पंचायत में प्रस्तुत करने को लेकर कहा। अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी ग्राम पंचायत द्वारा कई बार अतिक्रमणियों को नोटिस जारी किए उसके बाद भी अतिक्रमण नोटिस को खाना पूर्ति मानते हुए निर्माण कार्य शुरू कर देते हैं।

# रामजन्मोत्सव पर 40 गांवों में निकलेगी शोभायात्रा

**विहिप पिण्डवाड़ा की बैठक में की चर्चा**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** शहर के सन्यांस आश्रम में गुरुवार को संत समाधान पुरी के सानिध्य, जिला मंत्री अशोक रावल तथा प्रखंड अध्यक्ष भवानीसिंह चौहान की अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रामजन्मोत्सव के सफल आयोजन की चर्चा की गई। विहिप जिला मंत्री रावल का स्वागत जिला समरसता प्रमुख राधेश्याम गर्ग व भंवर राठौड़ प्रवीणसिंह, भवर रावल एवं महेश राजगुरु ने किया। इससे पहले सभी ने संत समाधान पुरी का सम्मान किया। रणजीतसिंह ने ओमकार एकता मंत्र व विजया महामंत्र स बैठक का आगाज किया। जिसमें पिंडवाड़ा प्रखंड के



17 गांवो के विहिप पदाकारियो ने भाग लिया लेकर पिण्डवाड़ा प्रखंड के 40 गांवों में श्रीराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकालने एवं उत्सव को सफल बनाने पर जोर दिया। पिंडवाड़ा नगर में आगामी दिनों में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिला मंत्री रावल ने कहा कि नागपुर के महाल क्षेत्र में हुए हिंसक हमले के बारे में बताया कि यह केवल एक सांप्रदायिक हिंसा नहीं, बल्कि राष्ट्रद्रोह है। विश्व हिंदू परिषद, इस हमले की कड़ी निंदा करता है। प्रखंड मंत्री महेश राजगुरु ने नवीन घोषणाएं की जिसमे विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष घनश्यामसिंह, अरविन्द धर्माचार्य, सम्पर्क प्रमुख पुनाराम प्रजापत, सत्संग प्रमुख मंछाराम डांगी, समरसता प्रमुख दिनेश, अशोकसिंह, मार्त शक्ति संयोजिका किरण गर्ग, सह संयोजिका तरीषणा सोलंकी, पिण्डवाड़ा नगर संयोजिका लक्ष्मी वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष मंजू, दीक्षित, राधेश्याम गर्ग, सह मंत्री नरेन्द्रसिंह, उत्तम सुथार, नरेश, लाडुराम, बाबूलाल, छगन गहलोत, अभिषेक, नविन राज पुरोहित, दुर्गेश प्रजापत मौजूद थे।

# रामनवमीं पर्व की तैयारियों पर चर्चा

**आबूरोड।** वीएचपी बजरंग दल की बैठक में रामनवमीं पर्व की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी 6 अप्रैल को रामनवमी महोत्सव के चलते बाजार का सौंदर्यीकरण, कलश यात्रा व शोभायात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष भलाराम देवासी, प्रखंड मंत्री गिरीराजसिंह सिसोदिया, नगर मंत्री कांतिलाल, बजरंग दल से देवराजसिंह राठौड़, प्रखंड संयोजक नरेश कुमावत सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



# न्यूज ब्रीफ

## पुस्तकालय में आज शुरु होगा सदस्यता अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सारणेश्वर पुस्तकालय मे सत्र 2025-26 सदस्यता अभियान शुक्रवार से शुरु किया जा रहा है। लाईब्रेरियन प्रदीपसिंह राठौड ने बताया कि सत्र 2024-25 की सदस्यता 31 मार्च को समाप्त हो रही है। अतः सत्र 2025-26 के लिए पाठकों को अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करवाना होगा। जिसके लिये आवेदन पत्र पुस्तकालय से प्राप्त किया जा सकता है। सहयोग राशि 80 रुपए है। जो कि 31 मार्च 2026 तक मान्य होगी।

## शिविर में 212 मरीजों की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** सरकारी अस्पताल में गुरुवार को जिला अंधता निवारण समिति व ग्लोबल अस्पताल की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. बीना सूर्यवंशी, शिविर प्रबंधक देवेंद्रसिंह काबावत ओर मेडिकल टीम ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में कुल 212 रोगियों का निःशुल्क जांच की गई व 17 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। शिविर को लेकर आयोजन कर्ता भीखसिंह ओपावत ने बताया कि शिविर में 92 नेत्रदोष होने पर चश्मा का वितरण किया गया।

## मैराथन की तैयारियां जोरों पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अरावली मैराथन की तैयारियां जोरशोर से जारी है। लायंस क्लब आबूरोड अरावली अध्यक्ष रोनक सिंघल के अनुसार सफल आयोजन की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। प्रतिभागियों से अनुरोध हैं कि वह व्हाट्सएप समूह और समुदाय में शामिल हों। 22 मार्च को विष्णु धर्मशाला में दोपहर 4 से 5 बजे तक पंजीकृत प्रतिभागियों को टी. शर्ट वितरण किया जाएगा। वहीं 23 मार्च को सुबह 5 बजे बड़े पुल स्थित हनुमान मंदिर पर एकत्रित होंगे। सुबह 5 से 5.45 बजे तक वार्मअप के लिए जुम्बा सेशन होगा। सुबह 5.45 से 6 बजे तक 3 किमी और 5 किमी दोनों मार्गों के लिए फ्लैग ऑफ होगा।

## मनाया फागोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सांई बाबा चेरिट्रेबल ट्रस्ट की ओर से सांई बाबा मंदिर में रंग पंचमी पर फागोत्सव मनाया गया। जोधपुर के रामस्नेही संत मनोहरदास शास्त्री द्वारा झांकियां व बरसाने की लट्ठमार होली के साथ फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली गई। बरसाना व गोकुल की सखियों द्वारा ठाकुर जी के साथ झांकियां का आनंद लिया। आयो फागण रो त्योहार..., रंग मत डाले रे सांवरिया... रंग लेके खेलते गुलाल लेके खेलते... आदि गीतों पर किए गए नृत्य ने समां बांध दिया। रमता शर्मा व विशाल भाजनी ने भी भजन प्रस्तुत किए। ट्रस्ट अध्यक्ष विशाल तंवर, रमेश वैष्णव, नरेश गहलोत, कमलेश सैनी, संजय देसाई आदि ने व्यवस्थाएं संभाली।

## शीतला माता मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शीतला सप्तमी पर्व गुरूवार को बड़ी सब्जी मण्डी स्थित शीतला माता मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। पारसीचाल स्थित एक गेस्ट हाउस से शोभायात्रा शुरु हुई। बैण्ड बाजो के साथ मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा शीतला माता मंदिर पहुंची। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।दोपहर में माताजी का अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने शाम छह से रात दो बजे तक श्रृंगार दर्शन किए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी क्रम में कुम्हार मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर पर भी शोभायात्रा के बाद ध्वजा चढ़ाई गई।

## बाल मेलाः नन्हे कदम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, टाटा ट्रस्ट व महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 90 कार्यकर्ताओं व 80 बच्चों की भागीदारी रही। महिला एवं बाल विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सोमेश्वर देवड़ा ने कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। विकास के आयामों से जुड़ी पांचों प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की। सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत पंवार व राखी मिश्रा के अनुसार जिले में आंगनवाड़ियों के साथ जुड़कर प्रारम्भिक शिक्षा एवं देखभाल पर कार्य कर रहा है। आयोजन का उददेश्य सिरोही ब्लॉक में आंगनवाड़ी के बेहतरीन कार्यों के प्रदर्शन, पांचों विकास आयामों के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की प्रदर्शनी व अनुभवों के साझाकरण के लिए एक उपयुक्त मंच तैयार करना था। कार्यक्रम में सुबोध, सुपरवाइजर उत्तम, रुखसाना बेगम, योगिता, कैलाश व शैलेन्द्र उपस्थित थे।



# जेकेलक्ष्मी सीमेंट ने 45 विद्यार्थियों को वितरित की छात्रवृत्ति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपूरम।** जेके लक्ष्मी सीमेंट के सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत आसपास के गांवो एवं आदिवासी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। श्रीपति सिंघानिया कौशल केंद्र में गुरुवार को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रामपुरा,आदर्श, बसंतगढ़ एवं वालोरिया के आईटीआई, बीएसटीसी एवं बीएड का प्रशिक्षण ले रहे 45 युवाओं को संबल मिला। इसमें से 30 युवा जो वर्ष 2024-25 और 15 युवा जिनको पिछले वर्ष 2023-24 में भी सहयोग किया गया। श्रीपति सिंघानिया कौशल केंद्र में संचालित लाईब्रेरी में अध्ययन कर आरएएस प्री को पास करने वाले वालोंरिया गांव के भारमाराम गमेती को सम्मानित किया। मुख्य ब्लॉक




शिक्षा अधिकारी सुरेश प्रजापत ने कहा कि जेके लक्ष्मी सीमेंट युवाओं के कैरियर में आगे बढ़ने में क्या सहयोग चाहिए, उसे समझते हुए कार्य कर रही है। संस्था के यूनिट हेड राजेश केसवानी ने युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था युवाओं को कैरियर बनाने में सहयोग के लिए विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से सहयोग कर रही है और भविष्य में भी किसी भी प्रकार का सहयोग की आवश्यकता रहती है तो संस्था प्रबंधन यथासंभव सहयोग करेगी। उपाध्यक्ष लेखा विभाग एसएन रॉय, उपमहाप्रबंधक एचआर एवं आईआर प्रवीण पाठक, नीरज प्रजापति ने युवाओं को संबोधित किया। साथ ही दो युवाओं ने अपने अनुभव शेयर किए।

# विश्व गोरिया दिवस पर लगाए घौंसले

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** विश्व गौरेया दिवस पर सारणेश्वर मार्ग स्थित स्थित हिंदू शमशान, विभिन्न विद्यालयों, मंदिरों व घरों में गौरैया के लिए घोंसले लगाए गए। गोपालसिंह राव तथा जितेन्द्रसिंह बारड़ ने बताया कि गौरैया हमारे पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनकी संख्या में कमी के कारण हमारे इकोसिस्टम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समाज सेवी रघु भाई माली ने बताया कि गौरैया के लिए घोंसले लगाने की पहल एक सराहनीय कदम है। सभी ने पूर्वज वन का भी अवलोकन कर इसके विस्तार पर चर्चा की। शमशान परिसर में पशु पंक्षी एवं वृक्षों को पानी पिलाने के लिए एक टंकी निर्माण के लिए रघुभाई माली ने जल ही जीवन है (सेव वाटर) व्हाट्सएप ग्रुप सिरोही के भामाशाहों के सहयोग से 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। हिंदू शमशान सभा के अध्यक्ष धनपतसिंह राठौड़, भवानीसिंह चौहान, चंपतलाल मिस्त्री, जबरसिंह बारड़, विक्रमसिंह, दमयंती डाबी, जयदीपसिंह, चुनीलाल, रविंद्रसिंह परमार व विपुल गोस्वामी उपस्थित थे। जितेन्द्रसिंह बारड़ ने बताया कि पिछले 8 साल से 100 घोंसला हर वर्ष बनकर जहां पर भी चिड़िया है। वहां घौंसलें लगा रहे है।



# सीसीबी का 67वां स्थापना दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** दी सिरोही सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के सभागार में गुरुवारर को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं बैंक का 67वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रबंध निदेशक पूनाराम चोयल ने बताया कि बैंक की स्थापना 20 मार्च 1958 में हुई थी। वर्तमान में बैंक राशि रूपये 6.67 करोड़ के लाभ में है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई है। जिसकी पालना में आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को बैंक में बुलाकर वरिष्ठ प्रबंधक दीपिका सोनी ने बैंक कार्य की जानकारी दी। सोनी ने बताया कि मियादी अमानतों पर बैंक की अधिकतम ब्याज दर 444 दिवस के लिए 7.40 प्रतिशत तथा वरिष्ठ नागरिकों को 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज दिया जा रहा है। आदर्श विद्या मंदिर छात्रावास अधीक्षक बनवारीसिंह, बैंक प्रबंधक अविनाश अग्रवाल, बैंकिंग सहायक नवीन पथारिया, राजेन्द्रसिंह सोलंकी, वि' मसिंह, भरत सोलंकी, मयंक कुमार शर्मा, हरीश चौधरी, आकांक्षा मित्तल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



# रंग पंचमी पर आखरिया चौक में गेर नृत्य की धमचक

## सारणेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में खनके डांडिए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** शहर के आखरिया चौक स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति रंग पंचमी पर भव्य गैर का आयोजन संपन्न हुआ। सारणेश्वर महादेव सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित गैर शाम 7 बजे शुरू हुआ जो रात 10 बजे तक अनवरत चला। रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाते परिसर में अधिकांश गैरिये पारंपरिक वेशभूषा में नजर आ रहे थे। कई गैरिये पैरों में घुंघुरू बांध गैर नृत्य का आनंद ले रहे थे। संस्थान के सचिव माणक प्रजापत ने बताया कि इस गैर के प्रायोजक शिवगंज निवासी पाबू बाई शांतिलाल जैन हाल चेन्नई के सुपुत्र मुकेश जैन का सहयोग रहा। ढोल की थाप पर गैरियों के थिरकते कदम और खनकते



डांडिए राजस्थान के परम्परागत लोक नृत्य को सजीव कर रहे थे। संचालन सोमप्रसाद साहिल और अशोक गहलोत ने किया। नगर अध्यक्ष ताराराम कुमावत, प्रकाश भाटी, हीरालाल पालीवाल, सेवानिवृत्त पुलिस उप अधीक्षक गोपालदास रामावत, अशोक अग्रवाल, अशोक कुमावत, अल्पेश माली, लक्ष्मण परिहार, पुखराज परिहार, नारायणलाल परिहार, मांगीलाल टांक, अशोक गहलोत, मोहनलाल माली, प्रेमाराम प्रजापति, हितेंद्रसिंह, दूदाराम, किस्तूर चंदेल आदि उपस्थित थे। संस्थान के व्यवस्थापक सतपालसिंह राठौड़, जगपालसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष गेनाराम देवासी, सह कोषाध्यक्ष जयसिंह राठौड़, सदस्य पूनमसिंह पंवार, प्रेमसिंह, दिनेश परिहार, जीवाराम देवासी, रूपेश देवासी, चम्पत प्रजापत, प्रकाश माली, किस्तूर परिहार, श्रवण परिहार, राकेश पाराशर, भंवर प्रजापत, कैलाश कुमार, महेंन्द्र माली, रमेश देवासी, पारस घांची, मुकेश घांची ने व्यवस्थाएं संभाली।

# अनियमितताओं के चलते पर कार्रवाई, 15 दिन का निलंबन और 5000 रुपये का जुर्माना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** ई-मित्र परियोजना के अंतर्गत सेवाएं प्रदान करने वाले एक कियोस्क संचालक के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। एक शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया था कि ई-मित्र संचालक अविनाश कुमार ने खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने के लिए 1500 रुपये की अवैध राशि की मांग की थी। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित ई-मित्र कियोस्क निर्धारित स्थान की बजाय किसी अन्य स्थान जगदीश तिराहे पर संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा केंद्र पर आवश्यक रेट लिस्ट और अनिवार्य बैनर नहीं पाए गए, साथ ही अधिक राशि लिए जाने की पुष्टि हुई। उपखंडाधिकारी साधना शर्मा ने अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ई-मित्र कियोस्क को 15 दिनों के लिए निलंबित करने और 5000 रुपये का आर्थिक दंड लगाने का आदेश जारी किया है।

## पिकल बॉल कोर्ट का किया शुभारम्भ

**चूरू।** जीवन रेखा हॉस्पिटल में पिकल बॉल कोर्ट का शुभारम्भ पिकल बॉल संघ के महासचिव एवं कॉपरेटिव बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक संजय पूनिया ने फीता काटकर किया। पिकल बॉल संघ के अध्यक्ष महादेव सिंह महिया,जीवन रेखा मेडिकल के निदेशक डॉ.मनोहर भाटिया, डॉ.अमित,



महेश गोयनका, विवेक गोयनका, मिस्टर चूरू राकेश बेनीवाल, पुलकित मंडावेवाला, जयप्रकाश बागोरिया, शुभकरण माहिया, हजारीराम सारण, सुरेंद्र माहिया, कमल शर्मा, राजेश पिलानिया, पवन बरथवाल, राजेश वर्मा, किशोर राजपाल, मनीष क्याल, शाहिल चौधरी, देव सिंह राठौड़, अंगद, नक्श धायल, रवि आदि उपस्थित रहे। खेल जीवन का अभिन अंग है। जीवन को सार्थक बनाना है तो खेल को भोजन की तरह जीवन में एड करो। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक शिशुपाल बुडानिया ने किया।

## उपखंड के ग्राम धिरदेसर चोटिया मे शराब ठेके के विरुद्ध निरन्तर 201वें दिन धरना जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उपखंड के ग्राम धिरदेसर चोटिया मे शराब ठेका हटाने के विरुद्ध निरन्तर धरना चल रहा है। लेकिन सरकार एवं प्रशासन जनता की आवाज पर अब तक मौन है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई संगठन ने ली धरने की जानकारी धीरदेसर चोटियान गाँव में शराब ठेका बन्द करने की मांग को लेकर 201वें दिन ग्रामीणों का धरना जारी है । गाँव के युवा, बुजुर्ग एवं बच्चे लम्बे समय से शांति पूर्वक शराब बन्दी की मांग की मांग को लेकर संघर्षरत है । सरकार एवं प्रशासन जनता की आवाज पर अब तक



मौन है । राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष कुमार विनायकिया, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सरला आचार्य, जिला अध्यक्ष बीकानेर भारती व्यास, शहर अध्यक्ष कैलाश व्यास ने धरना स्थल पर पहुंचकर अवैध शराब ठेका संचालन की जानकारी ली एवं अफसोस जताया कि 7 महीने से ग्रामीण इस अवैध व्यापार के विरुद्ध धरने पर बैठे है एवं क्षेत्रीय विधायक, सांसद एवं प्रशासन को ज्ञापन देकर व्यक्तिगत रूप से इस शराब की अवैध बिक्री के कारण गांव के नोजवान इस लत में पड़ गए, नशे की हालात में गांव में हुए 7 मर्डर जैसी स्थितियों से अवगत कराया लेकिन अब तक आमजन की आवाज की कोई सुनवाई नहीं हुई । ऐसा लग रहा है कि पूरा सिस्टम अप्रत्यक्ष रूप से अवैध कारोबार में लिप्त है एवं जन भावना के साथ खिलवाड़ हो रहा है जो कि जनतांत्रिक व्यवस्था पर पप्रश्नचिन्ह है । गांव के आज धरने पर सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट श्याम सुन्दर आर्य, तेजाराम मेघवाल, केशराराम, कानाराम, रामचन्द्र, दयालाराम, सीताराम, बलबीर चोटिया, मोटाराम सांसी, किशन चोटिया आदि सहित अनेकों महिला पुरुष विधार्थी आदि उपस्थिति रहे ।। सभी ग्राम वासी चाहते हैं कि शराब का ठेका हमारे यहां तत्काल बंद हो। विभाग जनता की जायज़ मांग पर मोन है। सरकार जनता के धेर्य की प्रतीक्षा नहीं ले। तत्काल शराब ठेका स्थाई रूप से हटाया जाए।

## नितिन सोनी को मिली डॉक्टरेट उपाधि

**चूरू।** राजस्थान के रतननगर चुरू जिले के निवासी नितिन सोनी ने भारत में गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित कानून की प्रभावशीलता पर गहन



और विश्लेषणात्मक अध्ययन के शोध कर पीएचडी की। नितिन सोनी एडवोकेट ने राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में चेक पूर्ण कर टांटिया विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। नितिन सोनी ने बी.टीऍसी करने के बाद पद के बाद चेक पूर्ण की हैं। जानकारी में रहे की कानून से संबंधित पढ़ाई का कार्य बड़ा ही कठिन है। बहुत कम युवा ही इस और जाते हैं। सोनी ने बड़ी लगन मेहनत की तब जाकर इनको यह मुकाम हासिल हुआ। यहां तक पहुंचने में बड़ी मेहनत लगन की आवश्यकता होती है तब जाकर यह मुकाम हासिल होता है। इस उपाधि के मिलने पर नितिन सोनी को मेढ क्षेत्रीय स्वर्णकार संघ श्रीडूंगरगढ़ के अध्यक्ष ओमप्रकाश कडेल बाना बाबूलाल सहदेवडा गौ भक्त समाज सेवी पूर्व मेढ क्षेत्रीय स्वर्णकार संघ श्रीडूंगरगढ़ के पूर्व अध्यक्ष तथा अनेकों स्वजनों की चोतरफी बधाइयां मिल रही है।

# मालाखेड़ा-उमरैण आंगनवाडी केन्द्रों पर हुए घोटालों दबाने में लगा विभाग

## निदेशक ने नोटिस देकर मांगा जवाब, विभाग जांच के नाम पर कागजों में घुमा रहा है जांच

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** मालाखेडा और उमरैण आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषाहारों में हुए घोटाले की जांच के लिए उच्च अधिकारियों ने नोटिस देकर जवाब तो मांग लिया लेकिन यह सिर्फ जवाब कागजों में दब कर रह गए है। आज भी इन आंगनवाडी केन्द्रों पर तीन चार महीनों पुराने पोषाहार को बांटा जा रहा है।




### क्या है मामला

2 मार्च को एक समाचार मालाखेड़ा-उमरैण पंचायत समिति के आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषाहारों में भारी घोटाला शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था जिस पर निदेशक महिला बाल विकास ने एक लेटर या नोटिस महिला बाल विकास विभाग अलवर के उप निदेशक महेश चंद गुप्ता को जारी कर इस मामले मे संपूर्ण रिपोर्ट मांगी। निदेशक द्वारा मिले नोटिस के जवाब के लिए उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग अलवर ने एक पत्र मालाखेडा सीडीपीओ को क्रमांक 1225-26 दिनांक 3 मार्च को जारी कर इस मामले में जांच कर जवाब मांगा। उप निदेशक के पत्र को मिलते ही मालाखेड़ा-उमरैण के महिला बाल विकास विभाग में हडकंप मंच गया और उन्होंने इस मामले को दबाने के लिए महिला पर्यवेक्षकों से जवाब मांगा तो पर्यवेक्षक ने सेक्टर मिटिंग बुलाई जिसमें तीन सैक्टरों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही इस दौरान कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक में नोक झोक भी हुई कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैडम ये सारा मामला आपका करा धरा है ठेकेदार से मिलीभगत आपकी है आप हमे मीटिंग के बहाने बुला लेती हो और पीछे से ठेकेदार पोषाहार डाल देता है हमने कभी इस बारे में गौर भी नही किया कि माल पुराना है या नया इसका दोषी ठेकेदार है।

### जांच के माईने

कोई भी उच्च अधिकारी आज तक जांच करने किसी आंगनवाडी केन्द्र पर नही पहुंचा है जिससे यह बड़ी जांच कागजों में घूम कर ही रह गई है आज भी इन पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बैक डेट का पोषाहार बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बांटा जा रहा है जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है और राजस्थान सरकार को करीब 80 लाख का चूना प्रति माह लगाया जा रहा है यह सारा खेल मात्र चंद रूप्ये के लालच में किया जा रहा है। विभाग को चाहिए इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए क्योंकि यह मामला बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर है लेकिन विभाग के अधिकारी इस पर मिट्टी डाल कर दबाना चाह रहे है। लेकिन जांच अधिकारी यह भूल रहे है कि बच्चे और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े इस गौरख धंधे पर मीडिया की पैनी नजर रहेगी जब तक दोषियों को अंजाम तक नही पहुंचाया जाएगा तब तक उन्हें चैन से बैठने नही दिया जाएगा।

## सांभर रोड पेट्रोल पंप के पास खेत में लगी आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे के सांभर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पीछे गुरुवार को करीब 5.30 बजे एक खेत में भीषण आग लग गई, जिससे आग तेजी से फैलने लगी। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय पर दमकल नहीं पहुंचती, तो आग पेट्रोल पंप तक तक फैल सकती थी, जिससे बड़ी क्षति हो सकती थी। आग कैसे लगी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। राहगीरों ने आग देखकर तुरंत दमकल को सूचना दी। लोगों ने बताया कि खेत में आग लगी थी । तथा यहा बास,झाड़ियों और घास का क्षेत्र था, जिससे आग तेजी से फैल रही थी। आगजनी की इस घटना में कई पेड़ पौधे और घास जलकर खाक हो गई।

## रिश्ते हुए शर्मसार : भाई ने बहन को किया कलंकित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले के मकराना थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ड्रग्स की लत में डूबे बड़े भाई ने अपनी 15 साल की नाबालिग बहन के साथ रेप किया। जब पीड़िता ने इस बारे में अपने माता-पिता को बताया तो उन्होंने बदनामी के डर से बेटी की हत्या की साजिश रच डाली। किसी तरह पीड़िता ने अपने जीजा को फोन कर मदद मांगी और पूरी घटना बताई। पीड़िता के कुचामन सिटी निवासी जीजा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि अप्रैल 2020 में उसकी शादी पीड़िता की बड़ी बहन से हुई थी। कुछ दिन पहले उसकी साली ने फोन कर रोते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई ड्रग्स का नशा करता है और 1 से 10 फरवरी के बीच उसने नशे की हालत में उसके साथ कई बार रेप किया। पीड़िता ने जब माता-पिता को इसकी जानकारी दी तो पिता ने नशे में होने के कारण अनदेखी कर दी और मां ने बदनामी के डर से भाई का ही पक्ष लिया।

### मां-बाप ने बेटी को मारने की साजिश रची

लड़की ने आगे बताया कि जब उसने घटना के बारे में बताया तो माता-पिता ने पढ़ाई छुड़वा दी और उसे घर में बंधक बना लिया। मारपीट कर डराया गया और धमकी दी गई कि अगर किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया कि उसने परिवार के लोगों की बातचीत सुनी, जिसमें उसे रिश्तेदारों के यहां गुजरात भेजकर हत्या करने की साजिश बनाई जा रही थी।

### वकील की मदद से पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज

जीजा ने जयपुर हाईकोर्ट के एक वकील से संपर्क कर मामले की गंभीरता बताई। वकील ने मकराना जाकर पुलिस अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने लड़की और उसकी मां को थाने बुलाया। थाने में पीड़िता ने बताया कि उसके भाई ने रेप किया है। बयान के आधार पर बुधवार रात 11 बजे पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी।

### परिवार के सभी सदस्य मामले में संलिप्त

पीड़िता के परिवार में माता-पिता, बड़ी बहन और भाइ हैं। माता-पिता ने बेटी का पक्ष लेने के बजाय बदनामी से बचने के लिए उसकी हत्या की साजिश रच डाली। इस पूरे मामले में परिवार के सभी सदस्य संदिग्ध हैं और पुलिस अब जांच में जुटी है।

# कांग्रेसजन अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** एआईसीसी महासचिव, असम प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह और जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित कांग्रेसजनों ने केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के पिता स्वर्गीय कदम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके पैतृक गांव हरियाणा के जमालपुर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया की पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्वर्गीय यादव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और भूपेंद्र यादव जी से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की।

इस दौरा कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, सांसद संजना जाटव, विधायक ललित यादव, पूर्व मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत, पूर्व रिपुदमन गुप्ता, हरिशंकर रावत, मुकेश जूली, विजय पटेल, प्रधान खान, दीनबन्धु शर्मा, जमशेद खान, योगेश मेहता, कृष्ण यादव, पवन



विधायक जोहरीलाल लाल मीणा, कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान,आर्यन जुबेर, संजय यादव, श्वेता सैनी, अजीत यादव, बिजेन्द्र महलावत, बलराम यादव, रोहिताश चौधरी, विनोद कुमारी सांगवान, जाकिर हुसैन, विश्राम गुर्जर, संजीव बारेठ, हिम्मत चौधरी, दिनेश राघव, अंकित गोयल, राकेश बैरवा, अखूतर खान, जे डी आर्यन, साजिद खटाना, भूपेन्द्र गुर्जर, विकास यादव, विकास शेखावत, दयाराम सरपंच, राजेश विरमानी, वीर नारायण यादव, हुकुम सिंह निर्भय आदि मौजूद रहे।



### सिलीसेढ सहित अनेक स्थानों पर किया मंत्री ने किया अवैध प्लाटिंग का सर्वे

# प्रभारी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भूमाफियाओं को लेकर यूआईटी में अफसरों की क्लास ली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर के भूमाफिया से नेता बने छुटभैया नेताओं की अब खैर नही क्योंकि अलवर प्रभारी मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा अब पूरी तरह से एक्शन में आ चुके है उन्होंने आज भी सिलीसेढ जयपुर रोड सहित अनेक स्थानों पर हो रही अवैध प्लाटिंग को देखा और अधिकारियों की क्लास ले ली।

अब सिलीसेढ तिराहे पर छुटभैया नेताओं द्वारा की जा रही हजार-हजार गज की प्लाटिंग को बचाना इनके लिए एक सवाल बन गया है। कैबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा गुरुवार दोपहर के बाद अचानक अलवर यूआईटी सचिव के चैंबर में पहुंच गए। सचिव तो दफ्तर में नहीं मिली। लेकिन डॉ किरोड़ी ने अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाया और उनके जवाब लिए कि अलवर में भूमाफिया कितनी जगह सरकारी जमीनों पर कब्जे करके बैठा है। कहां कितना विकास हुआ है। अतिक्रमण के मामले क्यों दबा दिए जाते हैं।

अफसरों से बड़े बिल्डरों के अवैध कब्जों की जानकारी ली। इसके अलावा खुद की ओर से भेजी गई शिकायतों पर लिए गए एक्शन की जानकारी ली। डॉ.किरोड़ी ने कहा कि पिछली बार अलवर आया तो अलवर के लोगों ने शिकायत की थी कि भूमाफिया कई जगह कब्जे करके बैठ गए हैं। भूमाफिया बेखौफ है। प्रशासन के अधिकारी दबाव में होने के कारण एक्शन नहीं ले पा रहे हैं। वे यहां मीटिंग के दौरान बातचीत में पता चला कि हेल्पलेस हैं। अधिकारी अच्छे हैं। एक दिन पहले बड़ा अतिक्रमण हटाया है। कहीं अन्य जगह है वहां भी अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। सब पर बराबर कार्यवाही होनी चाहिए। इस मामले में सरकार के स्तर पर भी बातचीत की जाएगी।

एक दिन पहले अलवर यूआईटी ने केसरपुर में करीब 25 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया है। जिसकी किरोड़ी मीणा ने शिकायत की थी। डॉ किरोड़ी ने कहा कि मुझे जानकारी मिली थी कि मेरी पार्टी के छुटभैया भी अतिक्रमण करने में लगे हैं। लेकिन चाहे किसी भी पार्टी का नेता हो या कोई दूसरा। गलत काम करने वालों पर एक्शन होना चाहिए। यही भी कहा कि जो मंदिर माफी की जमीन को भी नहीं छोडना तो कुकर्म जैसा है। ऐसे लोगों के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए।

अलवर के एक बड़े बिल्डर की शिकायत पर डॉ किरोड़ी ने कहा कि मुख्य सचिव को शिकायत की थी। चाहे कोई कितना ही बड़ा हो। गलत काम किए हैं तो जवाब किए जाएंगे। नियम के अनुसार कार्यवाही भी होगी। अब माफिया से डरने की जरूरत नहीं है। अब मैं जनता के साथ खड़ा हूं। इसके बाद डॉ किरोड़ी सिलीसेढ़ में होटलों को मुआयना करने पहुंच गए।

## पत्रकार को मातृ शोक

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड में शहर के वरिष्ठ पत्रकार अनिल वर्मा की माताजी और अंग्रेजी गुरु स्व.सीताराम वर्मा की धर्मपत्नी वृंदादेवी का आज निधन हो गया। जिस पर सभी पत्रकारो और सामाजिक और



राजनीतिक लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। वरिष्ठ संवाददाता अनिल वर्मा की माताजी वृंदादेवी जिनकी आयु लगभग 88 वर्ष थी,जिनका निधन गुरुवार की सुबह हो गया। जिनका अंतिम संस्कार तुलसीवन स्थित मुक्तिधाम में किया गया है,जहां उनके पुत्र मुकेश वर्मा,कन्हैया वर्मा और पौत्र प्रशांत सोनी एवं अन्य सैकड़ों जनों की मौजूदगी उनके पुत्र अनिल वर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर अनिल वर्मा द्वारा मुक्तिधाम और बम बम आश्रम के विकास के लिए 11000-11000 रुपए की दान राशि देने के लिए संकल्प लिया गया।

अनिल वर्मा की माताजी वृंदादेवी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।धौलपुर माध्यमिक शिक्षा विभाग कार्यालय में कार्यरत वृंदादेवी के पौत्र प्रशांत सोनी ने बताया कि- शोक सभा उनके निवास स्थान कोट पाड़ा बाड़ी में नियमित होगी। वही वृन्दादेवी के निधन पर सोशल मीडिया सहित लोगों ने उनके निवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

## 6 वर्षीय आहिल रजा ने रखा जीवन का पहला रोजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी ।** शहर के मोहल्ला व्यापारियान निवासी मोहम्मद असलम बिसायती और शमीम



बेगम के महज 6 वर्षीय पौत्र आहिल रजा कुरैशी ने रमजान के पवित्र महीने में रोजा रखकर सभी को चौंका दिया। इतनी कम उम्र में उसका यह संकल्प देखने लायक था। परिवार के साथ स्थानीय लोगों ने भी उसकी हिम्मत की सराहना की। आहिल के पिता अल्ताफ कुरैशी और अम्मी फरीदा बेगम के मुताबिक, आहिल ने खुद ही रोजा रखने की इच्छा जताई थी और पूरे दिन बिना पानी व भोजन के रहकर इबादत की। रोजा मुकम्मल होने पर आहिल ने पूरे परिवार के साथ बैठकर देश में अमन चैन और सौहार्द के लिए दुआएं की ,इसके बादसबने इफ्तारी की। रोजा खोलने के बाद मगरीब की नमाज अदा की। इसके बाद बाद परिवारों वालों ने आहिल को माला पहनाकर हौसला अफजाई की। मासूम की धार्मिक आस्था और संयम को देखकर सभी प्रभावित हुए। क्षेत्रवासियों ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह अगली पीढ़ी में सब्र और आस्था की भावना को दर्शाता

# विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में सहायक होगी महिलाओं की भागीदारी : आर्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** एक राष्ट्र एक चुनाव का विषय आज के सन्दर्भ में सर्वाधिक प्रासंगिक व बेहद जरूरी है। हम इसके माध्यम से विकसित भारत के स्वप्न के अवसर को साकार होते देख सकते हैं। यह स्वप्न तभी साकार होगा जब इसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। देश के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी महिलाओं की भागीदारी, ये विचार जिला प्रमुख वन्दना आर्य ने राजकीय लोहिया महाविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर प्रस्तुत किये।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता, जिसमें चूरू, सीकर व झुंझुनूं जिले समाहित हैं, का उद्घाटन महाविद्यालय के सभागार में करते हुए जिला प्रमुख ने कहा कि आधी आबादी के समुचित विकास व उनकी सक्रिय भागीदारी ही विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी। जिले के प्रतिष्ठित लोहिया महाविद्यालय में आज जिला स्तरीय प्रतियोगिता का



उद्घाटन हुआ। इस प्रतियोगिता में ''एक राष्ट्र एक चुनाव-विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम'' विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस प्रतियोगिता में चूरू सहित सीकर व झुंझुनूं जिले के अन्तिम रूप से चयनित 150 युवा भागीदारी करेंगे, जिनमें से अन्तिम रूप से 10 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा और ये प्रतिभागी राज्य विधानसभा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। तत्पश्चात् अन्तिम कड़ी में देश की संसद में होने वाली प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. मंजु शर्मा ने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नवीन ऊर्जा का न केवल संचार करती हैं अपितु राष्ट्र निर्माण में युवाओं की समुचित भागीदारी के संकल्प को भी सुनिश्चित करती हैं। नेहरू युवा केन्द्र के सहायक निदेशक मंगल जाखड़ ने प्रतियोगिता के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता की शुरूआत 2019 में हुई और यह इस प्रतियोगिता का पांचवां संस्करण है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे तरूण व युवा देश भारत है और भारत के युवाओं के विकसित राष्ट्र के लिए विचार जानने का यह एक सार्थक उपक्रम है। माननीय प्रधानमंत्री जी का 2045 में विकसित राष्ट्र का जो संकल्प है उसे साकार करने का दायित्व युवाओं पर है। यदि 2025 के युवा विकसित राष्ट्र की दिशा में सोचेंगे तो 2045 में यह स्वप्न साकार होगा। उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने कहा कि युवा संसद के माध्यम से एक राष्ट्र एक चुनाव की विकसित राष्ट्र में क्या भूमिका होगी? उसकी संवैधानिक स्थिति क्या होगी? इस पर जनता के विचार विशेषकर युवाओं के विचार राष्ट्र के सम्मुख रखने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। शिक्षित व विचारशील युवा ही विकसित भारत का स्वप्न साकार करेंगे। कार्यक्रम के आरम्भ में सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के पश्चात् अतिथियों का प्रो. अरविन्द शर्मा, प्रो. वीना ढेनवाल, प्रो. हेमन्त मंगल, प्रो. बी. एल. मेहरा, सहायक आचार्य जयप्रकाश, शान्तनु डाबी, संजु झाझड़िया, मो. जावेद खान व मैकेनिक भंवर लाल वर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर के स्वागत किया।

# पंचायत समिति में हुई जीपीडीपी की कार्यशाला



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी पंचायत समिति में हाल ही में ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP /LSDG) पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पाली जिला परिषद के नरेगा एक्सईएन हरीश चौहान की अध्यक्षता में अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यशाला में एईएन नरेगा पाली अजय थानवी और देसूरी एईएन कुंभसिंह भाटी ग्राम विकास अधिकारी अचलसिंह सोलंकी और ढलाराम चौहान भी उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं की प्रभावी तैयारी और क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को सक्षम बनाना था।

पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पंचायतीराज विभाग एवं लाइन विभाग के कार्मिकों के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत अनोमोदित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। इससे पहले, देसूरी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत सिंदरली में सरपंच कानाराम मेघवाल की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें हरियाली राजस्थान के तहत पौधारोपण किया गया और सरकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में समग्र विकास को बढ़ावा देना और स्थानीय प्रशासन को सशक्त बनाना था।

इस अवसर पर अतिरिक्त विकास अधिकारी ललित व्यास, मास्टर ट्रेनर भरतसिंह राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, ललित व्यास, विकास कुमार गोयल, ग्राम विकास अधिकारी गलाराम मेघवाल, मांगीलाल चौहान, गणेशराम, राकेश कुमार, अशोक कुमार, रामेश्वर कुमार, प्रवीण सोनल, साक्षी गुर्जर, रूपसिंह चारण, उम्मेदसिंह राणावत, कालूराम मेघवाल आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय जणवा चौधरी समाज का महासम्मेलन 30 को

**फालना।** कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल ने अखिल भारतीय जणवा चौधरी समाज के धर्मगुरु गांदी पति महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ छोटू महाराज दांतीवाडा को निमंत्रण पत्रिका देकर कार्यक्रम में आमंत्रित किया। कार्यक्रम में संत सानिध्य धर्म गुरु संतोष दास महाराज महामंडलेश्वर करुणाकरण दास महाराज, गुरुदेव संत श्री पकाराम महाराज, श्री केरा महाराज, महंत श्री राघव दास महाराज, महंत श्री दशरथ दास महाराज बुआजी राजू भाई का रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, खासदार अरविंद सावंत, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, सांसद मिलिंद देवड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के पुरोहित होंगे। विशेष अतिथि आमदार अजय चौधरी, नगर सेवक सचिन पाडवल, पूर्व शाखा प्रमुख शेखर व्यास होंगे। सम्मानित अतिथि सह पुलिस आयुक्त सत्यनारायण चौधरी, सह पुलिस आयुक्त योगेश गावडे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप पोपट होंगे। देर रात्रि भक्ति संध्या का आयोजन होगा जिसमें राजस्थानी भजन कलाकार भीकाराम देवासी एंड पार्टी कोट बालियान द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंच संचालन एडवोकेट विजय राज चौधरी मुंडारा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर प्रतिनिधि मंडल के लुंबाराम चौधरी, हीराराम चौधरी, मुरखा दिनेश चौधरी खुडाला, हाकाराम चौधरी मुणडारा, विनोद चौधरी डुगरली, दिनेश चौधरी, मोहन चौधरी लालराई ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों समाजसेवी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया।



# पार्षदों की गैर-स्वीकृति से लिए गए प्रस्ताव खारिज करने की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** सादड़ी नगरपालिका में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। बीती 13 फरवरी को नगरपालिका ने एक वर्ष के अंतराल के बाद बोर्ड की आमसभा में मात्र 20-25 मिनट में 51 करोड़ 14 लाख नौ हजार रुपए का बजट पारित कर दिया था। नेता प्रतिपक्ष राकेश मेवाड़ा ने डीडीआर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि बजट बैठक में केवल एक एजेंडा था। लेकिन पार्षदों के विरोध के बाद नगरपालिका ने एक माह बाद जो प्रोसीडिंग कॉपी दी, उसमें कई एजेंडे जोड़े गए थे। मेवाड़ा ने इसे गैरकानूनी बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

13 फरवरी को आयोजित बैठक में पालिकाध्यक्ष खुमी देवी बावरी, उपाध्यक्ष हीराराम जाट और अधिशासी अधिकारी नीलकमल सिंह उपस्थित थे। कई पार्षदों के पहुंचने से पहले ही बैठक समाप्त कर दी गई। एक माह बाद भी पार्षदों को बैठक की प्रोसीडिंग कॉपी नहीं मिली है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षद आशंकित हैं कि एजेंडे में बिना शामिल किए गए प्रस्तावों को बाद में जोड़ा जा सकता है। इसको लेकर पार्षदों ने शिकायत की तभी नगरपालिका ने प्रोसिडिंग कॉपी दी तभी यह मामला सामने आया। अब गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राकेश मेवाड़ा, पार्षद रमेश प्रजापत व वसीम नागौरी ने डीडीआर जोधपुर, पाली जिला कलेक्टर व देसूरी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर जिम्मेदारों पर कानूनी कार्रवाई व बिना एजेंडे लिए प्रस्ताव को भी निरस्त करने की मांग की।



## सोशल मीडिया पर भाजपा पार्षद ने भी लगाया प्रोसेडिंग कॉपी नहीं देने का आरोप

दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर भाजपा पार्षद नारायण राइका ने नगर पालिका प्रसाशन पर नगर पालिका बोर्ड बैठक की कॉपी नहीं देकर बिना बताए नए-नए एजेंडे लेकर पार्षदों को गुमराह करने का आरोप लगाया। आरोप की जानकारी सोशल मीडिआ पर आते ही जनता में ये विषय लगातार चर्चा मे रहा। भाजपा के बोर्ड मे भाजपा पार्षद भी बोर्ड के कार्य से असंतुष्ट नजर आ रहे है।

# आशापुरा माताजी का लक्खी मेला कल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


**नाडोल।** कस्बे में प्रख्यात धाम राज राजेश्वरी मां आशापुरा का मेला कल 22 मार्च शनिवार को भरेगा। आशापुरा माताजी पाटस्थान मंदिर ट्रस्ट व्यवस्थापक लालसिहं शक्तावत ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर आज शुक्रवार रात्री को एक शाम आशापुरा माताजी के नाम भजन संध्या का आयोजन प्रख्यात भजन गायकों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। मेले के दिन कल 22 मार्च शनिवार को प्रातः आठ बजे मंदिर के शिखर पर कोठारी (जैन) परिवार द्वारा ध्वजा चढाने के साथ ही मेला का शुभारंभ होगा। दिनभर लगने वाले मेले में प्रसिद्ध गेर दलों की ओर से गेर नृत्य होगा। ट्रस्ट द्वारा मेलार्थियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था एवं मेले में हाट बाजार में दुकाने एवं झूले लगाने के लिए स्थान की उचित व्यवस्था की गई है। मेले में देश एवं प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु आशापुरा माताजी के दरबार में पहुंचते हैं।




# देसूरी तहसील में किसान सम्मान निधि योजना में गड़बड़ी

## प्रदेश के बाहर के 4,793 खातों में ट्रांसफर हुए डेढ़ करोड़ रुपए









**देसूरी।** देसूरी तहसील में किसान सम्मान निधि योजना में डेढ़ करोड़ रुपए का गड़बड़ सामने आया है। प्रदेश के बाहर के 4793 खातों में करीबन एक करोड़ 51 लाख 24 हजार रुपए ट्रांसफर हुए है। इससे पूर्व रानी मारवाड़ जंक्शन में भी ऐसे मामले घट चुके है। इस मामले को लेकर देसूरी तहसीलदार हरेन्द्रसिंह चौहान ने देसूरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। तहसीलदार चौहान ने बताया कि पीएम किसान आईडी पर वार्षिक भौतिक सत्यापन के दौरान लगभग 32 हजार फर्जी ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने पर संदेहास्पद प्रतीत होने पर उन आवेदनों का अवलोकन दिसंबर 2020 में कराया गया जिसमें ज्यादातर आवेदन पश्चिम बंगाल व बिहार के मिले। जो देसूरी तहसील क्षेत्र के बाहर के किसान है। इन किसानों के खाते नंबर भी बाहर के है। संदेहास्पद स्थिति पाए जाने पर सभी प्रकरणों का पटवारी से भौतिक सत्यापन कराया गया। जिसमें से लगभग 20 हजार (अन्य राज्य, मृत्यु, आयकरदाता व राजस्व रेकॉर्ड में नाम त्रुटि) अपात्र किसानों को जनवरी 2021 में अपात्र घोषित कर दिया। इन किसानों के सीएससी/सेल्फ रजिस्ट्रेशन के बाद फर्जी तरीके से स्वप्रमाणित किया जाना प्रतीत होता है। जिसके कारण राजकीय राशि का हस्तांतरण अपात्र किसानों के खाते में होने के कारण राजकीय राशि का दुरूपयोग हुआ है। तहसीलदार द्वारा देसूरी थाने में मामला दर्ज कराया गया है जिसको लेकर देसूरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। देसूरी में वर्ष 2019, 2020 में यह गड़बड़झाला हुआ है। देसूरी तहसील से संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गई थी। वर्ष 2019, 2020 में इस तरह के मामले में तहसील कार्यालय से संबंधित अधिकारियों को सूचना भेजी गई थी, जिस पर उन्हें वापसी में जवाब मिला कि तकनीकी समस्याओं के कारण यह वृद्धि हुई है, इसे दिल्ली टीम द्वारा कुछ समय में ठीक कर लिया जाएगा।

# ग्रीन विनाश पब्लिक स्कूल में वाटर कूलर भेंट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** गर्मियां आते ही भामाशाह विभिन्न विद्यालयों में छात्रों के पिने के लिए स्वच्छ पानी हेतु ग्रीन वीनस पब्लिक स्कूल में वाटर कूलर भेंट कर जन्मदिन मनाया। नाडोल के ग्रीन वीनस पब्लिक स्कूल में भामाशाह महेंद्र कुमार देवानंद चौधरी वीरमपुरा ने अपना 26वां जन्मदिन विद्यालय वाटर कूलर भेंट कर छात्रों के साथ कैक काटकर मनाया। इस अवसर पर प्रेरक यशपाल सिंह पप्सा भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य विनोद टैलर ने भामाशाह का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय स्टाफ देवेन्द्र कुमार, इरफान खान, धर्मेन्द्र सिंह, कमलसिंह, रमेश कुमार, हितैष सुथार, रत्ना जांगीड़, ममता चौधरी एवं कोमल ने भामाशाह एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।



# खेल प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास करने वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** एस.पी.यू. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फालना में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उदघाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एस.पी.यू. जैन शिक्षण संघ के सह सचिव अंकित राठौड़, सह कोषाध्यक्ष विपिन चौधरी, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य अमित मेहता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. सुरेश चंद्र अग्रवाल सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा. हिमांशु मेहता द्वारा की गई। जिन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के मध्य होने वाली सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं खेल का दैनिक जीवन में उपयोग विषय पर अत्यंत मार्मिक एवं उपयोगी वक्तव्य दिया। डा. सुरेश चंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की महत्ता, जीत से उत्पन्न अहंकार एवं हार से उत्पन्न निराशा को दूर करने में खेल प्रतियोगिताएं सकारात्मक भूमिका निर्वाह करती है। महाविद्यालय के उपाचार्य डा. गौतम शर्मा के द्वारा बताया गया कि तनाव मुक्त रहने के लिए खेल जीवन में एक आवश्यक तत्व की भूमिका निभाता है, जिस कारण महाविद्यालय में समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। खेल अधिकारी चंद्रपाल सिंह चौहान ने खेल दिवस प्रतिवेदन के साथ वर्षपर्यंत महाविद्यालय में हुई खेल गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए पधारे गए। सभी संस्था पदाधिकारीयों को विद्यार्थियों में खेल के प्रति सकारात्मकता लाने हेतु धन्यवाद दिया। खेल दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम 100 मीटर दौड़ छात्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हितेश कुमार, द्वितीय स्थान हर्षवर्धन सिंह, तृतीय स्थान शिवा प्रजापत ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ छात्रा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान नर्बदा कुमारी, तृतीय स्थान भावना धवल ने प्राप्त किया। 1600 मीटर दौड़ छात्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रकाश कुमार, संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान शिवराज प्रताप सिंह एवं प्रवीण कुमार, तृतीय स्थान निर्मल कुमार ने प्राप्त किया।



कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक आचार्य डा. ललित कुमार, डा. युधिष्ठिर शर्मा, मोहम्मद यामीन, विनिशअरोड़ा, पुरुषोत्तम भास्कर, डा. मगन लाल , डा. एकता झा, डा. अरविंद सिंह चौहान, डा. चेनाराम, डा. मनोज कुमार शर्मा, डा. ऋषि माथुर, माधवी श्रीमाली, मांगीलाल, डा. ललित मोहन, डा. अंशुल शर्मा, अपेक्षिता आशिया, मोहम्मद शकूर और अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन ओम प्रकाश और सहायक आचार्य के द्वारा किया गया।


# बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**लोक स्वास्थ्य विभाग**
**एचओ/727/सीबीएमएच दिनांक 20.03.2025**
**बृहन्मुंबई महानगर पालिका**
**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | लोक स्वास्थ्य विभाग |
| उप विभाग | मां साहेब मीनाताई ठाकरे ठाकरे प्रसुति गृह |
| विषय | मां साहेब मीनाताई ठाकरे ठाकर प्रसुति गृह में इंडोर पेशंट्स हेतु ब्रेकफास्ट एवं थाली का प्रावधान। **2025-एमसीजीएम-1152773-2** |
| ई-निविदा विक्रय | 21.03.2025 को 09.00 बजे 02.04.2025 को 13.00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| संबंधित अधिकारी का नाम | डॉ. वैष्णवी पाटील, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, मां साहेब मीनाताई ठाकरे प्रसुति गृह, चुनाभट्टी, मुंबई 400022 |
| मोबाइल नं. | 9833810989, 9892863818 |
| ई-मेल पता | **chunabhattimh@gmail.com** |

हस्ता./-
**PRO/2884/ADV/2024-25** **मां साहेब मीनाताई ठाकरे प्रसुति गृह, चुनाभट्टी**

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।


# 35 साल के चरवाहे को जबड़े में दबोचकर गुफा की तरफ ले गया, मौत

### जवाई के जंगल में तेंदुए का खूनी हमला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली के जवाई क्षेत्र के जंगल में बकरियां चराने गए एक चरवाहे पर गुरुवार को लेपर्ड ने हमला कर दिया। चरवाहे की गर्दन जबड़ों में दबोचकर लेपर्ड अपनी गुफा की तरफ ले गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक चरवाहे की मौत हो चुकी थी। बाली के जवाई बांध के पास जंगल में हुई। पशुपालक की पहचान बलवना गांव निवासी भोलाराम (25) पुत्र कानाराम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी बॉडी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाई है। वन विभाग की टीम लेपर्ड की तलाश में जुटी हैं। सीओ सुमेरपुर जितेन्द्रसिंह ने बताया कि मृतक की बॉडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई है। सूचना मिली थी कि मृतक भोलाराम पर लेपर्ड ने हमला किया। वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद वनविभाग ने लैपर्ड को पकड़ने के लिए दो पिंजरे भी लगा दीए है।



# पाली में जल जीवन मिशन में 125 करोड़ का घोटाला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में जल जीवन मिशन योजना में बिना पाइप लाइन बिछाए ही ठेकेदारों को भुगतान घोटाला किया गया है। ऐसा आरोप लगाते हुए विधानसभा में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी ने मामला उठाया और पूरे मामले की जांच करवा दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाइ की। विधानसभा में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की इस योजना में अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से बड़ा घोटाला हुआ। करीब 125 करोड़ की मेगा प्रोजेक्ट बने योजना के तहत रानी के 68, देसूरी के 78 बट और बाली के 78 गांवों सहित कुल 224 गांवों और 123 ढाणियों में हर घर जल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने की योजना स्वीकृत हुई थी। तीन साल पहले दो फर्मों को ठेका मिला। मगर इन फर्मों ने अफसरों की मिलीभगत से बिना पाइपलाइन बिछाए करोड़ों रुपए का भुगतान उठा लिया।

**पाइप लाइन बिछाए बिना कर दिया भुगतान**

जवाई क्लस्टर चार प्रोजेक्ट के तहत कई गांवों में 16,000 मीटर से ज्यादा लंबी पाइपलाइन बिछाई ही नहीं गई। मगर भुगतान कर दिया गया। डायलाना क्लस्टर में पंप हाउस से जंक्शन तक 10 एमएम और 250 एमएम की डीआई 6920 मीटर लंबी पाइपलाइन का भुगतान हुआ। मगर मौके पर पाइपलाइन नहीं मिली। दांतीवाड़ा क्लस्टर में छह से 12 सोलंकियान तक 150 एमएम की 3890 मीटर लंबी पाइपलाइन के लिए भुगतान हुआ। मगर वहां भी पाइपलाइन नहीं थी। घाणेराव से घनेरा ईएसआर तक 150 एमएम की 1459 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछानी थी। मगर जांच में मौके पर पाइप लाइन का नामोनिशान नहीं मिला।



**ठेकेदार भाग गए, लाइनें बाहर पड़ी, कार्रवाई की मांग**

खिंवाड़ा में सिवास तक डीआई पाइपलाइन बिछानी थी। मगर वह भी नहीं थी। जब ठेकेदारों को जांच की भनक लगी तो दीपावली से एक दिन पहले रातभर में पाइपलाइन डालने का दिखावा किया। मारवाड़ जंक्शन के 130 गांवों में 53 ठेकेदारों ने काम किया। मगर पूरी योजना चौपट हो गई। कई ठेकेदार भाग गए। पाइपलाइनें बाहर पड़ी हैं। विधायक ने इस घोटाले की जांच करवाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।


# बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**स्वास्थ्य विभाग**
के.बी. भाभा महापालिका जनरल हॉस्पिटल, आर.के. पाटकर मार्ग, बांद्रा (पश्चिम), मुंबई 400050
फोन नं. 26422775, 26422541, 26429828 विस्तारः 4506
नं. एचओ/16348/केबीबी दि. 20.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

चिकित्सा अधिक्षक, के.बी. भाभा महापालिका जनरल हॉस्पिटल, बांद्रा (प), मुंबई 400050 द्वारा एक वर्ष (11 माह) की अवधि हेतु सूचीबद्ध खाद्य पदार्थो के निर्धारित दरों पर अधिकतम रॉयल्टी आधार पर लीव एंड लायसेंस पर रेसिडेंट मेडिकल ऑफिसर्स हेतु आर.एम.ओ. मेस संचालन हेतु ऑनलाइन एकल बोली ई-निविदाएं आमंत्रित है।

ई-निविदा सूचना संबंधित विस्तृत विवरण बृहन्मुंबई महानगर पालिका की वेबसाइट www.mahatenders.gov.in से केवल नेटबैंक द्वारा ई-निविदा के मूल्य का भुगतान पर उपलब्ध रहेंगे।

**2025-एमसीजीएम-1162965**

ऑनलाइन ई-निविदा का विवरण इस प्रकार हैः

| | |
|---|---|
| 1 ऑनलाइन ई-निविदा प्रपत्र के विक्रय की प्रारंभ दिनांक | 21.03.2025 को 11.00 बजे से |
| 2 ऑनलाइन ई-निविदा प्रपत्र के जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 28.03.2025 को 11.00 बजे तक |
| 3 ऑनलाइन ई-निविदा प्रपत्र | रु. 330/- + 18% जीएसटी प्रत्येक |
| 4 ईएमडी | रु. 10,000/- अंतिम दिनांक को 11.00 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करें |
| 5 ऑनलाइन ई-निविदा खुलना (लिफाफा ए एवं बी) तकनीकी | 02.04.2025 को 15.00 बजे |
| 6 वित्तीय लिफाफा सी खुलने की संभावित दिनांक | 04.042025 को 11.00 बजे |

सभी बोलीदार खाद्य पदार्थो के सेंपल गुणवत्ता एवं शुद्धता के परिक्षण हेतु समिति के पास जमा करेंगे एवं समिती उच्चतम बोलीदार को तदनुसार अवगत कराएंगे तथा चिकित्सा अधिक्षक, के.बी. भाभा हॉस्पिटल, 7 वा तल, बांद्रा (प), मुंबई 400050 के पास अनुसूची जमा करेंगे।

महानगर पालिका आयुक्त के पास बिना कारण बताएं किसी भी सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-
**PRO/2878/ADV/2024-25** **उप प्रमुख चिकित्सा अधिक्षक**
**के.बी. भाभा हॉस्पिटल, बांद्रा (प)**

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# पहले ही दौर में हारकर बाहर हुईं पीवी सिंधू



**प्रणय को हराकर श्रीकांत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू बुधवार को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। सिंधू का इस साल खराब प्रदर्शन जारी है। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी जूली जैकबसेन से 61 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हरा दिया। सिंधू इस साल लगातार तीसरी बार पहले दौर से बाहर हुई हैं। उन्होंने इंडियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर साल की शुरुआत की थी, लेकिन इंडोनेशिया मास्टर्स, ऑल इंग्लैंड ओपन और अब स्विस ओपन में राउंड एक से आगे नहीं बढ़ सकी। इस टूर्नामेंट को उन्होंने 2022 में जीता था। दुनिया के 64वें नंबर के खिलाड़ी क्वालिफायर शंकर सुब्रमण्यन ने पुरुष एकल में मैग्नस जोहानिसन को 21-5, 21-16 के प्रभावी स्कोर से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना डेनमार्क के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय-इशारानी बरुआ अपने मैच जीतकर आगे बढ़ने में कामयाब रहीं।


## स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन : भारत का दूसरे दिन का परिणाम

### मिश्रित युगल
- आयुष अग्रवाल/श्रुति मिश्रा को पक्कापों तीररतसकुल/फटाइमस मुएंवोंग (थाईलैंड) 21-18, 21-9 से हराया
- आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुतेश झू यी जून/झांग ची (चीन) से 21-10, 21-9 से हार गए
- सतीश करुणाकरन/आध्या वरियाट पीट कोसिला ममरी/तनीना मम्मेरी (अलक) 21-15, 22-20।

### पुरुष एकल
- आयुष शेट्टी केंटा निशिमोतो (JPN) से 21-15, 21-19 से हार गए
- किदांबी श्रीकांत ने एचएस प्रणय को 23-21, 23-21 से हराया
- शंकर सुब्रमण्यन ने मैग्नस जोहानसेन (डेनमार्क) को 21-5, 21-16 से हराया
- किरण जॉर्ज रासमस गेम्के (डेनमार्क) से 21-18, 17-21, 10-21 से हार गए

### महिला एकल
- वारनिंग बरुआ ने आकर्षी कश्यप को 21-18, 17-21, 20-22 से हराया
- आर संतोष रामराज लाइन क्रिस्टोफरसन (डेनमार्क) से 21-11, 21-17 से हार गईं
- मालविका बंसोद मिशेल ली (CAN) से 20-22, 21-14, 21-19 से हार गईं
- पीवी सिंधू जूली जैकबसेन (डेनमार्क) से 21-17, 21-19 से हार गईं

# IPL 2025 के बाद भी संन्यास नहीं लेंगे धोनी ?



नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से 2019 में रिटायरमेंट लेने वाले एमएस धोनी अभी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं। अपनी कप्तानी में टीम को पांच बार चैंपियन बनाने वाले धोनी अब ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में खेलते हैं। पिछले दो-तीन सीजन में हर बार अफवाएं फैली हैं कि धोनी रिटायरमेंट ले सकते हैं लेकिन सीजन खत्म होने पर हर बार धोनी उन खबरों को खारिज ही किया है। धोनी की फिटनेस वैसे अभी भी अच्छी है लेकिन उनके घुटने में समस्या रही है जिसका 2023 में ऑपरेशन भी हुआ था। यही कारण उन्हें आईपीएल से रिटायरमेंट लेने पर मजबूर कर सकता है। इस बीच उनके साथ खेल चुके रॉबिन उथप्पा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि अगर वह अगले चार साल और आईपीएल खेलें तो भी मुझे कोई हैरानी नहीं होगी। एमएस धोनी को घुटने में तकलीफ है और आईपीएल 2023 के बाद तो उन्हें घुटने की सर्जरी भी करानी पड़ी थी। आईपीएल के पिछले दो सीजन में उन्होंने कुल 130 गेंदें खेली हैं और इसमें वह अच्छे नजर आए थे। इस बार भी धोनी के संन्यास को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। क्या धोनी आईपीएल 2025 के बाद भी खेलना जारी रखेंगे? सीएसके और टीम इंडिया में उनके साथ खेल चुके रॉबिन उथप्पा का मानना है कि कोई भी धोनी के दिमाग को नहीं पढ़ सकता।

### एमएस अगले चार साल तक खेले तो भी हैरानी नहीं : उथप्पा

रॉबिन उथप्पा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, "अगर आपके पास वो हुनर है और अगर आपके पास आगे बढ़ने का जुनून है तो मुझे नहीं लगता कि कोई किसी चीज आपको रोक सकती है। अगर वह (एमएस धोनी) आईपीएल 2025 सीजन के अंत में संन्यास ले लेते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगा। लेकिन अगर धोनी अगले चार आईपीएल सीजन और खेलते हैं तो भी मुझे कोई हैरानी नहीं होगी।"

### आईपीएल करियर

पहले सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे एमएस धोनी दो साल पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले थे, इस दौरान सीएसके पर बैन लगा हुआ था। फिर धोनी सीएसके में लौट आए थे। धोनी ने अपनी कप्तानी में चेन्नई को पांच खिताब जिताए हैं। धोनी के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 264 मैचों में 5243 रन बनाए हैं। आईपीएल में उन्होंने 24 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं, उनका आईपीएल में सर्वाधिक स्कोर 84 रन का है।

# विजेता भारतीय टीम पर पैसों की बारिश



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जीत के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए 58 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि इनामी राशि खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच कैसे बांटी जाएगी। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश पर छह विकेट की ठोस जीत के साथ की, फिर पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट की शानदार जीत हासिल की। उन्होंने ग्रुप स्टेज के अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराने न्यूजीलैंड से फाइनल में चार विकेट से जीत दर्ज की। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि 15 खिलाड़ियों और मुख्य कोच गौतम गंभीर को तीन-तीन करोड़ रुपए दिए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि का बंटवारा अर्शदीप सिंह, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर तक भी फैला हुआ है, जिन्हें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला।

- बीसीसीआई ने 58 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की

## अब फिर से मैदान पर लौट पाएंगे शाकिब



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे। शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने क्रिकबज से कहा, 'यह खबर सही है (गेंदबाजी टेस्ट में खरा उतरना) और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई।

# भारत ने मालदीव को 3-0 से हराया

## संन्यास से वापसी पर चमके कप्तान सुनील छेत्री



**शिलांग।** भारत ने मालदीव को 3-0 से हरा दिया। शिलांग में खेले गए इस मुकाबले में संन्यास से वापसी कर पहली बार मुकाबला खेलने उतरे कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम को जीत दिलाई। राहुल भेके ने 35वें मिनट में शानदार हेडर के जरिए पहला गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। 66वें मिनट में लिस्टन कोलाको ने एक और शानदार हेडर लगाया, जिससे भारत 2-0 से आगे हो गया। फिर 76वें मिनट में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने बहुप्रतीक्षित गोल किया, वह भी हेडर ही था। इस तरह भारतीय टीम ने यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### छेत्री ने किया करियर का 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल

पिछले साल मई में संन्यास लेने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले 40 वर्षीय छेत्री ने इस दिन को यादगार बना दिया। उन्होंने 77वें मिनट में हेडर से भारत के लिए तीसरा गोल करके अपना 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल दाग दिया। छेत्री 47वें मिनट में भी गोल करने के करीब पहुंचे थे लेकिन मालदीव के गोलकीपर ने उनका प्रयास विफल कर दिया था।

## संजू नहीं, रियान पराग करेंगे राजस्थान रॉयल्स टीम की कप्तानी



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के पहले तीन मैचों के लिए रियान पराग को टीम का कप्तान बनाया है। युवा ऑलराउंडर 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में टीम की कमान संभालेंगे। 26 मार्च को गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और 30 मार्च को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ घरेलू मुकाबले खेलेंगे। रियान विराट कोहली के बाद आईपीएल में सबसे युवा कप्तानों में से एक होंगे। सैमसन विशेषज्ञ बल्लेबाज सह इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में खेलेंगे क्योंकि उन्हें उंगली की सर्जरी के बाद विकेटकीपिंग करने की मंजूरी नहीं मिली है। सैमसन को मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच के दौरान जोफ्रा आर्चर की गेंद पर उंगली में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्हें एक छोटी सी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी करने की मंजूरी मिल गई है, लेकिन बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेडिकल और स्पोर्ट्स साइंस टीमें चाहती हैं कि विकेटकीपिंग शुरू करने से पहले वह अपनी उंगलियों को थोड़ा और आराम दें।

# मनोरंजन

## हिंदी में बनेगी श्रीलंका की मशहूर कॉमेडी 'टेंटिगो'



श्रीलंका की मशहूर फिल्म 'टेंटिगो' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसे अब टू स्टोरी फिल्म्स के बैनर तले हिंदी में बनाया जाएगा। श्रीलंकाई कॉमेडी फिल्म 'टेंटिगो' 2023 में तालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में पहली बार दिखाई गई थी और वहां इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी मिला था। 'टेंटिगो' के हिंदी संस्करण को टू स्टोरी फिल्म्स के साथ क्रॉलिंग एंजल फिल्म्स मिलकर बनाएंगे, जिसमें संजय गुलाटी और नीरज पांडे सह-निर्माता होंगे। मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा भी इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। फिल्म की कहानी को हिंदी में ढालने का काम करन व्यास करेंगे, जो 'स्कैम 1992' और 'स्कूप' जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं। हंसल मेहता ने कहा, "मैं आमतौर पर रीमेक बनाने के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन इस फिल्म ने मुझे वाकई उत्साहित किया है, जिस पल मैंने श्रीलंकाई फिल्म 'टेंटिगो' देखी, मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाया।

## 'सिकंदर' में नजर आएंगी काजल अग्रवाल



ईद के खास मौके पर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज होगी। इस फिल्म में काजल अग्रवाल भी एक अहम किरदार में नजर आएंगी। जानिए, दक्षिण भारतीय फिल्मों का जाना-माना नाम रहीं काजल अग्रवाल ने 'सिकंदर' से पहले किन हिंदी फिल्मों में काम किया है। जल्द ही सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज होगी। इस फिल्म में हीरोइन के तौर पर रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। लेकिन साउथ फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री काजल अग्रवाल का भी 'सिकंदर' में अहम रोल है। काजल ने पहले भी कुछ चुनिंदा बॉलीवुड फिल्में की हैं। काजल अग्रवाल ने अपने करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म 'क्यों हो गया ना' से की थी, इसमें वह ऐश्वर्या राय बच्चन के किरदार की बहन के रोल में दिखीं। यह फिल्म 2004 में रिलीज हुई। समीर कार्णिक निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और विवेक ओबेरॉय जैसे अभिनेता भी थे। लेकिन फिल्म चली नहीं ऐसे में काजल ने दक्षिण भारतीय फिल्मों का रुख किया वह तेलुगू, तमिल फिल्में करनी लगीं, हीरोइन के तौर पर वहां मशहूर हुईं। फिर साल 2011 में काजल अग्रवाल, अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम' में काव्या के किरदार में दिखीं। इस फिल्म को रोहित शेट्टी ने निर्देशित किया। साल 2013 में काजल अग्रवाल अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'स्पेशल 26' में दिखीं। फिल्म को नीरज पांडे ने निर्देशित किया था। अक्षय ने फिल्म में नकली सीबीआई ऑफिसर का रोल किया, वहीं काजल उनकी प्रेमिका के रोल में दिखीं। काजल अग्रवाल ने रणदीप हुड्डा के साथ एक लव स्टोरी फिल्म 'दो लफ्जों की कहानी (2016)' की थी। इस फिल्म में वह एक अंधी लड़की के रोल में दिखीं।

## चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक को मिला 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड

एक्टर कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में फिल्म 'चंदू चैंपियन' में नजर आए थे, जहां उनके मुरलीकांत पेटकर के दमदार किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और उनकी एक्टिंग खूब सराहना हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक को 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड से नवाजा गया है। पेटकर के रोल के जरिए कार्तिक ने महाराष्ट्र के इस अनदेखे हीरो की प्रेरणादायक कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा, जिन्होंने भारत के लिए पहला पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीता था। कार्तिक की इस भूमिका के प्रति समर्पण, ट्रांसफॉर्मेशन और मेहनत ने न सिर्फ पेटकर की मजबूती और जज्बे को शानदार तरीके से पेश किया, बल्कि उनकी शानदार कहानी को एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाया। इस अवॉर्ड के साथ कार्तिक ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया, बल्कि महाराष्ट्र के गौरव को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।



## शनाया कपूर ने साझा की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के सेट से तस्वीर



बॉलीवुड में एंट्री को तैयार एक और स्टारकिड शनाया कपूर, जो अभिनेता संजय कपूर की बेटी हैं और अनिल कपूर की भतीजी हैं। हालांकि, शनाया कपूर का डेब्यू अभी तक बॉलीवुड में हुआ भी नहीं है, लेकिन उनके पास सिर्फ एक नहीं बल्कि कई फिल्में हैं। जिनमें से किसी का टीजर जारी हो चुका है, तो किसी की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जबकि किसी की शूटिंग चल रही है। बॉलीवुड में एंट्री से पहले शनाया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब शनाया ने अपनी फिल्म 'आंखो की गुस्ताखियां' की शूटिंग के दौरान की एक थ्रोबैक फोटो अपने इंस्टाग्राम पर साझा की है। शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' लगातार चर्चा में बनी हुई है। शनाया अक्सर ही फिल्म की थ्रोबैक फोटोज अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम पर साझा करती रहती हैं। अब शनाया ने एक बार फिर फिल्म के सेट से एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में शनाया फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के अपने लीड एक्टर विक्रांत मेसी के साथ एक साइकिल पर बैठी नजर आ रही हैं।

# बिल गेट्स ने मुख्यमंत्री फडणवीस से की मुलाकात

**मुंबई। महाराष्ट्र में शासन के कामकाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग की शुरुआत हो चुकी है। डिजिटल गवर्नेंस और राइट टू सर्विस को एक आदर्श मॉडल बनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट और गेट्स फाउंडेशन सहयोग करेंगे। इसके अलावा, गेट्स फाउंडेशन 'लखपति दीदी' पहल में भी भागीदारी करेगा, जिससे 25 लाख महिलाओं को उद्यमिता के अवसर मिलेंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक, प्रसिद्ध उद्यमी और गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। बिल गेट्स और गेट्स फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सह्याद्री राज्य अतिथिगृह में मुलाकात की।**

## महाराष्ट्र के डिजिटल गवर्नेंस मॉडल को मिला माइक्रोसॉफ्ट का साथ

- 'लखपति दीदी' पहल में करेंगे सहभागिता
- गेट्स फाउंडेशन भी करेगा मदद



### गेट्स की पहली महाराष्ट्र यात्रा

महाराष्ट्र में बिल गेट्स की पहली यात्रा है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में बुनियादी ढांचे, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में कई बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए गेट्स फाउंडेशन से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया।

### किसानों को 24 घंटे बिजली

राज्य सरकार किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने के लिए 2022-23 से सौर ऊर्जा का उपयोग कर रही है। अब तक 30% से बढ़कर 52% बिजली का उत्पादन सौर ऊर्जा से हो रहा है, जिससे किसानों को सस्ती बिजली मिल रही है। किसानों को 24 घंटे बिजली देने के लिए सभी फीडरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है।

### वितीय एवं तकनीकी सहायता

मुख्यमंत्री ने नवी मुंबई में 300 एकड़ में बनने वाली इनोवेशन सिटी की जानकारी भी दी। इस पर बिल गेट्स ने इस परियोजना में वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का आश्वासन दिया। महाराष्ट्र में मलेरिया के मामलों में वृद्धि हो रही है। इसे नियंत्रित करने के लिए गेट्स फाउंडेशन गडचिरोली जिले से शुरुआत करेगा। इसमें तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

### दुग्ध उत्पादन में तकनीक उपयोग को देंगे बढ़ावा

माइक्रोसॉफ्ट CRISPR-Cas9 और दुग्ध उत्पादन में तकनीक उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है। गेट्स फाउंडेशन महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान में भागीदारी करेगा ताकि गरीब परिवारों को सतत आजीविका के अवसर मिल सकें। सरकार ने 25 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा है।

### सतत ऊर्जा समाधान में सहयोग

बिल गेट्स ने कहा कि महाराष्ट्र विभिन्न सरकारी और निजी संगठनों के साथ मिलकर सतत ऊर्जा में निवेश करेगा, जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि महाराष्ट्र के विकास मॉडल को वैश्विक स्तर पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

### फडणवीस को सिएटल आने का निमंत्रण

अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, गेट्स फाउंडेशन इंडिया निदेशक हरी मेनन, फिलिप वेलकॉफ आदि उपस्थित थे। बिल गेट्स ने फडणवीस को सिएटल आने का निमंत्रण दिया।

जैन विश्व भारती संस्थान का स्थापना दिवस समारोह

# विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के लिए प्रेरित किया जाए : राज्यपाल

- उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शिक्षा के जरिए चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किए जाने का आह्वान किया है। राज्यपाल बागडे गुरुवार को लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती संस्थान के 35वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है। प्राचीन ज्ञान के आधुनिकीकरण के साथ हम सभी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करें। उन्होंने आचार्य तुलसी को याद करते हुए उनके अणुव्रत आंदोलन एवं नशा मुक्ति हेतु किए गए प्रयासों से प्रेरणा लेकर नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लेने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान समुद्र समान है, हमें बौद्धिक क्षमता का विकास करना चाहिए और लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान शिक्षा,खेल,शोध एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और संस्थान के शिक्षकों को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व राज्यपाल बागडे ने विश्वविद्यालय के नवीनीकृत कुलपति कार्यालय और सेमिनार हॉल का उद्घाटन किया। साथ ही इस अवसर पर जैन विश्व भारती चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया।



## कंपनी के टॉयलेट में लिखे पाकिस्तान समर्थित नारे, पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के रामनगर शहर में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक ऑटोमोबाइल कंपनी के टॉयलेट की दीवार पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लिखने की घटना सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में शिकायत के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अहमद हुसैन और सादिक नाम के दो युवकों के रूप में की गई है। दरअसल, ये पूरा मामला कर्नाटक के रामनगर में बिड़दी इलाके से सामने आया है। यहां टोयोटा ऑटोमोबाइल की फैक्ट्री में कंपनी के HR ने 15 मार्च को एक नोटिस लगाया था। नोटिस में फैक्ट्री के अंदर शौचालय की दीवार पर पाकिस्तान समर्थक नारे लिखे पाए जाने पर नोटिस में लिखा था कि इस तरह की हरकतों के लिए गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई और यहां तक कि कानूनी परिणाम भी हो सकते हैं।

रक्षा मंत्रालय का बड़ा कदम

## सैनिकों की मेंटल हेल्थ पर सरकार का फोकस



- अश्वनी कुमार चौधरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हान्स) और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएस) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य रक्षा कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। सैनिकों की सेहत केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत होनी चाहिए और इसी दिशा में यह पहल की गई है। इस समझौते के तहत निम्हान्स और एएफएमएस मिलकर मानसिक स्वास्थ्य पर शोध करेंगे और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे। इसका लाभ सेना नौसेना और वायुसेना के जवानों के साथ उनके परिवारों को भी मिलेगा. यह पहल तनाव चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं से निपटने में मदद करेगी। साथ ही डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे सैनिकों की मानसिक परेशानियों को बेहतर तरीके से समझ सकें और उनका इलाज कर सकें।

### मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक

सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरिन ने कहा कि हमारे सैनिकों का मानसिक स्वास्थ्य उनकी शारीरिक सेहत जितना ही महत्वपूर्ण है। निम्हान्स के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जवान सेवा के दौरान आने वाली मानसिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों। वहीं निम्हान्स की निदेशक, डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने भी कहा कि यह साझेदारी एक सम्मानजनक पहल है। जिससे रक्षा बलों को बेहतरीन मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस

# आज प्रदेश को कई सौगातें देंगे मुख्यमंत्री



- जयपुर में वन प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान का शिलान्यास
- प्रदेश को देंगे सीतामाता, केवलादेव एवं नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट


**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर प्रदेश को कई सौगातें देंगे। आरआईसी, जयपुर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री वन प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान का शिलान्यास करेंगे। साथ ही सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज्म फैसिलिटीज एवं केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर एवं नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट प्रदेश की जनता को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन का लोगो का अनावरण भी करेंगे।

### वनमित्रों को बांटेंगे किट

वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वनमित्रों को किट वितरित एवं वन विभाग में कार्यरत महिला कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करेंगे। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्रीसंजय शर्मा एवं जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन ऐजेन्सी (जाइका) के एजि वाकामास्तु का संबोधन भी होगा।

### डिजी-वन-फोरेस्ट स्टेक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वन विभाग के नवाचार डीजी-वन एप का उद्घाटन भी करेंगे। वन विभाग द्वारा विभागीय कार्यो में पारदर्शिता लाने हेतु नवीनतम आईटी तकनीक के उपयोग से विकसित 'डिजी-वन-फोरेस्ट स्टेक' एप विकसित किया गया है।



## विधान सभा अध्यक्ष से मिले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा में गुरुवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, विधायक राजेंद्र पारीक सहित अन्य विधायकगण मौजूद रहें।

# केरल में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

- फर्जी आधार कार्ड से आए थे भारत



**एर्नाकुलम।** केरल के एर्नाकुलम जिले में गुरुवार को पुलिस ने दो और बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया, जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों की पहचान मोनिरुल मुल्ला और अल्ताब अली के रूप में हुई है। दोनों बांग्लादेश के मोहम्मद नगर के निवासी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही अब तक एर्नाकुलम ग्रामीण जिले से कुल 40 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा जा चुका है, जो भारत में अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि ये दोनों 2017 में भारत-बांग्लादेश सीमा पार करके पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। वहां से उन्होंने फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनवा लिए, जिनकी मदद से उन्होंने मोबाइल सिम, किराए पर मकान और अन्य सुविधाएं प्राप्त कीं।

शिवपुरी नाव हादसा

# सात शव बरामद, एक किशोरी लापता

- होली फाग के लिए जा रहे थे सिद्ध बाबा मंदिर



**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के रजावन गांव के 15 लोग मंगलवार शाम करीब 5 बजे नाव से डैम के बीच बने टापू पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। सबसे पहले नाव पर सवार एक महिला को पिछले हिस्से में पानी भरता हुआ दिखाई दिया। इसके कुछ देर बाद नाव में पानी तेजी से भरने लगा और वह डूब गई। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के खनियाधाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले माता टीला डैम में सिद्धबाबा बाबा मंदिर पर गए 7 श्रद्धालु नाव पलटने से लापता हो गए थे। एनडीआरएफ की टीम ने 7 शवों को बरामद कर लिया है। 8 लोगों को पहले ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक, जिले के रजावन गांव के 15 लोग मंगलवार शाम करीब 5 बजे नाव से डैम के बीच बने टापू पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे।

### सीएम यादव ने किया मदद का ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस घटना पर दुख जताया है। वे जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं और घटना की जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिवार वालों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। यह सहायता

भीख मांग गुजारा कर रही थी दादी

# बेहतर भविष्य को 200 रुपए में बेचा पोता



**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के मोरडा ब्लॉक के बलदिया गांव की रहने वाली 65 वर्षीय विधवा मंद सोरेन के पास न घर था, न जमीन, और न ही कोई सरकारी सहायता। उनके पति का निधन पहले ही हो चुका था। उनका बेटा भी कहीं चला गया और बहू की मौत कोरोना काल में हो गई। ऐसे में मंद सोरेन अपने 7 साल के पोते को लेकर रासगोविंदपुर ब्लॉक के रायपाल गांव में अपनी बहन के घर रह रही थीं।

मंद सोरेन भीख मांगकर अपने पोते का पालन-पोषण कर रही थीं, लेकिन बढ़ती उम्र और कमजोरी की वजह से उसकी सही तरीके से देखभाल नहीं कर पा रही थीं। मजबूरी में उन्होंने एक अज्ञात व्यक्ति को 200 रुपए में पोता सौंप दिया, ताकि वह अच्छे से रह सके, उसे भरपेट खाना और अच्छी परवरिश मिल सके।

# जोधपुर में बना राजस्थान का पहला वर्ल्ड क्लास पंचकर्म सेंटर



- विदेशों से इलाज करवाने आएंगे लोग
- 2.80 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित केंद्र

**जोधपुर।** राजस्थान का जोधपुर जिला देश-विदेश में अपने पर्यटन और राजशाही के लिए पहले ही विख्यात है, अब यहां एक और नया आयाम जुडने जा रहा है। देश का सबसे बड़ा और प्रदेश का पहला विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त पंचकर्म सेंटर बनकर तैयार हो चुका है। यह सेंटर 2.80 हेक्टेयर के क्षेत्र में बना है और इसमें करीब 44 करोड़ रुपए का खर्चा आया है।

### 100 से अधिक कुटीरों की संख्या

- इस पंचकर्म सेंटर में ऋषि मुनियों के दौर में कुटीरों में होने वाले उपचार की भांति ही करीब 100 से अधिक कुटीरों का भी निर्माण करवाया गया है। जिन्हें डीलक्स और सुपर डीलक्स के रूप में तैयार करवाया गया है। इसके साथ ही इस केंद्र में मेडिटेशन और योग केंद्र को भी विकसित किया गया है। यह सेंटर जल्द ही जनता को समर्पित किया जाएगा। अब न सिर्फ भारतीय बल्कि विदेशों में भी अब आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता का लाभ इस पंचकर्म केंद्र को सीधे तौर पर मिलेगा।

# गुजरात हाई कोर्ट में आठ नए जजों की नियुक्ति



- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की मुहर

**गांधीनगर।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने गुजरात हाई कोर्ट में आठ न्यायिक अधिकारियों को बतौर जज नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता में कॉलेजियम बैठक में यह फैसला लिया गया, जिसमें न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी बयान में बताया गया कि जिन न्यायिक अधिकारियों को गुजरात हाई कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश हुई है, उनमें लियाकाथुसैन शम्सुद्दीन पीरजादा, रामचन्द्र ठाकुरदास वच्छानी, जयेश लखंशीभाई ओडेद्रा, प्रणव महेशभाई रावल, मूल चंद त्यागी, दीपक मनसुखलाल व्यास, उत्कर्ष ठाकोरभाई देसाई और रोहनकुमार कुन्दनलाल के नाम शामिल हैं।

### पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में तीन स्थायी जज

एक अलग बयान में कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति सुमित गोयल, न्यायमूर्ति सुदीप्ति शर्मा और न्यायमूर्ति कीर्ति सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है।

### छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के तीन जजों का कार्यकाल बढ़ा

इसके अलावा, कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल और न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल को एक और साल के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश बनाए रखने की सिफारिश की है।

# आगरा में झूठी लूट का खुलासा

- कर्मचारी ने अपने साथी के संग रची साजिश

**आगरा।** आगरा में एक लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है, लूट की साजिश व्यापारी के यहां काम करने वाले कर्मचारी ने ही रची थी। व्यापारी के कर्मचारी ने अपने साथी के साथ मिलकर लूट की घटना की साजिश रची और खुद अपने सिर को घायल कर लूट की घटना दर्शाई। कर्मचारी से लूट की घटना से हड़कंप मच गया। लूट की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए साजिश का पर्दाफाश किया है। दरअसल थाना कोतवाली क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाके में व्यापारी के कर्मचारी से 15 लाख रुपए की लूट की घटना की सूचना मिली। व्यापारी के कर्मचारी ने 15 लाख रुपए भरे हुए बेग के लूट जाने की सूचना दी थी। घटना स्थल का निरीक्षण और कर्मचारी के बयानों पर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने कर्मचारी से सख्ती से पूछताछ की तो कर्मचारी ने सच कुबूल कर लिया। व्यापारी ने कर्मचारी को 15 लाख रुपए बैंक में जमा करने को दिए, कर्मचारी पैसे से भरा हुआ बैग लेकर निकला और थोड़ी देर में लूट की सूचना दी।

अवैध संबंधों में चढ़ी एक और बलि

# पति की लाश लेकर बाइक पर घूमती रही जयपुर की जल्लाद पत्नी

**जयपुर। जयपुर में भी एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जयपुर की गोपाली भी मुस्कान की तरह जल्लाद निकली। महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ना सिर्फ पति की हत्या की बल्कि बोरे में भरकर उसे बाइक से सुनसान इलाके में ले गई और लाश को जलाने की कोशिश की। पुलिस ने गोपाली और उसके प्रेमी दीनदयाल को गिरफ्तार कर लिया है। जयपुर साउथ के डीसीपी दिगंत आनंद ने बताया कि मृतक धन्नालाल सैनी सब्जी बेचने का काम करता था। 16 मार्च को मुहाना इलाके में उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने उसकी पत्नी गोपाली देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद गोपाली ने अपने प्रेमी दीनदयाल की मदद से पति धन्नालाल की हत्या करने का अपराध कबूल किया।**



इसके बाद मंगलवार शाम को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरे हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि 42 साल की गोपाली देवी उम्र में उससे 12 साल छोटे दीनदयाल के दुकान पर काम करती थी। गोपाली और दीनदयाल के बीच अवैध संबंध स्थापित हो गए थे। गोपाली के पति धन्नालाल को इसकी भनक लग गई थी।

### प्रेमी के साथ मिलकर की हत्या

- धन्नालाल 15 मार्च को दीनदयाल की दुकान पर गया। यहां दीनदयाल और धन्नालाल के बीच झगड़ा हो गया। गोपाली ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति पर हमला कर दिया। दोनों ने मिलकर धन्नालाल की जान ले ली। हत्या के बाद दोनों ने शव ठिकाने लगाने की कोशिश की।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखे दोनों

- गोपाली और दीनदयाल ने धन्नालाल के शव को एक बोरे में भर दिया। फिर दोनों एक बाइक से ठिकाने लगाने के लिए दिनदहाड़े ही निकल पड़े। एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें गोपाली बाइक पर बीच में बोरे को पकड़े हुए दिख रही है।